वार्षिक रिपोर्ट

2012-2013

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय

17-बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-110016

© राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (200 प्रतियाँ), 2013

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय के लिए कुलसचिव, न्यूपा द्वारा प्रकाशित तथा विबा प्रेस प्रा. लि. सी-66/3, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-2, नई दिल्ली-110020 में न्यूपा के प्रकाशन एकक द्वारा मुद्रित।

विषय सूची

अध्याय

1.	विहंगावलोकन	1
2.	अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम	19
3.	अनुसंधान और मूल्यांकन	37
4.	साहचर्या और सहभागिता	59
5.	न्यूपा में नई पहल	65
6.	पुस्तकालय और सूचना सेवाएं	71
7.	कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं	77
8.	प्रकाशन कार्यक्रम	81
9.	न्यूपा में सहायता अनुदान योजना	87
10.	प्रशासन, वित्त तथा समर्थन सेवाएं	95

अनुलग्नक

I.	संकाय का अकादमिक योगदान	101

परिशिष्ट

I.	न्यूपा परिषद् के सदस्य	159
II.	प्रबंधन बोर्ड के सदस्य	163
III.	वित्त समिति के सदस्य	164
IV.	अकादमिक परिषद के सदस्य	165
V.	अध्ययन बोर्ड के सदस्य	167
VI.	संकाय तथा प्रशासनिक स्टाफ	169
VII.	वार्षिक लेखा	173
	लेखापरीक्षा रिपोर्ट	225

विहंगावलोकन 1

विहंगावलोकन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) देश के शिक्षा संस्थानों के बीच सतत् महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसके कार्यकलापों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्य सम्मिलित हैं ।

इसकी स्थापना आरंभिक रूप से फरवरी 1962 में यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित समझौते के अंतर्गत शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये एशिया क्षेत्रीय केंद्र के रूप में हुई थी। एशिया क्षेत्रीय केंद्र का मुख्य कार्य एशिया के शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये शैक्षिक योजना, प्रशासन तथा विद्यालय पर्यवेक्षण से संबंधित समस्याओं पर अनुसंधान तथा अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तथा सदस्य राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करना था।

1 अप्रैल 1965 से शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये एशिया क्षेत्रीय केंद्र का नाम बदलकर एशिया शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान कर दिया गया । यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच दस वर्ष के समझौते के समाप्त होने के बाद, एशिया संस्थान को भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया और तत्पश्चात दिसंबर 1970 में शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के लिये राष्ट्रीय स्टाफ कालेज की स्थापना की गई। शैक्षिक योजना और प्रशासकों के लिये राष्ट्रीय स्टाफ कालेज का पुनर्गठन किया गया और 31 मई 1979 को इसका विस्तार करते हुये इसको राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) के रूप में पुन: पंजीकृत किया गया।

शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन के क्षेत्र में नीपा द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुये संस्थान को वर्ष 2006 में यू.जी.सी. एक्ट, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत इसे 'मानद विश्वविद्यालय' का दर्जा प्राप्त हुआ जिसके अंतर्गत इसे डिग्री प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई और पुन: नाम परिवर्तन के बाद इसे राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) कहा जाने लगा। इसे आगे 'राष्ट्रीय विश्वविद्यालय' के नाम से संबोधित किया जायेगा। अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तरह यह पूर्णत: भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है।

न्यूपा का मिशन और विज़न

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय का उद्देश्य 'ज्ञान के विकास के माध्यम से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय विश्वविद्यालय शैक्षिक नीति, उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ योजना तथा प्रबंधन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय का उद्देश्य 'ज्ञान के विकास के माध्यम से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय विश्वविद्यालय शैक्षिक नीति, उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ योजना तथा प्रबंधन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य कर रहा है।

4

अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यनीतिक उद्देश्य निम्नांकित हैं :

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी नीतियों, योजना तथा कार्यक्रमों के निर्माण और क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तथा संघ क्षेत्रों के स्तर पर सांस्थानिक क्षमता का सुदृढ़ीकरण तथा स्कूल, समुदाय, जिला, राज्य/संघ प्रदेशों तथा राष्ट्रीय स्तर पर एक त्वरित, सहभागिता और जवाबदेह शैक्षिक अभिशासन तथा प्रबंधन प्रणाली का सांस्थनीकरण
- शैक्षिक सुधारों का अनुसमर्थन करने और शिक्षा क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों की प्रभावी योजना, डिजाइन, कार्यान्वयन और अनुश्रवण को बढ़ावा देने के प्रयोजन से अपेक्षित ज्ञान और कौशलों से सुसज्जित शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में युवा पेशेवरों सहित और शिक्षाविदों सहित विशेषीकृत मानव संसाधनों के समूह का विस्तार करना;
- शैक्षिक क्षेत्र में उभरती तथा वर्तमान चुनौतियों का सामना करने हेतु तथ्य आधारित जवाबदेही एवं प्रभावी कार्यक्रम क्रियान्वयन को बढ़ावा देने हेतु शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन एवं संबंधित विषयों के ज्ञान आधार में वृद्धि;
- शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार तथा बेहतर शैक्षिक नीतियों के क्रियान्वयन हेतु शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार, अनुसंधान परिणामों, नवाचारों तथा सर्वोत्तम व्यवहार समेत सूचना तथा ज्ञान की साझेदारी एवं पहुंच में सुधार।
- अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं को प्रोत्साहन देते हुये शैक्षिक नीति निर्माण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार/तकनीक शिक्षा के सभी चरणों तथा व्यवस्था में, तथा रणनीतिक उपागम शैक्षिक योजना प्रक्रियाओं, अभिशासन तथा प्रबंधन में सुधार हेतु तथा अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं में नेतृत्वकारी भूमिका जो शैक्षिक नीति-निर्माण तथा देश में शैक्षिक योजना तथा प्रशासन व्यवहार का निर्माण करती है।

मुख्य कार्य

अपने मिशन की प्रतिबद्धता में राष्ट्रीय विश्वविद्यालय निम्नांकित कार्यो में संलग्न है:

- शिक्षा के सभी चरणों में शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में नेतृत्वकारी भूमिका प्रदान करना;
- सर्वोत्तम प्रशिक्षित शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के कैडर के गठन हेतु प्री-डाक्टरल,डॉक्टरल तथा पोस्ट डॉक्टरल कार्यक्रमों और व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों सहित अध्यापन के विकसित अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों का विकास तथा आयोजन और साथ में शैक्षिक नीतियों योजना तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, क्रियान्वयन, अनुश्रवण हेतु सतत् सांस्थानिक क्षमता का निर्माण करना;

- शैक्षिक लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अनुसंधान एजेंडा तथा वचनबद्धता को स्वरूप देना, क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिये आवश्यक समर्थन हेतु नये ज्ञान का सृजन तथा तथ्य आधारित नीति निर्माण और बेहतर शैक्षिक योजना और प्रबंधन व्यवहार;
- केंद्रीय तथा राज्य सरकारों को तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थानों को उनकी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन से संबंधित क्षमता निर्माण तथा अनुसंधान आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु तकनीकी समर्थन प्रदान करना और उन्हें शैक्षिक नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, अनुश्रवण तथा मूल्यांकन में सुधार हेतु मदद करना;
- शैक्षिक क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन तथा निर्माण हेतु राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों को परामर्श सेवायें प्रदान करना;
- शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान तथा नवीन ज्ञान के सृजन हेतु सूचना तथा विचारों के समाशोधन गृह के रूप में कार्य, शैक्षिक नीतियों, योजना तथा प्रशासन में विशेष रूप से, विचारों/अनुभवों के आदान-प्रदान तथा नीति-निर्माताओं, शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के बीच नीतिगत चर्चा हेतु विचार मंच प्रदान करना, प्रभावी नीतियों तथा शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन तकनीक/व्यवहार को शिक्षा क्षेत्र संबंधी चुनौतियों को सामना करने हेतु चिन्हित करना तथा शिक्षा क्षेत्र संबंधी विकास लक्ष्यों/उद्देश्यों को प्राप्त करना;
- शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में सुधार हेतु संयुक्त प्रयासों/कार्यक्रमों तथा अनुसंधान अध्ययनों को प्रोत्साहन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के अंतर्गत कार्यक्रमों, निधि एवं एजेंसियों समेत राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों एवं संगठनों के साथ नेटवर्किंग तथा सहयोग;
- शैक्षिक क्षेत्र के विकास में उभरती हुई प्रवृत्तियों का मूल्यांकन तथा विश्लेषण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में उभरती हुई चुनौतियों की पहचान तथा शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उपयुक्त नीति निर्माण तथा कार्यक्रम हस्तक्षेप के निर्माण हेतु सरलीकरण के लिए शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्रगति का मूल्यांकन।

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के उपरोक्त कार्य राज्य तथा संघशासित प्रदेश एवं केंद्रीय स्तर पर सरकारों तथा संस्थानों के साथ निकटतम संपर्क तथा सहयोग द्वारा आयोजित किये जाते हैं। उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन एवं शिक्षा व्यवस्था की योजना तथा प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है। विश्वविद्यालय का एक मुख्य पहलु क्षेत्र के साथ जुड़ाव है। क्षेत्र के साथ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का संबंध द्वि-रूप में है। विश्वविद्यालय अपने ज्ञान आधार में वृद्धि वास्तविकता क्षेत्र में अनुसंधान तथा क्षेत्र कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल, कालेज, राज्य तथा केंद्रीय सरकार के विभिन्न स्तरों पर विभागों के साथ संपर्क द्वारा करता है। राष्ट्रीय संस्थान के रूप में, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय राज्यों/संघशासित प्रदेशों की शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन संबंधी क्षमता

निर्माण को पूर्ण करने हेतु संसाधन व्यवक्तियों को प्रशिक्षण, राज्य सरकारों तथा राज्य संस्थानों के साथ निकटवर्ती संपर्क, उनकी शैक्षिक व्यवस्था का समालोचनात्मक अध्ययन, नीतियां तथा कार्यक्रम एवं उन्हें व्यावसायिक परामर्श तथा तकनीकी समर्थन हेतु प्रयासरत है। विश्वविद्यालय अपने बहुसंख्यक क्षमता निर्माण के कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और अन्तर्दृष्टि क्षेत्र आधारित शैक्षिक कार्यकर्त्ताओं को हस्तान्तरित कर रहा है। इस प्रकार की विश्वविद्यालय की यह दोहरी भूमिका विश्वविद्यालय को उसके अध्यापन तथा अनुसंधान के अकादमिक कार्य में वृहद प्रामाणिकता प्रदान करती है।

अकादमिक ढांचा तथा समर्थन सेवाएं

संस्थान के अकादमिक ढांचे में विभाग, केंद्र, विशेष पीठ हैं जो शिक्षा के विशिष्ट पक्षों को संबोधित करते हैं तथा तकनीकी समर्थन एकक/समूह तथा अकादमिक समर्थन प्रणाली अपने संबंधित विषयगत क्षेत्रों से जुड़ी विकास तथा क्रियान्वयनकारी गविधियों के प्रति उत्तरदायी हैं। विश्वविद्यालय के संकाय में प्रोफेसर, सह-प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर तथा राष्ट्रीय अध्येता सम्मिलित हैं जो शिक्षा नीति, योजना तथा प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं। प्रत्येक विभाग अंतरशास्त्रीय विषयों के आधार पर संयोजित है और ज्ञान, विद्वता तथा अन्य अध्ययन कार्यक्रमों और अनुसंधान क्षेत्रों, सामान्यत: शिक्षा, और विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में विशेष तौर पर संसाधन प्रदान करते हैं। प्रत्येक विभाग के पास अनुसंधान/परियोजना सहायकों तथा अनुसचिवीय स्टाफ के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ के रूप में संकाय सदस्य हैं। अकादमिक विभाग का अध्यक्ष प्रोफेसर होता है। विभाग विभिन्न प्रशिक्षण तथा अनुसंधन कार्यक्रमों के निष्पादन और विकास तथा उनको प्रदान किये गये क्षेत्रों में परामर्श तथा सलाहकारी सेवाएं प्रदान करते हैं।



समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत, विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन आठ अकादमिक विभागों तथा विशेष पीठ द्वारा तथा स्कूल नेतृत्व के लिए राष्ट्रीय केंद्र द्वारा किया गया जिन्हें अकादमिक तथा प्रशासनिक सेवा एककों द्वारा समर्थन प्रदान किया गया।

अकादमिक विभाग

शैक्षिक योजना विभाग : केंद्रीकृत नियोजन से हटकर विकेंद्रीकृत योजनाओं पर बल के साथ, न्यूपा के प्रमुख विभागों में से एक के रूप में यह विभाग, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत योजना के आगतों, प्रक्रियाओं, और उत्पादों के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है। पारंपरिक अर्थों में व्यापक योजना से हटकर आज, आर्थिक उदारीकरण की पृष्ठभूमि में, ध्यान रणनीतिक योजना पर स्थानांतरित हो गया है। हाल के दिनों में, गरीबी कम करने और स्थायी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक साधन के रूप में शिक्षा पर दबाव के साथ न केवल शैक्षिक योजना का दायरा समष्टि स्तर पर रणनीतिक योजना के संस्थानीकरण को कवर करना है बल्कि विकेन्द्रीकरण को बढ़ावा देने और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए स्कूल मैपिंग, सूक्ष्म नियोजन और स्कूल सुधार योजना के रूप में स्थानीय स्तर की योजना तकनीकों का प्रयोग करना भी है। यह विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निकायों को परामर्श उलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षण और प्रशिक्षण, शैक्षिक योजनाकारों के पेशेवर विकास, अनुसंधान और क्षमता विकास कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है। विभाग शैक्षिक विकास में पहल का निदान और मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण डेटा विश्लेषण और संकेतकों के प्रयोग हेतु शिक्षा पदाधिकारियों की क्षमताओं में सुधार करने में लगा हुआ है। विभाग एम.फिल. और पी-एच.डी. के विभिन्न कोर और वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के संचालन, शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में डिप्लोमा सहित राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में योगदान देता है।

शैक्षिक प्रशासन विभाग : राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य विषयगत विभाग के रूप में शैक्षिक प्रशासन विभाग शिक्षा प्रशासन और प्रबंधन के विविध आयामों अनुसंधान,अध्ययन, प्रशिक्षण तथा परामर्शकारी सेवाओं में सक्रिय रूप से संलग्न है। विभाग का एक मुख्य कार्यक्रम शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करते हेतु नागरिक केंद्रित तथा शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन के त्वरित व्यवस्था के माध्यम से अनुकूल वातावरण बनाने पर बल देना है। यह विभाग शोध तथा गहन अध्ययनों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के द्वारा शैक्षिक प्रशासन की बढ़ती आवश्यकयताओं और चुनौतियों के समाधान हेतु प्रयासरत है। विभाग द्वारा अध्ययन के कुछ क्षेत्रों में राष्ट्रीय से संस्थागत स्तर, संघीय तथा बहु-स्तरीय अभिशासन, शिक्षा में समता का प्रबंधन, संगठनात्मक व्यवहार तथा मानव संसाधन प्रबंधन, गुणवत्ता प्रबंधन से जुड़े मुद्दे, सार्वजनिक परीक्षा व्यवस्था का शिक्षा प्रशासन तथा सांस्थानिक स्तर पर योजना तथा प्रबंधन, क्षमता निर्माण कार्यक्रम में स्कूल प्रमुखों के लिए नेतृत्वकारी विकास कार्यक्रम, शिक्षा में समता तथा विविधता प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, संगठनात्मक व्यवहार तथा विकास, अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थानों का प्रबंधन तथा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास शामिल है। विभाग राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के सभी शिक्षण कार्यक्रमों में योगदान देता है जिसके अंतर्गत एम.फिल., पी.एच.डी., डेपा तथा आईडेपा कार्यक्रमों के वैकल्पिक पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न पाठ्यमक्रमों का संचालन सम्मिलित हैं।

शैक्षिक वित्त विभाग : इस विभाग का दोहरा उद्देश्य शिक्षा के सभी स्तरों –राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा विश्वस्तर पर आर्थिक तथा वित्तीय पक्ष पर अनुसंधान करना तथा उसे प्रोत्साहित करना है तथा विकासशील देशों और भारत में शिक्षा क्षेत्र की वित्तीय योजना तथा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों के क्षमता निर्माण का सृजन करना है। विभाग के कार्यक्रम/गतिविधियां– अनुसंधान, अध्यापन, प्रशिक्षण तथा परामर्श हैं जो नीति, योजना तथा विकास, शिक्षा के सार्वजनिक तथा निजी वित्त पोषण, सरकारी तथा निजी संसाधनों की लामबंदी, शिक्षा के सभी स्तरों पर संसाधनों का आवंटन तथा उपयोग, प्राथमिक से उच्च, तथा संसाधन आवश्यकताओं के आकलन से जुड़े मुद्दों के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं। अध्यापन कार्यक्रम से जुड़े सैंद्धान्तिक तथा व्यावहारिक मुद्दों के संबंध में शिक्षा के आर्थिक तथा वित्तीय मुद्दे, हाल ही में विभाग द्वारा किये गये नवीनतम अध्ययन तथा प्रकाशन, शिक्षा का निजी वित्त पोषण, बाह्य वित्तपोषण, निजीकरण, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, वित्त में केंद्र-राज्य संबंध, संसाधन आवश्यकताओं का आकलन, डी.पी.ई.पी. में निवेश पद्धति, सर्व शिक्षा अभियान इत्यादि हैं। विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कुछ विषय है :- विद्यालयी शिक्षा में योजना तथा वित्त प्रबंधन, उच्च शिक्षा में योजना तथा वित्त प्रबंधन, विश्वविद्यालय वित्त की योजना तथा प्रबंधन। इन कार्यक्रमों के लक्ष्य समूह हैं– शिक्षा सचिव/संयुक्त सचिव, निदेशक/संयुक्त शिक्षा निदेशक तथा राज्यों तथा केंद्र में शिक्षा विभागों में शिक्षा के वित्तीय पक्ष से संबंधित योजना एवं वित्त अधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी। विभाग अर्थशास्त्र तथा शिक्षा के वित्तपोषण पर वैकल्पिक पाठ्यक्रम आयोजित करता है तथा विभाग का संकाय एम.फिल. तथा पी.एच.डी. कार्यक्रमों के निर्देशन में भी संलग्न रहा है। भारत सरकार, योजना आयोग, दिल्ली विश्वविद्यालय, इग्नोऊ, यू.जी.सी., राज्य सरकारों तथा अन्य निकायों को भी सलाहकारी सेवाएं यह विभाग प्रदान करता है।

शैक्षिक नीति विभाग : यह विभाग नीतियों से संबंधित विभिन्न मसलों पर जिन दिशाओं की ओर शिक्षा व्यवस्था आगे बढ़ चुकी है, उन्हें ध्यान में रखते हुए शैक्षिक नीति संबंधी अध्ययन करता है। यह शिक्षा के सभी स्तरों पर शिक्षा की पहुंच, समता, गुणवत्ता और प्रासंगिकता के सम्मुख आने वाली मुख्य बाधाओं के बारे में जानकारी बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। इस विभाग के अनुसंधान के प्रमुख शोध केंद्र बिंदु केंद्र प्रायोजित योजनाओं का मूल्यांकन और नीति तथा व्यवहार की समझ संबंधी शोध हैं। यह भारतीय परिप्रेक्ष्य में नीति-निर्माताओं के बीच नीति निर्माण के प्रति मूलभूत समझ विकसित करने का प्रयास भी करता है। यह विभाग नीति निर्माताओं, कार्यकर्त्ताओं और शैक्षिक नीति तथा सार्वजनिक नीति से जुड़े अन्य लाभार्थियों/व्यक्तियों के लिए नीति संबंधी विभिन्न मुद्दों पर परिसंवाद और प्रशिक्षण कार्य आयोजित करने में सहयोग करता है। यह नीति के बहुस्तरीय अभिशासन को बल देता है जिसमें आधारभूत स्तर पर सहभागिता पूर्ण ढांचे पर फोकस किया जाता है। मिसाल के तौर पर शिक्षा की विकेंद्रीकृत योजना और स्कूली शिक्षा में समुदाय की भूमिका इसके शोध अध्ययनों में प्रकट होता है। यह विभाग राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के एम.फिल., पी-एच.डी., डेपा और आईडेपा कार्यक्रमों के कुछ पाठ्यक्रमों सहित अध्यापन संबंधी सभी कार्यक्रमों में योगदान करता है। यह सांस्थानिक निर्माण और क्षमता संवर्द्धन संबंधी कार्यक्रमों में राज्य सरकारों को परामर्शकारी सेवा भी प्रदान करता है।

विद्यालय और अनौपचारिक शिक्षा विभाग : विद्यालय और अनौपचारिक शिक्षा विभाग व्यापक रूप से समेकित ढांचे के अंतर्गत समग्र स्कूल शिक्षा, अनौपचारिक और प्रौढ़ साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष बल देता है। यह विभाग भारत में स्कूली शिक्षा सुधार के लिए नीतियों तथा व्यावहारिक हस्तक्षेपों हेतु अनुभवजन्य आधार प्रदान करने के उद्देश्य से शोध अध्ययन करता है। यह सबके लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा प्राधिकारियों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने हेतु केंद्र, राज्य तथा जिला स्तर के अधिकारियों के क्षमता विकास संबंधी कार्यों में संलग्न है। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और मजबूत और सौहार्दपूर्ण सह संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से यह विभाग राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करता है। इसके अलावा यह योजनाओं तथा नीतियों के प्रतिपादन और कार्यान्वयन, राज्य तथा केंद्र सरकारों को परामर्श और अनुसमर्थन प्रदान करता है। यह विभाग शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम एवं एम.फिल, पी-एच.डी. के कुछ पाठ्यक्रमों के अध्यापन सहित अन्य अध्यापन कार्यक्रमों में योगदान करता है। सबके लिए शिक्षा की गुणवत्ता की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समुचित नीतियों तथा व्यावहारिक हस्तक्षेपों के विकास के उद्देश्य से यह विभाग सरकारी, गैर सरकारी तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से निकट सह-संबंध स्थापित करता है। इस विभाग के अन्य प्रमुख कार्यों में शामिल हैं- पूर्व प्राथमिक और माध्यमिक स्तर तक शिक्षा का अधिकार का विस्तार, शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा की योजना/प्रबंधन एवं गुणवत्ता संबंधी मुद्दे, पोषण और शिक्षा, स्कूली शिक्षा का सार्वभौमीकरण, प्रौढ़ शिक्षा, साक्षरता, नागरिक संघर्ष वाले क्षेत्रों में शिक्षा की व्यवस्था और सुरक्षित स्कूल।

उच्चतर और व्यावसायिक शिक्षा विभाग : विभाग का मुख्य बल उच्च तथा व्यावसायिक शिक्षा की नीति, योजना तथा प्रबंधन पर है। यह उच्च तथा व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता, अभिशासन तथा अंतर्राष्ट्रीयकरण और वित्त पोषण जैसे मुद्दों पर अनुसंधान करता है। विभाग के संकाय सदस्य उच्च शिक्षा के विभिन्न पक्षों जैसे, उच्च शिक्षा में मुसलमानों की भागीदारी, उच्च शिक्षा का वित्तपोषण, कालेजों में स्वयं वित्त पोषित कार्यक्रम, भारत में विदेशी शिक्षा प्रदात्ता, वंचित युवाओं के लिये वैकल्पिक और नवाचारी शिक्षा, कालेजों तथा विश्वविद्यालयों में अध्यापकों की गतिशीलता, भारत के विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्र संबंधी विषयों पर अनुसंधान करता है। दो अनुसंधान अध्ययन-उच्च शिक्षा में वहनता तथा वित्तपोषण और भारत में निजी विश्वविद्यालय जारी हैं। विभाग मा.सं.वि. मंत्राालय, भारत सरकार को अनुसंधान समर्थन तथा सलाहकारी समर्थन प्रदान करता है। विभाग उच्च शिक्षा के लिये पंचवर्षीय योजना की तैयारी में सहयोग करता है तथा कॉलेज प्रचार्यों, अकादमिक स्टाफ़ कालेजों के निदेशकों, विश्वविद्यालयों के डीन और कुलसचिवों, कुलपतियों, विशेषज्ञों के लिये संगोष्ठी तथा सम्मेलनों का आयोजन यू.जी.सी. के सहयोग से करता रहा है। वार्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत यह विभाग विभिन्न श्रेणियों के कॉलेज प्राचार्यों के लिये नियमित प्रशि क्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। विभाग विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच के विभिन्न आयामों तथा अकादमिक सुधार पर संगोष्ठियां आयोजित करने में अकादमिक समर्थन प्रदान करता है। विभाग राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रम- एम.फिल तथा पी.एच.डी. कार्यक्रमों के केंद्रिक तथा वैकल्पिक पाठ्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है और इसके शोधार्थियों का अतिरिक्त शोधनिर्देशन कर रहा है।

शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग : प्रशिक्षण और क्षमता विकास संबंधी गतिविधियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए न्यूपा ने विशेष रूप से शिक्षा में प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग की स्थापना की। इस विभाग की स्थापना से न्यूपा की गतिविधियों से विशेषकर भारत और अन्य विकासशील देशों के शैक्षिक योजनाकारों और प्रशासकों के लाभार्थ प्रशिक्षण और क्षमता विकास संबंधी कार्यक्रमों को प्रोत्साहन मिला। विश्वविद्यालय में अन्य क्षमता विकास कार्यक्रमों के आयोजन के अलावा यह विभाग विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दो दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों – शैक्षिक योजना और प्रशासन में राष्ट्रीय डिप्लोमा (डेपा) और शैक्षणिक योजना और प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) का संयोजन भी करता है।

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग : शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग शोध और क्षमता विकास संबंधित कार्य करता है और भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों की शिक्षा का आंकड़ा आधार और प्रबंधन सूचना प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी परामर्श देता है। यह विभाग भारत में प्रारंभिक शिक्षा की प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम आई एस) और आंकड़ा आधार को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय और यूनीसेफ के सहयोग से जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डाइस) का प्रबंधन करता है। इसके अलावा यह विभाग शैक्षिक सांख्यिकी के मुद्दों और शिक्षा के समकालीन मुद्दों पर सम्मेलन/संगोष्ठियां और शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधियों पर कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और सांख्यिकी तथा प्रबंधन सूचना प्रणाली पर परामर्श प्रदान करता है। विभाग के संकाय सदस्य मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली के निर्माण हेतु गठित विशेषज्ञ समिति में सक्रिय रूप से शामिल हैं। तद्नुसार स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली की दिशा में वर्ष 2012–13 से देशभर में समान आंकड़ा प्रपत्र में पहले कदम के रूप में डाइस और सेमीस का समेकन आंकड़ा गया है। इस विभाग द्वारा आयोजित कुछ कार्यक्रमों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के विषय निम्नलिखित हैं : शैक्षिक योजना में मात्रात्मक तकनीकों का प्रयोग, एजुसेट द्वारा डाइस पर संवेदनशीलता कार्यक्रम, शैक्षिक शोध में डाइस आंकड़ों का उपयोग और स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली आदि। यह विभाग तीसरी दुनिया के देशों के लिए ईएमआईएस पर सुनियोजित पाठ्यक्रम के साथ–साथ डेपा और आईडेपा में शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधि पर पाठ्यक्रम का अध्यापन करता है। विभाग का संकाय ईएमआईएस और स्कूली शिक्षा से संबंधित पक्षों पर भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों को परामर्शकारी सेवाएं प्रदान करता है।

केंद्र

राष्ट्रीय स्कूल नेतृत्व केंद्र (एनसीएसएल): यह केंद्र भरत में स्कूलों में सुधार के लिए नेतृत्व क्षमता निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। यह स्कूल में कार्यात्मक प्रबंधकों का परिवर्तन कर उनमें स्कूल नेतृत्व विकसित करने हेतु सतत कार्यक्रमों का प्रस्ताव करता है। नेतृत्व विकास के लिए महत्वपूर्ण चिंताओं को संबोधित करते हुए केंद्र नेताओं को मदद करने हेतु और स्कूलों में सुधार के लिए सैद्धान्तिक

दृष्टिकोण और स्कूल वास्तविकताओं के बीच अंतर को पूरा करने के लिए आवश्यकता आधारित कार्यक्रमों की पेशकश करता है। यह कार्यक्रम भारत में स्कूलों में विभिन्न संदर्भों और विविधताओं को संबोधित करने के लिए गतिविधि के रूप में अनुभवजन्य अनुसंधान को समर्थन देता है। यह एक निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के भीतर स्कूल व्यावसायकर्त्ताओं तक पहुँचने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से दीर्घकालिक जुड़ाव का प्रयास कर रहा है।

उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए एक विशेष शैक्षणिक संस्था के रूप में सी.पी.आर.एच.ई. का गठन सदियों से देश में उच्च शिक्षा प्रणाली के विकास के विभिन्न पहलुओं पर मजबूत अनुसंधान ज्ञान को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा किया गया है। यह कैसे विकास में योगदान देता है और उनकी ताकत और कमजोरियों के साथ कैसे प्रभावित हो जाता है, इसके निहितार्थों के तहत सुधार के लिए केंद्र प्रयासरत है। इस तरह के अनुसंधान ठोस और प्रभावी नीति बनाने की दिशा में बाधाओं को हटाने के लिये मार्ग प्रशस्त करने की अपेक्षा रखते हैं।

विशेष पीठ

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पीठ : राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की रूपरेखा और दृष्टिकोण शिक्षा के क्षेत्र में महान व्यक्तियों के योगदान की स्मृति में शिक्षा और पीठों के विशिष्ट विषयगत क्षेत्रों के लिए केंद्रों, विभिन्न क्षेत्रों और शिक्षा के क्षेत्रों में शिक्षण और अनुसंधान विभागों को बनाने का है।

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पीठ स्वतंत्र भारत के शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के पहले मंत्री थे जो मौलाना आज़ाद के योगदान को स्मरण करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है।। पीठ का मुख्य अनुसंधान क्षेत्र 1950 के दशक के अंतिम वर्षों के दौरान मौलाना आजाद के योगदान की खोज करते हुए एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के विकास पर अध्ययन है। अध्यक्ष के तत्वाधान में, एक वार्षिक व्याख्यान, मौलाना

आजाद मेमोरियल लेक्चर वर्ष 2010 से प्रारंभ किया गया है। उद्घाटन भाषण ''शिक्षा, आधुनिकीकरण और विकास'' विषय पर प्रख्यात इतिहासकार प्रोफेसर के.एन. पणिक्कर द्वारा 9 नवंबर, 2010 को दिया गया था। दूसरा मौलाना अबुल कलाम आज़ाद व्याख्यान ' महात्मा गांधी और मौलाना अबुल कलाम आज़ाद' विषय पर प्रो. मुशीरुल हसन, पूर्व कुलपति, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया था। तीसरा व्याख्यान ''विकेंद्रीय यूरोपीय उदारवाद और भारत के लोकतांत्रिक संघर्ष' प्रख्यात आर्थिक इतिहासकार प्रोफेसर अमिया बागची द्वारा दिया गया था। पीठ मौलाना आज़ाद के दर्शन और वैश्विक विचारों व अन्य संबंधित मुद्दों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करता है।

तकनीकी अनुसमर्थन एकक

भारत अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (आई.ए.आई.ई.पी.ए) तकनीकी अनुसमर्थन एकक : आई.ए.आई.ई.पी.ए. तकनीकी अनुसमर्थन एकक भारत-अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान की स्थापना और संचालन संबंधी गतिविधियों का समन्वय करता है। अप्रैल 2008 में आयोजित भारत-अफ्रीका मंच सम्मेलन के संकल्पों के कार्यान्वयन हेतु बनाई गई कार्यवाई योजना के ढांचे के अंतर्गत आई ए आई ई पी ए की स्थापना की जा रही है। सहयोग और कार्रवाई योजना के ढांचे के विषयगत क्षेत्रों में एक कार्य सामाजिक विकास और क्षमता निर्माण था। इसके अंतर्गत अफ्रीका में शैक्षिक योजना और प्रशासन से संबंद्ध एजेंसियों तथा संस्थानों को शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु 'भारत-अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान की स्थापना परिकल्पित है। अफ्रीका यूनियन कमीशन ने इस संस्थान की स्थापना के लिए मेजबान देश के रूप में बुरूण्डी गणराज्य को नामित किया है। यह संस्थान बुरूण्डी गणराज्य की राजधानी बुजुम्बुरा में स्थित है।

भारत-अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान एक अखिल अफ्रीकी संस्थान होगा जो अफ्रीकी संघ के सदस्य देशों में शैक्षिक विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए इन देशों के शिक्षाकर्मियों को आवश्यक व्यावसायिक दक्षता में निपुण बनाने के उद्देश्य से शैक्षिक योजना एवं प्रबंधन में उन्नत प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में कार्य करेगा। आई ए आई ई पी ए की स्थापना और आरंभिक तीन वर्षों में उसके संचालन और प्रबंधन का कार्य भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) करेगा।

अकादमिक अनुसमर्थन सेवा एकक

पुस्तकालय और प्रलेखन केन्द्र : राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में एक अतिआधुनिक पुस्तकालय है जिसमें शैक्षिक नीति, शैक्षिक योजना, शैक्षिक प्रशासन और अन्य सहायक विषयों से संबंधित पुस्तकों और अन्य सामग्री का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र अपने पाठकों को विभिन्न सेवाएं जैसे-सीएएस, एसडीआई, संदर्भ सेवाएं वेब ओपैक, प्रसारण और फोटोकापी की सुविधाएं प्रदान

करता है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर संसाधनों की साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डेलनेट का सदस्य भी है। वर्तमान में पुस्तकालय में अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, जैसे-यूएनओ, यूएनडीपी, यूनेस्को, आईएलओ, यूनीसेफ, विश्व बैंक, ओईसीडी आदि द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों की रिपोर्टों के अलावा 55000 से अधिक पुस्तकों/दस्तावेज़ों तथा 6,435 जर्नलों का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय में शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन तथा अन्य सहायक क्षेत्रों से संबंधित 240 जर्नल मंगाए जाते हैं। इसके अलावा पुस्तकालय पाठकों के लिए ऑन लाइन जर्नल डाटाबेस, जैसे-जेएसटीओआर, एलसेवियर और सेज भी मंगाता है। न्यूपा के प्रलेखन केंद्र में अधिकारिक रिपोर्टें, केंद्र तथा राज्य सरकारों के प्रकाशनों, शैक्षिक सर्वेक्षणों, पंचवर्षीय योजनाओं और जनगणना रिपोर्टें आदि सहित लगभग 20,000 दस्तावेज हैं। प्रलेखन केंद्र के पास महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें और शैक्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट हैं जो शैक्षिक शोध और नीति निर्माण के लिए जरूरी हैं।

डिज़ीटल मोड में

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में एक डिजीटल अभिलेखागार बनाया जा रहा है ताकि भारत में शिक्षा के सभी क्षेत्रों, स्तरों और पक्षों पर शोध और संदर्भ के स्रोत के रूप में एक स्थान पर सभी दस्तावेजों की साफ्ट कापी सुलभ कारवाई जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य प्रयोक्ता समुदाय का निर्माण करना है जो कि विश्वविद्यालय के कार्यों का एक विस्तार है। नवीनतम सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी के रूप में उच्च स्तरीय स्वचालित डिजीटल स्कैन का उपयोग डिजाइन, संग्रह और डिजीटल दस्तावेजों की पुन: प्राप्ति के लिए किया जा रहा है। इस डिजीटल अभिलेखागार में प्रयोक्ता सुलभ बहुखोजी विकल्पों के साथ अंतर्निहित उपयोगों सहित साफ्टवेयर उपलब्ध है।



कंप्यूटर केंद्र : कंप्यूटर केंद्र विश्वविद्यालय की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी जरूरतें पूरा करता है। यह केंद्र विश्वविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थियों और स्टाफ सदस्यों को कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधाएं प्रदान करता है। नेटवर्क संसाधन को पहुंचाने के लिए सभी संकाय और स्टाक को नेटवर्क प्वांइट सुलभ किए गए हैं। न्यूपा डोमेन से सभी संकाय और स्टाफ सदस्यों के व्यक्तिगत ई-मेल खाता खोले गए हैं। सभी संकाय सदस्यों को 1 जीबीपीएस की इंटरनेट कनेक्टिविटी दी गई है। सभी स्टाफ सदस्यों को डेस्कटॉप और संकाय सदस्यों को लैपटाप आवंटित किए गए हैं। विश्वविद्यालय में समुचित नेटवर्क सुरक्षा का रखरखाव किया जा रहा है। क्रेंद्र में आधुनिकतम सुविधाएं हैं, जैसे-आईबीएम-ई सिरीज सर्वर जो तीव्र अर्थनेट से जुड़ा है। वर्तमान में निम्नलिखित आधारभूत सुविधाएं हैं-उन्नत कैट-6 केबल, केंद्रीकृत कंप्यूटिंग सुविधा, जिसमें उच्च कार्यनिष्पादन वाले सर्वर्स, क्लाइंट पी सी, इंटरनेट से अपलिंक और अन्य सेवाएं और अति सक्षम बहुकल्पिक यू पी एस के जरिए पर्याप्त रूप में अनवरत पावर आपूर्ति उपलब्ध है।





प्रकाशन एकक : न्यूपा में शिक्षा के शोध और विकास के प्रसार-प्रचार हेतु प्रकाशन कार्यक्रम है। न्यूपा प्रकाशन एकक विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा अन्य संबंधित सामग्री का रिपोर्टों, पुस्तकों, जर्नलों न्यूज़लेटर, अनुसंधान आलेखों, तथा अन्य प्रकाशनों के माध्यम से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान तथा विकास की सूचनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन हैं: जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, 'परिप्रेक्ष्य' हिन्दी जर्नल तथा एंट्रीप न्यूज़लेटर इत्यादि। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का प्रकाशन एकक मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की विशिष्ट आवश्यकताओं को भी पूर्ण करता है।



हिंदी कक्ष : यह कक्ष शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में व्यावसायिक प्रकाशनों के अनुवाद के माध्यम से अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा प्रसार में अकादमिक सहायता प्रदान करता है। यह कक्ष राजभाषा नीति के क्रियान्वयन में भी प्रशासन और संकाय को सहयोग देता है।

मानचित्रण कक्ष : यह कक्ष राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रकाशनों/दस्तावेज़ों के लिये कम्प्यूटरीकृत मानचित्रण तथा अन्य मानचित्रण सेवाएं उपलब्ध कराता है।

अभिशासन और प्रबंधन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 के अंतर्गत घोषित एक मानद विश्वविद्यालय है जो सोसायटी अधिनियम पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत है। इस राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों में शामिल हैं : अध्यक्ष, कुलाधिपति, कुलपति, परिषद, प्रबंधन बोर्ड, अकादमिक परिषद, वित्त समिति और अध्ययन बोर्ड तथा विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड द्वारा घोषित ऐसे अन्य प्राधिकरण। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रधान शैक्षणिक और कार्यकारी अधिकारी हैं।

न्यूपा परिषद : न्यूपा परिषद विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निकाय है जिसका प्रमुख अध्यक्ष होता है। परिषद का मुख्य कार्य कार्यालय ज्ञापन में निर्धारित राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के लक्ष्यों को कार्यान्वित करना है। न्यूपा परिषद राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के सभी मामलों के सामान्य पर्यवेक्षण का उत्तरदायी है। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार न्यूपा परिषद के अध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति इसके उपाध्यक्ष हैं। परिषद के पदेन सदस्य हैं : सचिव, भारत सरकार, उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सचिव, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, और वित्त सलाहकार, मा.सं.वि . मंत्रालय, भारत सरकार। परिषद के अन्य सदस्य हैं- अध्यक्ष द्वारा नामित तीन विख्यात शि क्षाविद्, अध्यक्ष द्वारा नामित राज्य/संघ क्षेत्र प्रतिनिधि (5 प्रभागों में से प्रत्येक प्रभाग से एक-एक प्रतिनिधि) और अध्यक्ष द्वारा नामित न्यूपा संकाय का एक सदस्य। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव परिषद के सचिव हैं। दिनांक 31 मार्च 2013 के अनुसार न्यूपा परिषद के सदस्यों की सूची परिशिष्ट I में प्रस्तुत है।

प्रबंधन बोर्ड : प्रबंधन बोर्ड राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्यकारी निकाय है। राष्ट्रीय विश्वद्यिालय के कुलपति प्रबंध बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होते हैं। अन्य सदस्य हैं : राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्यक्ष द्वारा नामित तीन सदस्य मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार का एक नामिती, वि.अ.आ. के अध्यक्ष का एक नामिती, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय डीन, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के दो संकाय सदस्य (एक प्रोफेसर और एक सह-प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर), कुलसचिव, न्यूपा, प्रबंधन बोर्ड का सचिव होता है। 31 मार्च, 2013 के अनुसार प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की सूची परिशिष्ट II में दी गई है।

वित्त समिति : वित्त समिति की मुख्य भूमिका विश्वविद्यालय की लेखा की जांच करना और व्यय के प्रस्तावों की समीक्षा करना है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की वार्षिक लेखा और वित्तीय आकलनों को वित्त समिति के सम्मुख रखा जाता है और समिति की टिप्पणियों के साथ इसे अनुमोदन के लिए प्रबंधन बोर्ड को प्रस्तुत किया जाता है। वित्त समिति विश्वविद्यालय की आय और संसाधनों के आधार पर वार्षिक आवर्ती और गैर आवर्ती व्यय की सीमाऐं तय करती है। विश्वविद्यालय के कुलपति वित्त समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं; इसके अतिरिक्त न्यूपा परिषद के अध्यक्ष द्वारा नामित दो व्यक्ति, कुलपति द्वारा नामित एक व्यक्ति, वित्तीय सलाहकार, मा.सं.वि. मंत्रालय और वि.अ.आ. का एक प्रतिनिधि होता है। वित्त अधिकारी, वित्त समिति के सचिव का कार्य करता है। 31 मार्च 2013 के अनुसार वित्त समिति के सदस्यों की सूची परिशिष्ट III में दी गई है।

अकादमिक परिषद : न्यूपा अकादमिक परिषद विश्वविद्यालय का शीर्षस्थ अकादमिक निकाय है। अकादमिक परिषद शिक्षा, प्रशिक्षण, शोध और परामर्श के स्तर में सतत सुधार और अंतर-विभागीय सहयोग, परीक्षा और परीक्षण आदि के प्रति उत्तरदायी होता है। इसका पदेन अध्यक्ष कुलपति होता है। अकादमिक परिषद में शामिल हैं: विश्वविद्यालय के संकाय डीन, अकादमिक विभागों के अध्यक्ष, और अध्यक्ष द्वारा मनोनीत तीन शिक्षाशास्त्री जो विश्वविद्यालय की गतिविधियों से जुड़े हुए क्षेत्रों से संबंधित हों और विश्वविद्यालय की सेवा में न हों, कुलपति द्वारा चक्रानुसार नामित एक सहायक प्रोफेसर और तीन सहयोजित सदस्य जो शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य न हों और अकादमिक परिषद द्वारा विषय विशेषज्ञ के आधार पर सहयोजित किए गए हों। न्यूपा का कुलसचिव परिषद का सचिव होता है। 31 मार्च 2013 के अनुसार सदस्यों की सूची IV में दी गई है।

अध्ययन बोर्ड : न्यूपा के कुलपति अध्ययन बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसके सदस्य हैं: संकाय-डीन, विभागाध्यक्ष, कुलपति द्वारा नामित एक सह-प्रोफेसर, और एक सहायक प्रोफेसर और कुलपति द्वारा सहयोजित अधिकतम दो विषय विशेषज्ञ। अध्ययन बोर्ड के सदस्यों की सूची 31 मार्च, 2013 के अनुसार परिशिष्ट V में दी गई है।

कार्यबल और समितियां : कुलपति द्वारा विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए समय-समय पर विशेष कार्यबलों और समितियों का गठन किया जाता है। विभिन्न परियोजनाओं के लिए विशेषज्ञों को शामिल करके परियोजना सलाहकार समितियां गठित की जाती हैं। कुलपति की अध्यक्षता में शोध अध्ययन सलाहकार बोर्ड गठित किया गया है। इसमें अन्य विशेषज्ञों के साथ-साथ सभी विभागाध्यक्ष

इसके सदस्य होते है। कुलसिचव इस समिति के सदस्य सचिव हैं जो सहायता योजना के अंतर्गत शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करती है।

प्रशासन और वित्त

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे में तीन अनुभाग–अकादमिक प्रशासन, कार्मिक प्रशासन, सामान्य प्रशासन और दो कक्ष–प्रशिक्षण कक्ष और समन्वय कक्ष हैं। कुलसचिव के संपूर्ण प्रभार के अंतर्गत सभी अनुभागों के प्रभारी इसके अध्यक्ष होते हैं। वित्त अधिकारी वित्त और लेखा अनुभाग के प्रभारी हैं।

स्टाफ की संख्या (2012–13)

31 मार्च, 2013 के अनुसार विश्वविद्यालय की कुल स्टाफ संख्या 163 थी।

वित्त : इस वर्ष विश्वविद्यालय को कुल 2200.24 लाख रुपये का अनुदान मिला (गैर–योजना मद में 1070.44 लाख रुपये और योजना मद में 1129.80 लाख रु. प्राप्त हुए। वर्ष के आरंभ में विश्वविद्यालय के पास योजना और गैर–योजना, दोनों मदों में 485.62 लाख रुपये शेष थे। वर्ष के दौरान कार्यालय और छात्रावास से 101.87 लाख रुपए की प्राप्ति हुई। योजना और गैर–योजना मदों में इस वर्ष का व्यय 2633.23 लाख रुपये था।

दूसरे संगठनों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों की मद में इस वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के पास 395.79 लाख रुपये थे और 225.99 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्ति हुई। प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों पर वर्ष में कुल 416.40 लाख रुपये खर्च किए गए। (परिशिष्ट–VII)

परिसर और भवन आधारभूत सुविधा

विश्वविद्यालय के पास एक चार-मंजिला कार्यालय, सुसज्जित स्नानघरयुक्त 60 कमरों वाला एक सात मंजिला छात्रावास और एक आवास-क्षेत्र है। इस आवास क्षेत्र में टाइप I के 16, टाइप II से V तक के 8-8 क्वार्टर और एक कुलपति आवास हैं। विश्वविद्यालय ने हाल ही में डी.डी.ए. से बिंदापुर, द्वारका में 25 विस्तार योग्य मकान में एक और कक्ष बनाने का काम पूरा कर लिया है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के पास पर्याप्त भवन और आधारभूत सुविधाओं का अभाव है। हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में एनसीईआरटी ने विश्वविद्यालय को बहुमंजिला अकादमिक खंड के निर्माण के लिए 2100 वर्ग मीटर की अतिरिक्त भूमि आवंटित की है।

अध्यापन और व्यावसायिक विकास 2

कार्यक्रम

एम.फिल. और पी-एच.डी

शैक्षिक प्रशासन के लिए विद्वान तैयार करना

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय एक फीडर संस्थान है जो प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के स्तरों पर शैक्षिक प्रशासन से संबंधित शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन में जरूरत के अनुसार विशेषज्ञता से युक्त मानव संसाधनों का विकास करता है। ऐसे विशेषज्ञ जो अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों/एम.फिल. और पी-एच.डी. उपाधियों के पाठ्यक्रमों या प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा तैयार किये जाते हैं वे व्यापक एवं गतिशील संदर्भों में समुचित योजनाओं और कार्यनीतियों के निर्माण या सांस्थानिक प्रबंधन के सीमित भूमिकाओं से जुड़े मामलों के समाधान हेतु पूर्णत: सक्षम होते हैं।

वस्तुत: विश्वविद्यालय की एम.फिल. और पी-एच.डी. उपाधियाँ विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन पर केंद्रित हैं। इसके द्वारा विश्वविद्यालय युवा शोधकर्त्ताओं को सशक्त और सक्षम बनाता है और शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में उनका करियर तैयार करता है। न्यूपा यह कार्य कर रहा है और इसके माध्यम से यह शैक्षिक नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की डिजाइन, कार्यान्वयन और अनुश्रवण करने हेतु विशेषज्ञ और सक्षम मानव संसाधन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। पूर्व डाक्टोरल और डाक्टोरल कार्यक्रमों का महत्व इसमें अंतर्निहित गतिशील और लचीले उपागम के द्वारा है। यह शिक्षा और सामाजिक विकास के अन्य सहायक क्षेत्रों से जुड़कर नवाचारी बहुशास्त्रीय पाठ्यक्रमों का विस्तार करता है।

एम.फिल और पी-एच.डी. कार्यक्रम विभिन्न पृष्ठभूमि के शोधकर्मियों की शोध क्षमता के निर्माण के लिए डिजाइन किए गए हैं जो शैक्षिक नीति, योजना प्रशासन तथा वित्त के संबंधित क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पूर्व डाक्टोरल और डाक्टोरल कार्यक्रम में शामिल हैं: (i) पूर्णकालिक एम.फिल. कार्यक्रम (ii) पूर्णकालिक पी-एच.डी. कार्यक्रम और (iii) अंशकालिक पी-एच.डी. कार्यक्रम। ये कार्यक्रम वर्ष 2007-08 में आरंभ किए गए थे। एम.फिल और पी-एच.डी. कार्यक्रम विभिन्न पृष्ठभूमि के शोधकर्मियों की शोध क्षमता के निर्माण के लिए डिजाइन किए गए हैं जो शैक्षिक नीति, योजना प्रशासन तथा वित्त के संबंधित क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। एम.फिल और पी-एच.डी. कार्यक्रमों के अंतर्गत पूरे किए गए शोध अध्ययनों से अपेक्षा की जाती है कि ये नीति निर्माण, शिक्षा सुधार कार्यक्रमों तथा क्षमता विकास संबंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ ज्ञान आधार को समृद्ध करने में भारी योगदान करेंगे। एम.फिल. और पी-एच.डी. कार्यक्रमों के अंतर्गत शोध के व्यापक क्षेत्रों में शामिल हैं-शैक्षिक नीति,

शैक्षिक योजना, शैक्षिक प्रशासन, शैक्षिक वित्त, शैक्षिक प्रबंधन, सूचना प्रणाली, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षा में समता और समावेशन, शिक्षा में लैंगिक मुद्दे, अल्पसंख्यक शिक्षा, तुलनात्मक शिक्षा और शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण।

एम.फिल. डिग्री कार्यक्रम की अवधि दो वर्ष है। इस दो वर्षीय एम.फिल. डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष का पाठ्यक्रम कार्य (30 क्रेडिट) है। इसके बाद एक वर्ष लघु शोध प्रबंध (30 क्रेडिट) के लिए है। दो वर्ष के एम.फिल. पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत और निर्धारित आर्हता (वर्तमान में 10 प्वाइंट स्केल पर) 6 एफ जी पी ए या इससे अधिक का ग्रेड पाने वाले शोधार्थी पी-एच.डी. कार्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। पी-एच. डी. कार्यक्रम में दाखिला लेने की तिथि के दो वर्ष बाद ही शोधार्थी अपने शोध प्रबंध जमा करा सकते हैं।

पी-एच.डी. में सीधे दाखिला लेने वाले शोधार्थियों को दाखिला की पुष्टि हेतु एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है। इसके बाद वे दो वर्ष के शोध कार्य के उपरांत ही वे उपाधि हेतु शोध प्रबंध विश्वविद्यालय में जमा कर सकते हैं।

अंशकालिक पी-एच.डी. में सीधे दाखिला लेने वाले शोधार्थियों को पी-एच.डी. में दाखिला की पुष्टि से पहले एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है। अंशकालिक पी-एच.डी. के शोधार्थी दाखिला की पुष्टि के कम से कम चार वर्ष बाद अपना शोध प्रबंध विश्वविद्यालय में जमा कर सकते हैं।

विवरण	*एम.फिल.*	*पी-एच.डी. पूर्णकालिक*	*पी-एच.डी. अंशकालिक*	*योग*
वर्ष 2012-13 में नामांकित विद्यार्थी	13	03	00	16
वर्ष 2012-13 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या	20 (वर्ष 2011-12 में नामांकित 10 विद्यार्थियों सहित)	28 (वर्ष 2007-08 से 2011-12 तक नामांकित विद्यार्थियों सहित)	05 (वर्ष 2007-08 से 2011-12 तक नामांकित विद्यार्थी)	53
वर्ष 2012-13 के दौरान स्नातक विद्यार्थी	08	02	-	10

डिप्लोमा कार्यक्रम

शैक्षिक योजना और प्रशासन में डिप्लोमा (डेपा)

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्ष 1982-83 से शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में विशेष रूप से डिजाइन, डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। आरंभ में यह कार्यक्रम विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों के जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए पूर्व प्रवेश पाठ्यक्रम के रूप में डिजाइन किया गया था। वर्षों से इस कार्यक्रम में सतत रूप से बदलाव किया जाता रहा है ताकि जिला स्तर के शैक्षिक प्रशासकों एवं एससीईआरटी/एसआईई में शैक्षिक योजना एवं प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत संकाय सदस्यों की पेशेवर आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इस कार्यक्रम में सर्व शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान में कार्यरत अधिकारियों और विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों एवं सामाजिक विज्ञान शोध संस्थानों के संकाय सदस्यों को भी प्रवेश दिया जाता है।

डिप्लोमा कार्यक्रम के तीन घटक हैं। इनमें न्यूपा में तीन महीने का सघन पाठ्यचर्या कार्य, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य के शोध निर्देशन में पदास्थापित जिले में तीन माह का परियोजना

डिप्लोमा कार्यक्रम के तीन घटक हैं। इनमें न्यूपा में तीन महीने का सघन पाठ्यचर्या कार्य, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य के शोध निर्देशन में पदास्थापित जिले में तीन माह का परियोजना अध्ययन कार्य और अंत में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत परियोजना रिपोर्टों पर 5 दिवसीय कार्यशाला शामिल हैं।

अध्ययन कार्य और अंत में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत परियोजना रिपोर्टों पर 5 दिवसीय कार्यशाला शामिल हैं। इसकी पाठ्यचर्या में शामिल हैं- शिक्षा और समाज से जुड़े अध्ययन, शैक्षिक योजना और प्रशासन, वित्तीय योजना और प्रबंधन, शोध कार्य, मात्रात्मक तकनीक और संगणक अनुप्रयोग। डिप्लोमा पाठ्यक्रम 24 क्रेडिट का है जिसमें 17 क्रेडिट पाठ्यचर्चा कार्य का है और एक क्रेडिट प्रतिभाग संगोष्ठी आलेख के लिए और 6 क्रेडिट परियोजना कार्य (मौखिक परीक्षा सहित) के लिए निर्धारित है।

वर्ष 2012-13 के दौरान विश्वविद्यालय ने 32वें डिप्लोमा कार्यक्रम के तीसरे घटक का आयोजन 30 अप्रैल से 4 मई 2012 (5 दिन) को किया जिसका पहला घटक 1 सितंबर-30 नवंबर 2012 तक (91 दिन) आयोजित किया गया था। 32वें डिप्लोमा कार्यक्रम के तीसरे घटक को 29 प्रतिभागियों ने पूरा किया। 33वें डिप्लोमा कार्यक्रम में 21 राज्यों/संघ क्षेत्रों से कुल 25 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रथम घटक के अंतर्गत 1 सितंबर से 30 नवंबर 2012 तक (91 दिन) अध्यापन-अधिगम कार्य किया गया और दूसरा घटक 1 दिसंबर 2012 से 28 फरवरी 2013 तक किया गया।

डिप्लोमा कार्यक्रम का संयोजन शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग ने किया। शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में राज्यवार भागीदारी का विवरण तालिका 2.1 में प्रदर्शित है :

तालिका 2.1: 32वें और 33वें राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रमों में राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार भागीदारी

राज्य/संघ क्षेत्र	32वां डेपा	33वां डेपा	योग
अरुणाचल प्रदेश	-	3	3
असम	2	-	2
छत्तीसगढ़	1	-	1
गुजराज	2	-	2
हरियाणा	-	4	4
हिमाचल प्रदेश	1	-	1
जम्मू तथा कश्मीर	1	2	3
केरल	-	1	1
कर्नाटक	1	1	2
मध्य प्रदेश	2	3	5
महाराष्ट्र	1	-	1
मणिपुर	2	3	5
मिजोरम	3	3	6
नागालैण्ड	3	-	3
राजस्थान	1	-	1
सिक्किम	2	-	2
उत्तराखंड	4	2	6
उत्तर प्रदेश	-	1	1
पश्चिम बंगाल	1	2	3
चंडीगढ़	2	-	2
दिल्ली	-	1	1
योग	**29**	**26**	**55**

शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा)

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय 1985 से विकासशील देशों के पेशेवरों के लिए शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में 6 माह का अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम के विद्यार्थी एशिया, अफ्रीका, मध्य एशियाई गण राज्यों, दक्षिणी अमरीका और कैरिबियाई क्षेत्रों के देशों से आते हैं। इस कार्यक्रम के तीन घटक हैं– सघन पाठ्यचर्चा कार्यक्रम; अनुप्रयुक्त कार्य और लघु शोध प्रबंधन। आईडेपा की अवधि छः माह है और यह दो चरणों में पूरा किया जाता है। पहले चरण में तीन माह का सघन पाठ्यचर्या है जो राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, नई

दिल्ली में आयोजित किया जाता है। यह चरण आवासीय है और प्रतिभागियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस चरण के दौरान परिसर में निवास करें। दूसरे चरण में प्रतिभागी को स्वदेश में राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में क्षेत्र आधारित शोध परियोजना अध्ययन करना होता है।

आईडेपा कार्यक्रम की पाठ्यचर्या में केंद्रिक पाठ्यक्रम और वैकल्पिक पाठ्यक्रम, प्रायोगिक अभिविन्यास और अप्रयुक्त कार्य शामिल हैं। पाठ्यचर्या कार्य के विषय हैं : शिक्षा और विकास से संबंधित अध्ययन, विकासशील देशों में शैक्षिक विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्र, शैक्षिक योजना और प्रशासन, परियोजना नियोजन, शिक्षा में व्यष्टि स्तरीय योजना, शिक्षा में, वित्तीय योजना और प्रबंधन, जनशक्ति योजना, शैक्षक योजना में मात्रात्मक तकनीकें, शैक्षिक प्रबंधन, शोध प्रविधि और सांख्यिकी और शैक्षिक प्रबंधन और सूचना प्रणाली। अनुप्रयुक्त कार्य में शामिल हैं : विषयगत संगोष्ठियां डिप्लोमा कार्यक्रम के अभिन्न घटक हैं जो प्रत्येक प्रतिभागी या प्रतिभागियों के समूह को शैक्षिक योजना और प्रशासन से संबंधित विषयों से जुड़े वस्तुगत आंकड़ा और अनुभवों के आधार पर अपने विचार व्यक्त करने और उनका परस्पर आदान-प्रदान करने के अवसर प्रदान करती हैं। संगोष्ठी प्रस्तुतिकरण के एक भाग के रूप में प्रतिभागियों को अपने देश की शिक्षा प्रणाली की विशिष्ट प्रवृत्तियों को प्रस्तुत करने और परस्पर आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को स्वदेश में उनके कार्यों की प्रासंगिकता और जरूरतों के विशिष्ट क्षेत्र में शोध परियोजना की रूपरेखा बनाने में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशलों के बीच संबंध स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में चरण-I के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक शोध निर्देशक नियुक्त किया जाता है जो दूसरे चरण के कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी के परियोजना कार्य का निर्देशन करता है।

कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रतिभागी के स्वदेश में आयोजित होता है। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी को प्रथम चरण के दौरान निर्धारित क्षेत्र कार्य आधारित शोधपरियोजना पर कार्य करना पड़ता है। शोध परियोजना कार्य (तीन माह की अवधि) पूरा करने के बाद प्रतिभागी को अपना लघुशोध प्रबंध विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना पड़ता है। लघु शोध प्रबंध की प्राप्ति और तदुपरांत राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय द्वारा उसके मूल्यांकन के बाद प्रतिभागी को डिप्लोमा की उपाधि प्रदान की जाती है।

वर्ष 2012-13 के दौरान विश्वविद्यालय ने 28वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा का दूसरा चरण पूरा किया जिसका प्रथम चरण 1 फरवरी से 30 अप्रैल 2012 को आयोजित किया गया था। उसमें 24 देशों के 34 प्रतिभागी शामिल हुए। 28वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का दूसरा चरण 1 मई से 31 जुलाई 2012 के दौरान आयोजित किया गया।

शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम के विद्यार्थी एशिया, अफ्रीका, मध्य एशियाई गण राज्यों, दक्षिणी अमरीका और कैरिबियाई क्षेत्रों के देशों से आते हैं। इस कार्यक्रम के तीन घटक हैं- सघन पाठ्यचर्चा कार्यक्रम; अनुप्रयुक्त कार्य और लघु शोध प्रबंध। आईडेपा की अवधि छः माह है और यह दो चरणों में पूरा किया जाता है।

29वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का प्रथम चरण 1 फरवरी 2013 को शुरु हुआ और इसके प्रथम घटक की अध्यापन–अधिगम गतिविधियां 30 अप्रैल 2013 तक पूरी की गईं। 29वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम में 22 देशों से कुल 35 प्रतिभागी शामिल हुए। इसका दूसरा चरण 1 मई से 31 जुलाई 2013 के दौरान प्रतिभागियों के स्वदेश में नियत किया गया जो परियोजना कार्य पर आधारित था।

अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का संयोजन शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग करता है।

तालिका 2.2: 28वें और 29वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रमों में देशवार भागीदारी

देश का नाम	28वां डिप्लोमा	29वां डिप्लोमा	योग
भूटान	3	3	6
बुरूंडी	1	-	1
बोत्सवाना	-	1	1
चिली	-	1	1
कंबोडिया	-	2	2
क्यूबा	1	-	1
जीबौती	-	1	1
इथोपिया	-	2	2
घाना	2	2	4
गिनी	1	1	2
गिनी बिसाऊ	1	-	1
गुयाना	2	-	2
आइवरी कोस्ट	1	-	1
मेडागास्कर	2	2	4
मलावी	-	2	2
मॉरीशस	2	-	2
मंगोलिया	1	-	1
नामीबिया	1	-	1
नेपाल	2	1	3
नाइजीरिया	1	2	3
नाइजर	-	1	1
फिलीपाईन्स	1	2	3
रूस	1	-	1
श्रीलंका	2	1	3
सेनेगल	-	2	2
ताजिकिस्तान	-	1	1
तंजानिया	2	2	4
थाईलैण्ड	1	1	2
यूगांडा	-	2	2
ऊरुग्वे	1	-	1
उज़बेकिस्तान	1	-	1
वियतनाम	2	2	4
यमन	1	-	1
जांबिया	1	1	2
योग	**34**	**35**	**69**

शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रमों की देशवार भागीदारी का विवरण तालिका 2.2 में पृष्ठ 26 पर प्रदर्शित है।

व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

शैक्षिक योजना और प्रशासन में सुधार हेतु सांस्थानिक क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न वर्गों के शिक्षा कर्मियों के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रमुख कार्यकलाप के रूप में सतत जारी है। वर्ष 2012-13 के दौरान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने शिक्षा के विभिन्न विकास क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों और शिक्षा नीति, योजना, प्रशासन के विविध पक्षों से जुड़े 40 अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकें आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के विषय थे : स्कूलों की योजना और प्रबंधन, उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन, माध्यमिक स्तर पर स्कूल प्रावधानों का आकलन, शैक्षिक वित्त की योजना और प्रबंधन, और स्कूल नेतृत्व आदि। इन कार्यक्रमों के प्रतिभागी थे जिला और राज्य स्तर के शिक्षाकर्मी, शिक्षा निदेशक और राज्य स्तर के अन्य अधिकारी, केंद्र, राज्य और जिला स्तर के शैक्षिक संस्थानों के प्रमुख, विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और अन्य प्राधिकारी, कालेज प्राचार्य और कालेजों तथा उच्च शिक्षा के वरिष्ठ प्रशासक, विश्वविद्यालय तथा समाजविज्ञान शोध संस्थानों के नवनियुक्त प्राध्यापक आदि। ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकें आयोजित की गईं :

शैक्षिक योजना विभाग

- नई दिल्ली में 27-31 अगस्त 2012 के दौरान आयोजित कार्यक्रम में 43 प्रतिभागी शामिल हुए और माध्यमिक शिक्षा की योजनाओं के मूल्यांकन के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्राप्त की।
- नई दिल्ली में 24-28 सितंबर 2012 के दौरान जिला स्तर पर माध्यमिक शिक्षा की योजना के प्रतिमान पर आयोजित कार्यक्रम में 40 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।
- गुवाहाटी, असम में 27 नवंबर से 1 दिसंबर 2012 को दौरान उत्तर-पूर्व क्षेत्र के लिए जिला स्तर पर माध्यमिक शिक्षा की योजना पर आयोजित कार्यशाला में 34 प्रतिभागी शामिल हुए।

शैक्षिक प्रशासन विभाग

- श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) में 2-6 जून 2012 के दौरान शैक्षिक प्रशासन के विविध पक्षों पर आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के 31 अधिकारी शामिल हुए।
- के.मा.शि.बो. से सम्बद्ध वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के प्राचार्यों के लिए शैक्षिक प्रशासन के नेतृत्व पर 14वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम, 8-12, अक्तूबर, 2012, न्यूपा, नई दिल्ली, 43 भागीदार।
- 5-8 नवम्बर, 2012 के दौरान नई दिल्ली में 'व्यावसायिक शिक्षा में नीतियां, कार्यक्रम और नवाचार' से संबंधित समग्र मुद्दों पर आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में इकतीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- नई दिल्ली में 19-21 दिसम्बर, 2012 के दौरान 'काम हेतु तैयारी के लिए माध्यमिक शिक्षा और संक्रमण' एक राष्ट्रीय चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 17-21 दिसम्बर 2012 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित 'विश्वविद्यालयों और कालेजों में विशेष प्रकोष्ठ/समान अवसर प्रकोष्ठ की भूमिका और कामकाज को मजबूत बनाने पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 24 प्रतिभागियों को विचारोत्तेजक अंतर्दृष्टि की जानकारी और सूचना के प्रसार के लिए एक उचित मंच प्रदान किया गया।
- 224 जिला शिक्षा अधिकारियों और सहायक शिक्षा अधिकारियों को 6-7 फरवरी 2013 के दौरान तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित एक राज्य स्तरीय सम्मेलन में शैक्षिक योजना एवं प्रशासन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।

शैक्षिक वित्त विभाग

- 7 से 3 सितंबर 2012 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वित्त के प्रबंधन में 42 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।
- 26 सितंबर से 1 अक्टूबर 2012 के दौरान स्कूल वित्त की योजना और प्रबंधन पर गंगटोक, सिक्किम में आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में पूर्वोत्तर राज्यों के पैंत्तीस प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।
- 21 जनवरी से 25 जनवरी, 2013 के दौरान नई दिल्ली में 'शैक्षिक रूप से पिछड़े जिलों में स्कूल शिक्षा की योजना और प्रबंधन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में इक्कीस व्यक्तियों ने भाग लिया।

शैक्षिक नीति विभाग

- 21 अगस्त – 1 सितम्बर, 2012 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित 'शिक्षा में गुणात्मक अनुसंधान के तरीके' पर एक कार्यशाला में तीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 3–7, दिसंबर, 2012 के दौरान नई दिल्ली में 'प्रारंभिक शिक्षा में समता प्राप्त करने में समुदाय आधारित संरचनाओं की भूमिका' पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 7–11 जनवरी, 2013 के दौरान नई दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के विकेंद्रीकृत प्रबंधन पर आयोजित एक अभिविन्यास कार्यक्रम में इकतीस ब्लाक शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया।
- 14 जनवरी, 2013 को नई दिल्ली में 150वीं जयंती के अवसर पर 'स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक विचार' पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें चौंतीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 19–20 फ़रवरी, 2013 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक अनुसंधानकर्त्ता संगोष्ठी में बीस प्रतिभागियों ने भाग लिया और उपयोगी बातचीत की गई।

विद्यालय और अनौपचारिक शिक्षा विभाग

- 14 जून 2012 को नई दिल्ली में एक गोलमेज बैठक के दौरान, 'नागरिक संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा के अधिकार के क्रियान्वयन' के मुद्दे पर 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया और उस पर अर्जित पर्याप्त अंतर्दृष्टि प्रदान की गई।
- 09–13 जुलाई 2012 के दौरान दमन एवं दीव में आयोजित 'प्राथमिक शिक्षा के साथ शैशवकालीन शिक्षा के समावेशन विषय पर आयोजित एक कार्यशाला में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- नई दिल्ली में 15–19 अक्तूबर, 2012 के दौरान प्रारंभिक स्कूलों में बच्चों की भागीदारी में सुधार के तरीकों पर आयोजित प्रासंगिक कार्यशाला, में परिचर्चा की गई जिसमें 27 प्रतिभागी शामिल हुए।
- 'स्कूल शिक्षा में नेतृत्व और प्रबंधन के लिए माड्यूल' पर अपना ध्यान केंद्रित करने के साथ 28–30 जनवरी 2013 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित एक परामर्शी कार्यशाला में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें बहुत ही सार्थक और प्रासंगिक विभिन्न सत्रों में विचार विमर्श किया गया।

उच्चतर और व्यावसायिक शिक्षा विभाग

- 17–21 सितम्बर 2012 के दौरान नई दिल्ली में 'कालेजों में उत्कृष्टता और गुणवत्ता की समझ विषय पर एक कार्यशाला में चौंतीस कालेज प्रिंसिपलों ने भाग लिया।
- 3–7 दिसम्बर 2012 के दौरान नई दिल्ली में 'उच्च शिक्षा संस्थानों में स्वायत्तता' पर आयोजित कार्यशाला में 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया और महत्वपूर्ण तथा समकालीन प्रासंगिकता पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की।
- नैक मान्यता प्राप्त कालेजों के 20 प्राचार्यों ने 10–14 दिसम्बर, 2012 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित एक उपयोगी अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लिया।
- 9–10 जनवरी 2013 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित एशिया क्षेत्रीय कौशल संगोष्ठी में 63 प्रतिभागियों भाग ने लिया।

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग

- स्कूल शिक्षा सांख्यिकी के संग्रह की एकीकृत प्रणाली पर राष्ट्रीय कार्यशाला 27–29 जून, 2012 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित की गई जिसमें 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 2012 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यशाला में 73 ईएमआईएस समन्वयकों ने भाग लिया।

- 'एजुसेट के माध्यम से डाइस डाटा कैप्चर फार्मेट' पर 7 और 14 सितंबर 2012 को आयोजित प्रथम और द्वितीय प्रबोधन कार्यक्रम में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- शिक्षा विभाग, अफगानिस्तान सरकार के 10 अधिकारियों का एक जानकारी यात्रा 17–24 दिसम्बर 2012 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित की गई।
- 04–08 फ़रवरी 2013 के दौरान नई दिल्ली में शिक्षा के अधिकार के संदर्भ में योजना एवं प्राथमिक शिक्षा की निगरानी में संकेतकों का उपयोग' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में 22 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग

- नई दिल्ली में 10–14 दिसम्बर, 2012 और 7–12 जनवरी 2013 के दौरान उच्च शिक्षा के लिए अल्पसंख्यक प्रबंधित संस्थानों पर नई दिल्ली में आयोजित दो प्रबोधन कार्यक्रम में क्रमशः 37 और 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 14–19 जनवरी 2013 के दौरान नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित 'स्कूल विकास योजना पर केंद्रित, शिक्षा के अधिकार' विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में आश्रम स्कूलों के 49 प्रधानाध्यापक शामिल हुए।
- 22–27 फ़रवरी, 2013 के दौरान भुवनेश्वर, ओडिशा में 'अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में कार्यरत आश्रम स्कूलों द्वारा संदर्भ विशिष्ट स्कूल विकास योजना की तैयारी' पर आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय स्कूल नेतृत्व केंद्र

मा.सं.वि. मंत्रालय के तत्वाधान में सर्व शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत न्यूपा में वर्ष 2012 में स्कूल नेतृत्व के लिए राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की गई। केंद्र का विज़न है– प्रभावी रूप से स्कूल का प्रशासन करने और उसे सतत् विकासशील अधिगम संस्थान के रूप में रूपांतरित करने के लिए नई पीढ़ी का नेतृत्व तैयार करना जो अधिगम संस्थानों में सृजनात्मकता और उत्कृष्टता के साथ-साथ समानता और समावेशन को बढ़ावा दे। यह केंद्र देश भर के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक तथा

केंद्र का विज़न है– प्रभावी रूप से स्कूल का प्रशासन करने और उसे सतत् विकासशील अधिगम संस्थान के रूप में रूपांतरित करने के लिए नई पीढ़ी का नेतृत्व तैयार करना जो अधिगम संस्थानों में सृजनात्मकता और उत्कृष्टता के साथ-साथ समानता और समावेशन को बढ़ावा दे।

माध्यमिक स्कूलों के कार्यकलापों की विविधता में नेतृत्व कार्य व्यवहार में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र यह महसूस करता है कि विभिन्न राज्यों के प्रारंभिक तथा माध्यमिक स्कूलों में सुधार के लिए नेतृत्व के बहु वैकल्पिक माडल बनाने की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र ने निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित किए:

- स्कूल नेतृत्व पर परामर्श बैठक, 24 अगस्त, 2012, नई दिल्ली, 18 प्रतिभागी।
- निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के लिए विचारोत्तेजक सत्र, नई दिल्ली, 18 सितंबर 2012, 19 प्रतिभागी।
- सरकारी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालयों तथा जवाहर नवोदय विद्यालयों के प्राचार्यों के लिए विचारोत्तेजक सत्र, नई दिल्ली, 19 सितंबर 2012, 23 प्रतिभागी
- ग्रामीण तथा नगरीय सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के लिए विचारोत्तेजक सत्र, 20 सितंबर 2012, 54 प्रतिभागी।
- भुवनेश्वर में 22-27 फरवरी, 2013 के दौरान आश्रम स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के लिए स्कूल आधारित विकास योजनाओं की तैयारी पर क्षेत्र आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन। इसमें 45 प्रतिभागी शामिल हुए।
- नई दिल्ली में 20-21 फरवरी, 2013 के दौरान स्कूल नेतृत्व पर आयोजित राष्ट्रीय परामर्श में 100 प्रतिभागी शामिल हुए।

एनसीएसएल-न्यूपा और यूकीरी के अंतर्गत एनसीएसएल - नॉट्टिंघम शोध पहल

राष्ट्रीय केंद्र यह मानता है कि शोध एक अंतर्भूत मौलिक गतिविधि है और इसलिए स्कूल नेतृत्व के क्षेत्र में कार्यरत राज्यों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ साहयोगिक शोध करने की योजना बनाई गई। इसके अंतर्गत आरंभिक पहल के रूप में एनसीएसएल-न्यूपा और एनसीटीएल-नाट्टिंघम (नेशनल कॉलेज फार टीचिंग एंड लीडरशिप) यू.के. के बीच साहयोगिक परियोजना-स्कूल प्राचार्यों का नेतृत्व क्षमता विकास' शुरू की गयी। यह परियोजना संयुक्त रूप से दो राज्यों- तमिलनाडु और राजस्थान में कार्यान्वित की गई जिसका विस्तारित चरण मार्च 2012 और फरवरी 2013 में पूरा हुआ। इस परियोजना के अंतर्गत निम्नांकित गतिविधियां संचालित की गईं :

- नई दिल्ली में 23-27 अप्रैल 2012 के दौरान परियोजना- 'भारत में स्कूल प्राधानाचार्यों की नेतृत्व क्षमता का विकास' के समस्त उद्देश्य और लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 22 प्रतिभागी शामिल हुए।
- नई दिल्ली में 16-19 जुलाई 2012 के दौरान संशोधित परियोजना नियोजन के शोध प्रोटोकॉल संरचना विकास पर कार्यशाला का अयोजन किया गया जिसमें 10 प्रतिभागी शामिल हुए।

- चेन्नई, तमिलनाडु और जयपुर, राजस्थान में 3-8 सितंबर, 2012 के दौरान 'स्कूल प्रधानाचार्यों के स्कूल नेतृत्व की मौजूदा समझ, प्राथमिकताएं और विकास की आवश्यकताएं' पर चार कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें 200 प्रतिभागी शामिल हुए।
- एनसीएसएल नाट्टिंघम में 30 सितंबर से 5 अक्तूबर 2012 तक 'भारतीय संदर्भ में स्कूल नेतृत्व के मानकों की संरचना के विकास' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 6 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

वर्ष 2012-13 के दौरान डिप्लोमा कार्यक्रमों के अलावा विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 44 अभिविन्यास / प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकें आदि आयोजित किए जिनमें कुल 2079 प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें 1968 प्रतिभागी (तालिका 2.4) भारतीय थे और शेष 111 प्रतिभागी अन्य दूसरे देशों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के थे।



तालिका 2.3: कार्यक्रमों में देशवार भागीदारी

क्र. सं.	देश	भागीदारों की संख्या
1.	अफगानिस्तान	10
2.	आस्ट्रेलिया	1
3.	बांग्लादेश	3
4.	भूटान	8
5.	बुरुंडी	1
6.	बोत्सवाना	1
7.	चिली	1
8.	कंबोडिया	2
9.	क्यूबा	1
10.	जीबती	1
11.	इथोपिया	3
12.	फ्रांस	1
13.	घाना	6
14.	गिनी	2
15.	गिनी बिसाऊ	1
16.	गुयाना	2
17.	हांग कांग	1
18.	इंडोनेशिया	1
19.	आइवरी कोस्ट	3
20.	मेडागास्कर	4
21.	मलावी	2
22.	मलेशिया	1
23.	मालदीव	1
24.	मारीशस	2
25.	मंगोलिया	1
26.	नामीबिया	1
27.	नेपाल	3
28.	नाइजीरिया	5
29.	नाइजर	2
30.	पाकिस्तान	1
31.	फिलीपीन्स	4
32.	रूस	1
33.	सेनेगल	2
34.	सोनौगल	3
35.	श्रीलंका	3
36.	ताजिकिस्तान	1
37.	तंजानिया	4
38.	थाइलैंड	5
39.	यूगांडा	2
40.	यू एस ए	5
41.	उरुग्वे	1
42.	उजबेकिस्तान	1
43.	वियतनाम	4
44.	यमन	1
45.	जांबिया	2
योग		111

तालिका 2.4: व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों में राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार भागीदारी	
राज्य/संघीय क्षेत्र	*भागीदारों की संख्या*
आंध्र प्रदेश	147
अरुणाचल प्रदेश	26
असम	25
बिहार	29
छत्तीसगढ़	32
गोवा	19
गुजरात	48
हरियाणा	49
हिमाचल प्रदेश	29
जम्मू और कश्मीर	60
झारखण्ड	19
कर्नाटक	58
केरल	263
मध्य प्रदेश	40
महाराष्ट्र	121
मणिपुर	16
मेघालय	11
मिजोरम	35
नागालैण्ड	12
ओडिशा	61
पंजाब	31
राजस्थान	66
सिक्किम	7
तमिलनाडु	97
त्रिपुरा	13
उत्तराखंड	31
उत्तर प्रदेश	72
पश्चिम बंगाल	56
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	7
चंडीगढ़	11
दादरा और नगर हवेली	13
दमन और दीव	43
दिल्ली	406
पुडुचेरी	15
योग	**1,968**


भारत
राज्यवार भागीदारी
2012-2013
जम्मू और कश्मीर
60
हिमाचल प्रदेश
29
चंडीगढ़
31
11
पंजाब
31
उत्तराखण्ड
हरियाणा
49
दिल्ली
406
राजस्थान
66
उत्तर प्रदेश
72
सिक्किम
7
अरुणाचल प्रदेश
26
असम
25
नागालैंड
12
बिहार
29
मेघालय
11
मणिपुर
16
त्रिपुरा
13
मिजोरम
35
मध्य प्रदेश
40
झारखण्ड
19
पश्चिम बंगाल
56
गुजरात
48
छत्तीसगढ़
32
उड़ीसा
61
दमन और दिव
दादर और नागर
हवेली
13
महाराष्ट्र
121
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
आंध्र प्रदेश
147
गोवा
19
कर्नाटक
58
पांडिचेरी
15
तमिलनाडु
97
केरल
263
लक्षद्वीप (भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(भारत)
7
(इंदिरा प्वाइंट)
हिंद महासागर

अनुसंधान और मूल्यांकन 3

अनुसंधान और मूल्यांकन

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, उपक्रम सहायता और शिक्षा क्षेत्र के विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु साक्ष्यों के आधार पर विकल्प और रणनीति तैयार करने के लिए नए ज्ञान सृजन करने के क्रम में शिक्षा नीति, योजना और प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के साथ अंतर – अनुशासनात्मक अनुसंधान और अध्ययन को बढ़ावा देता रहा है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भारत के विभिन्न राज्यों में और अन्य देशों में मौजूदा नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों, शैक्षिक योजना, तकनीकों में तुलनात्मक अध्ययन और प्रशासनिक ढांचे और प्रक्रियाओं का मात्रात्मक और गुणात्मक अनुसंधान, समीक्षा और मूल्यांकन कार्य करता है। शैक्षिक नीतियों, योजना और प्रबंधन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नए ज्ञान का सृजन करने हेतु अनुदैर्ध्य अध्ययन सहित, कार्रवाई अनुसंधान पर बल दिया गया है। एम.फिल. और पी–एच.डी. अध्ययन के अलावा, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा समर्थित अनुसंधान कार्यक्रमों में अन्य एजेंसियों द्वारा प्रयोजित अनुसंधान अध्ययन, अंतरराष्ट्रीय सहयोगात्मक अध्ययन, कार्यक्रम मूल्यांकन अध्ययन और डेटा प्रबंधन अध्ययन, संकाय सदस्यों द्वारा शोध अध्ययन को शामिल किया जाता है। शोध अध्ययन शिक्षा प्रणाली में संभावित उभरने वाले प्राथमिकता के मुद्दों से निपटने हेतु या भारतीय शिक्षा प्रणाली में वास्तविक मुद्दों को निपटाने से संबंधित होते हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान 11 शोध अध्ययन पूर्ण कर लिये गये, जबकि 15 अध्ययन जारी हैं।

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय गुणात्मक एवं मात्रात्मक अनुसंधान, वर्तमान नीतियों तथा कार्यक्रमों का मूल्यांकन एवं समीक्षा, शैक्षिक योजना तकनीकों में तुलनात्मक अध्ययन तथा भारत के विभिन्न राज्यों तथा अन्य देशों में प्रशासनिक संरचनाओं और प्रक्रियाओं पर शोध और मूल्यांकन कार्य करता है।

पूर्ण अनुसंधान अध्ययन

1. शीर्षक: भारत में लघु प्राथमिक विद्यालयों का अध्ययन: चार राज्यों में चयनित जिलों के स्कूल रिपोर्ट कार्ड का विश्लेषण

प्रधान अन्वेषक : *प्रोफेसर एस.एम.आई.ए. ज़ैदी*

प्रसंग

वर्तमान अध्ययन में प्राथमिक विद्यालयों को ही लिया गया है और इनमें से कुछ स्कूलों में I-V या फिर I-IV तक की कक्षाओं के साथ प्राथमिक अनुभाग थे। यह भारत के छोटे और प्राथमिक स्कूलों का अध्ययन है और इस अध्ययन के लिये प्राथमिक स्कूलों के रूप में 2009–10 डीआईएसई आंकड़ों के अनुसार 25 छात्र या उससे कम छात्रों वाले स्कूलों को परिभाषित किया गया है। इस अध्ययन में छोटे से स्कूल को परिभाषित करने के लिए एक कसौटी के रूप में नामांकन लेने का कारण यह था कि स्कूल को दिए जाने वाली बुनियादी और अन्य सुविधाओं जैसे भवन, और नियुक्त किए जाने वाले शिक्षकों की संख्या के बारे में, स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुसार ही आमतौर पर फैसला किया जाता है।

उद्देश्य और अनुसंधान प्रश्न

यह अध्ययन देश के चुनिंदा राज्यों और जिलों में छोटे प्राथमिक स्कूलों की स्थिति का विश्लेषण करता है और इन राज्यों और जिलों में चयनित स्कूलों का गहन से विश्लेषण करता है। विशेष रूप से अध्ययन का मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं : चयनित जिलों में छोटे प्राथमिक स्कूलों की स्थिति की जांच, छोटे प्राथमिक स्कूल होने के कारणों की जांच करने का प्रावधान और भागीदारी से संबंधित कुछ मदों का विश्लेषण करने के लिए डाईस में एकत्र सभी छोटे प्राथमिक स्कूलों के रिपोर्ट कार्ड का अध्ययन। अनुसंधान इन सवालों का समाधान चाहता है, जैसे चयनित जिलों में इतने छोटे प्राथमिक स्कूल क्यों हैं? शिक्षकों के अलावा यहाँ निर्माण, बुनियादी सुविधाएं आदि इन स्कूलों में कितनी उपलब्ध हैं? इन समस्याओं को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से निपटने के लिए इन छोटे स्कूलों के शिक्षकों को क्यों समस्याएं पेश आ रही हैं? उपलब्ध कराए गये सुविधाओं और धन के उपयोग के मामले में इन छोटे स्कूलों का प्रदर्शन कैसा है? इन छोटे प्राथमिक स्कूलों की व्यवहार्य जरूरत है या इन क्षेत्रों में वैकल्पिक स्कूलों को खोलने की आवश्कता है?

कार्यप्रणाली और नमूना

अध्ययन 4 राज्यों में किए गए और इन चार राज्यों में देश के चार भौगोलिक क्षेत्रों में से प्रत्येक से एक का प्रतिनिधित्व था। देश में छोटे स्कूलों का सर्वाधिक प्रतिशत (42.31) के साथ अध्ययन में उत्तरी क्षेत्र से जम्मू एवं कश्मीर को कवर किया गया। पूर्वी क्षेत्र से अध्ययन में 14.45 प्रतिशत छोटे प्राथमिक स्कूलों के साथ असम, को शामिल किया गया। 29.67 प्रतिशत छोटे प्राथमिक स्कूलों के साथ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व महाराष्ट्र करता है, और कर्नाटक को 39.87 प्रतिशत छोटे प्राथमिक स्कूलों के साथ, दक्षिणी क्षेत्र से अध्ययन में शामिल किया गया था। चार चयनित राज्यों में से प्रत्येक से एक जिले का चयन किया है और अध्ययन में शामिल किया गया था। राज्यों से जिलों का चयन (i) अपेक्षाकृत अधिक छोटे प्राथमिक स्कूलों की संख्या और (ii) छोटे प्राथमिक स्कूलों का अनुपात राज्य के औसत की तुलना में अधिक है, के आधार पर किया गया। इस तरह से इस

अध्ययन में जम्मू व कश्मीर राज्य से जम्मू जिला, महाराष्ट्र से रायगढ़ जिला और कर्नाटक राज्य से मांड्या जिला तथा असम के ज़ोरहाट जिले को शामिल किया गया। छोटे स्कूलों के गहन अध्ययन के लिए प्रत्येक चयनित जिले से एक सरल यादृच्छिक नमूना विधि को लागू करते हुये छोटे प्राथमिक स्कूलों का 10 प्रतिशत का एक नमूना लिया गया।

प्रमुख निष्कर्ष

इस अध्ययन में पाया गया कि यह छोटे स्कूल डिजाईन में ही छोटे नहीं थे यानि इन्हें छोटे स्कूलों के रूप में स्थापित नहीं किया गया था, लेकिन इन स्कूलों में समय के साथ नामांकन में गिरावट आई और छोटे हो गए। इन स्कूलों में इस नामांकन में गिरावट के लिए मुख्य कारण हैं, बस्ती की आबादी का शहरों के लिए रोजगार की तलाश में शहरों के लिए पलायन तथा इन स्कूलों से निजी स्कूलों में सरकारी स्कूलों के बच्चों का पलायन, (सभी छोटे प्राथमिक स्कूल सरकारी स्कूलों के रूप में हैं) आसपास के क्षेत्र में निजी स्कूलों का तेजी से विकास हुआ है।

हालांकि, यहां दूसरा उल्लेखित कारण सरकारी स्कूलों में कम क्षमता और प्रदर्शन है जिसके कारण माता पिता मौका मिलने पर निजी स्कूलों में अपने बच्चों को भेजते हैं और सरकारी स्कूल से अपने बच्चों का दाखिला वापस ले लेते हैं, चाहे उन पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भले ही हो। इसका मतलब यह हुआ कि सामान्य रूप से लोगों का लगभग सरकारी स्कूलों से विश्वास उठ चुका है और वे शिक्षा की बेहतर गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए निजी स्कूलों पर अधिक भरोसा करते हैं।

इस अध्ययन के तहत कवर स्कूलों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह स्कूल न तो अच्छी तरह से प्रबंधित थे और न ही इनका प्रदर्शन अच्छा था। क्योंकि बच्चों की काफी कम संख्या के साथ इन स्कूलों के पास सुनहरा मौका था। अपने लाभ के लिए स्कूलों द्वारा फायदा नहीं उठाया जा सका और स्कूलों का अच्छा प्रबंधन या इन स्कूलों का बेहतर प्रदर्शन नहीं दिखाई पड़ रहा है। ये छोटे स्कूल बहुत महंगे हैं और इन स्कूलों में प्रति छात्र लागत अपेक्षाकृत बहुत अधिक है, शायद ये आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं हैं। शैक्षिक योजनाकारों और प्रशासकों के साथ ही राज्यों के नीति निर्माताओं को गंभीरता से छोटे स्कूलों के इस पहलू को देखना होगा और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्राथमिक शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच के लिए आवश्यक है कि उनकी क्षमता और प्रदर्शन में सुधार हो।

2. शीर्षक: पूर्वोत्तर राज्यों में माध्यमिक शिक्षा के लिए पहुँच : सेमिस डेटा से क्या पता चलता है (अनुदान सहायता के बिना)

प्रधान अन्वेषक : *प्रोफेसर एस.एम.आई.ए. जैदी*

प्रसंग

देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र अपेक्षाकृत केंद्र से दूर स्थित है। भौगोलिक दृष्टि से इस क्षेत्र में कई राज्यों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाएँ लगती हैं। आठ राज्यों के इस क्षेत्र में अपनी विशिष्ट सामाजिक – आर्थिक विशेषताएँ हैं और यह क्षेत्र विशाल पहाड़ियों और पहाड़ों से आच्छादित है। यह आम तौर पर महसूस किया गया है कि देश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में इस क्षेत्र में विकास की गति धीमी रही है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं

है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं। दो राज्यों को छोड़ दें अर्थात् अरुणाचल प्रदेश और असम के अलावा अन्य सभी राज्यों की साक्षरता दर देश की साक्षरता दर की तुलना में अपेक्षाकृत काफी अधिक हैं।

उद्देश्य

यह आलेख माध्यमिक शिक्षा पर ध्यान देने के साथ इस क्षेत्र में शिक्षा के विकास पर जोर दे रहा है। यह माध्यमिक शिक्षा तक पहुँच हेतु राज्यवार डेटा विश्लेषण से पूर्वोत्तर क्षेत्र में माध्यमिक शिक्षा का परिदृश्य प्रस्तुत करता है। इस आलेख में इस्तेमाल किए गए सभी डेटा सेमिस 2009-10, से लिये गये हैं और 30 सितंबर, 2009 तक की पूरी रिपोर्ट उपलब्ध है। माध्यमिक शिक्षा प्रबंधन सूचना प्रणाली (सेमिस) से लिया गया है, माध्यमिक शिक्षा के परिदृश्य और व्यक्तिगत रूप से सभी 8 राज्यों में पूरे देश के लिए संबंधित आंकड़ों के साथ तुलना की गई है। इस प्रकार माध्यमिक शिक्षा तक पहुँच पर यह क्षेत्र का अंतर - राज्य चित्र प्रस्तुत करता है। संक्षेप में यह पत्र 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक इस क्षेत्र में माध्यमिक विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिये आर.एम.एस.ए. के तहत किए गए प्रावधानों को प्रस्तुत करता है।

प्रमुख निष्कर्ष

इस पत्र के अनुसार दूर-दराज़ के क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद, सभी राज्यों में माध्यमिक शिक्षा उपलब्ध हैं। माध्यमिक स्कूलों के मामले में उपलब्धता काफी संतोषजनक है। लेकिन माध्यमिक स्कूलों में सुविधाओं का प्रावधान का स्तर संतोषजनक नहीं है। माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध है और छात्र शिक्षक अनुपात काफी कम है फिर भी माध्यमिक स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता सभी राज्यों में एक मुख्य मुद्दा है क्योंकि लगभग सभी राज्यों में प्रशिक्षित अध्यापकों का अनुपात राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में अपेक्षाकृत अधिक माध्यमिक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं जैसे: पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, प्रधानाध्यापक के कमरे, लड़कों और लड़कियों के कॉमन रूम, पेयजल सुविधा, परिसर की दीवार, खेल सामग्री, इनडोर खेल सुविधा आदि की कमी है। बिजली, कंप्यूटर और इंटरनेट जैसी सुविधाएं इस क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों में शायद ही उपलब्ध हैं।

3. शीर्षक: भारत में माध्यमिक शिक्षा पर सांख्यिकी (सेमिस डेटा के आधार पर 2009-10)

प्रधान अन्वेषक : *प्रो. एस.एम.आई.ए. जैदी, डा. के. बिस्वाल और डा. एन.के. मोहंती*

प्रसंग

शिक्षा के क्षेत्र में साक्ष्य आधारित प्रबंधन के तरीकों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा पर एक व्यापक और डेटाबेस समय श्रृंखला की उपलब्धता सुनिश्चित करानी होगी। तदनुसार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, स्कूल और उच्च शिक्षा में डाटाबेस बनाने के लिए कई कदम उठा रही है। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की पहल को लागू करने में शिक्षा की योजना और प्रबंधन के लिए डेटाबेस बनाने के लिये एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। न्यूपा ने सफलतापूर्वक माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक शिक्षा प्रबंधन सूचना प्रणाली (सेमिस) प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डाईस) के सृजन और संस्थागत रूप में एक नोडल एजेंसी के रूप में काम किया है।

2007-08 में न्यूपा द्वारा कार्यान्वित सेमिस, राज्य और जिला स्तर की माध्यमिक शिक्षा के प्रबंधन के अलावा, अप्रैल, 2009 में शुरु की गई राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) नामक देशव्यापी माध्यमिक शिक्षा विकास कार्यक्रम तैयार करने और लागू करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। सेमिस न केवल

आर.एम.एस.ए. के तहत विभिन्न उपायों के नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए प्राथमिक डेटाबेस माना जाता है बल्कि यह निर्णय लेने के लिए सूचनाओं को एक कुंजी के रूप में योजना और प्रबंधन की एक संस्कृति को बढ़ावा देता है।

वर्तमान अंक, स्टैटिस्टिक्स ऑन सैकेण्डरी एजुकेशन इन इंडिया, 2009-10, वर्ष 2008-09 और 2009-10 के लिए एकत्र सेमिस आंकड़ों के आधार पर भारत में माध्यमिक शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए पहला प्रयास (महत्वपूर्ण निष्पादन संकेतकों के संदर्भ में) है।

4. शीर्षक : गुजरात और मध्य प्रदेश में भागीदारी, प्रगति और परिप्रेक्ष्य के संदर्भ में पंचायती राज संस्थाओं के तहत स्कूल शिक्षा का प्रबंधन

प्रधान अन्वेषक: *डा. आर.एस. त्यागी और प्रो. नज़मा अख़्तर*

प्रसंग

पंचायती राज संस्थाओं के तहत स्कूल शिक्षा के प्रबंधन पर वर्तमान अध्ययन भागीदारी, प्रगति और दृष्टिकोण के संबंध में मध्य प्रदेश और गुजरात में आयोजित किया गया। अध्ययन में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन के लिए पंचायती राज संस्थाओं को सौंपे गये शैक्षिक, प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों की सीमाओं को पता करने का प्रयास किया गया है। मध्य प्रदेश एक शैक्षिक रूप से पिछड़ा राज्य है, वहीं गुजरात देश में शैक्षिक रूप से विकसित और एक शैक्षिक रूप से उन्नत राज्य है।

उद्देश्य

अध्ययन के उद्देश्यों में शामिल है: (क) प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन के संबंध में नियमों, विनियमों और सरकार के आदेश और उनके कानूनी प्रावधानों सहित मध्य प्रदेश और गुजरात में पंचायती राज संस्थाओं की निर्दिष्ट भूमिकाओं और कार्यों का अध्ययन करना (ख) यह जानने के लिए कि क्या शिक्षा नीति निर्माण, नियोजन, वित्त, प्रशासन और प्रबंधन की शक्तियों को पूरी तरह से दोनों राज्यों में पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित किया गया है? और (ग) शैक्षिक प्रबंधन, नियोजन, कार्यान्वयन, प्रशासन और बुनियादी स्तर पर पर्यवेक्षण के विकेन्द्रीकरण के संदर्भ में आवश्यक परिवर्तन के लिए सुझाव देना।

क्रियाविधि व उपकरण

अध्ययन की कार्यप्रणाली में जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत और स्कूल स्तर से जानकारी का संग्रह शामिल है। अध्ययन प्राथमिक और माध्यमिक आंकड़ों के आधार पर आयोजित किया गया। आंकड़े एक प्रतिनिधि नमूने के आधार पर एकत्र किए गए थे। आंकड़ा संग्रह के लिए एक अनुसूची को विकसित किया गया था और अध्ययन के लिए नवीनतम उपलब्ध प्राथमिक और माध्यमिक जानकारी एकत्र करने के लिए मई 2009 के महीने में गुजरात और मध्य प्रदेश में अध्ययन को आयोजित किया गया - प्राथमिक आंकड़ा के संग्रह के लिए, 15 साक्षात्कार कार्यक्रम विकसित किए गए। उपकरणों की तैयारी के बाद एक प्रारंभिक विशिष्ट उपकरणों के भीतर मदों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के लिए एक परीक्षण आयोजित किया गया था। उपकरणों का परीक्षण मध्य प्रदेश और गुजरात के रायसेन और मेहसाणा जिले में क्रमश: आयोजित किया गया।

नमूना

मध्य प्रदेश में शैक्षिक संकेतकों के आधार पर तीन प्रतिनिधि जिलों, सागर, देवास और शहडोल प्राथमिक आंकड़ों के संग्रह के लिए चयन किया गया था। तीनों जिलों के चयन के साथ, प्रत्येक जिला विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, विभिन्न संस्कृति और सामाजिक – आर्थिक स्थितियों, शैक्षिक रूप से पिछड़े, मध्यम और उन्नत जिले के रूप में चयन करते समय अध्ययन के लिए लिया गया था। गुजरात से तीन जिलों का एक प्रतिनिधि नमूना अध्ययन करने के लिए चुना गया। वलसाड आदिवासी जिला और प्रारंभिक शिक्षा के विकास (कक्षा एक से आठवीं) के क्षेत्र में तुलनात्मक रूप से कम विकसित है। मध्यम स्तर पर जिला जूनागढ़ तथा शैक्षिक रूप से उन्नत जिला मेहसाणा शामिल है। प्रत्येक दो जिलों में से दो ब्लॉकों, एक ग्रामीण और एक नगरीय का चयन किया गया और प्रत्येक ब्लॉक के तहत दो प्रतिशत प्राथमिक (प्राइमरी स्कूलों की कक्षाएं एक से सातवीं तक हैं) स्कूलों का गुजरात में चयन किया गया था। गुजरात में अधिकांश प्राथमिक स्कूल कक्षा एक से सातवीं तक हैं। मध्य प्रदेश में अधिकांश प्राथमिक स्कूल कक्षा पहली से पांचवीं तक हैं और उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा छठीं से आठवीं तक) मौजूद हैं।

निष्कर्ष

पंचायत राज संस्थाओं के निर्माण ने यह आशा जगाई थी कि विकेन्द्रीकरण शुरू में उच्च आर्थिक क्षमता, बेहतर जवाबदेही, अधिक संसाधन जुटाने, सेवा की कम लागत और स्थानीय वरीयताओं की उच्च संतुष्टि को प्रदान करेगा। हालांकि, इस अध्ययन ने पाया कि प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं को नाममात्र की भूमिका प्रदान की गई है और गुजरात और मध्य प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा के प्रबंधन के मुख्यकार्यों में जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत में शिक्षा विभाग द्वारा कार्य किया गया और इस तरह समुदाय को प्राथमिक शिक्षा की योजना और प्रबंधन में विकल्प और निर्णय लेने के अवसरों को नकार दिया गया। इसलिए, कार्यों का प्रभावी हस्तांतरण संविधान में परिकल्पित रूप में जगह नहीं ले पाया।

गुजरात में जिला पंचायत अपनी जिला शिक्षा समिति (डीईसी) के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा (कक्षा एक से सातवीं तक) का प्रबंधन करते हैं। इस समिति के अध्यक्ष जिला पंचायत के सदस्य थे। जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी समिति के सचिव थे। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, जिला शिक्षा समिति को भर्ती, शिक्षकों की नियुक्ति और स्थानान्तरण, वेतन का प्रबंधन और वितरण और स्कूल इमारतों का प्रबंधन, शैक्षिक बुनियादी सुविधाओं का निर्माण, उसका रखरखाव, सुविधाओं का प्रावधान जैसे शौचालय, पानी, खेल का मैदान आदि और शिक्षकों की शिकायतों की देखरेख, यदि कोई हो, तो उसका निवारण करना है। अध्ययन में पाया गया कि डी.ई.सी. केवल एक कागजों पर हस्ताक्षर करने वाला प्राधिकरण है और यह अधिनियम के अनुसार इसको सौंपी गई शक्तियों का यह प्रशासन नहीं करता। उपरोक्त सभी कार्यों को शिक्षा विभाग द्वारा पूर्ण किया गया। वे बच्चों के प्रवेश और शिक्षकों की पदोन्नति, हस्तांतरण के संबंध में विवादों की देखरेख, स्कूल भवनों का निर्माण जैसे कार्यों में मुख्यत: शामिल थे। यहां तक कि स्कूल भवनों के निर्माण के लिए शक्तियों का दोहरीकरण था। यही शक्ति तालुका पंचायत को सौंपी गई थी, जबकि वहाँ कोई तालुका पंचायत समिति मौजूद नहीं थी। गांव स्तर पर, सर्व शिक्षा अभियान के तहत ग्राम शिक्षा समितियों को गठित किया गया था। जिला शिक्षा समिति की शिक्षा नीतियों के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी। पंचायती राज संस्थाएं सर्व शिक्षा अभियान जैसी प्राथमिक शिक्षा के विकास के कार्यक्रमों की योजना और प्रबंधन में शामिल नहीं थे। गुजरात में जिला पंचायत और तालुका पंचायत सर्व शिक्षा अभियान जैसी प्राथमिक शिक्षा के विकास कार्यक्रमों में शामिल

नहीं थे। वे पूरी तरह से सर्व शिक्षा अभियान की योजना और प्रबंधन के बारे में निर्णय लेने की प्रक्रिया से अलग थे।

मध्य प्रदेश में जिला पंचायत के अध्यक्ष को जिला शिक्षा योजना को स्वीकृत करने का अधिकार था और वह प्राथमिक और उच्च प्राथमिक समेत माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों की निगरानी कर सकता है। शक्तियां जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सौंपी गई हैं। ग्राम शिक्षा समितियों को प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन का अधिकार दिया गया है। हालांकि, मध्यप्रदेश जन शिक्षा अधिनियम, 2002 पीटीए को वी.ई.एस. की सभी शक्तियां देता है। पंचायतों के अध्यक्षों को शक्तियां सौंपी गई हैं लेकिन व्यवहार में वे इन शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। ये शक्तियां सैद्धांतिक हैं, बल्कि व्यावहारिक नहीं। गुजरात और मध्य प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के कामकाज के बीच मुख्य अंतर यह भी था कि गुजरात में पंचायती राज संस्थाएं नीति निर्माण और कार्यान्वयन में शामिल नहीं थे, जबकि जिला और ब्लॉक स्तर पर मध्य प्रदेश में उन्हें प्राथमिक शिक्षा के प्रबंध की प्रमुख जिम्मेदारी के साथ माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा के प्रबंधन की जिम्मेदारी थी। गांव स्तर पर, पीटीए की प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के मामले में प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार दिए गए थे। नियमित पैमाने के तहत काम कर रहे सभी शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों के काम शिक्षा विभाग द्वारा किये जायेंगें तथा व्यक्ति की सेवानिवृत्त के बाद पद समाप्त कर दिया जायेगा, और उनकी जगह पर पंचायती राज संस्था द्वारा अनुबंध के आधार पर नियुक्ति होगी। अनुबंध के आधार पर उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों की भर्ती, चयन और पोस्टिंग की शक्तियां जिला पंचायत को सौंपी गई हैं। निरीक्षण और पर्यवेक्षण, प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए शक्तियां जनपद पंचायत के पास हैं। वर्तमान में इस तरह के अनुबंध शिक्षक और शिक्षा कर्मी पंचायती राज विभाग और नियमित रूप से शिक्षक शिक्षा विभाग के अंतर्गत हैं।

गुजरात के मामले में, जहाँ तक प्रारंभिक शिक्षा का प्रबंधन, पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से हो रहा है, वहां नीतिगत सुधारों को बनाने की आवश्यकता है। 73वें संविधान संशोधन में स्थानीय प्रशासन में लोगों की भागीदारी के माध्यम से सशक्तिकरण की परिकल्पना की गई है और वर्तमान में शिक्षा विभाग को दिये जाने वाले पर्याप्त धन के स्थानांतरण के साथ प्राथमिक शिक्षा का प्रबंधन समेत कुल स्कूल शिक्षा विभाग को सौंपने के लिए कहा गया है। इसलिये पंचायती राज संस्थाओं को प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन के लिए अधिक शक्तियां न्यागत किया जाना चाहिए और यह सुझााव है कि वे सर्व शिक्षा अभियान तथा जिला और तालुका स्तर पर प्राथमिक शिक्षा के अन्य विकास कार्यक्रमों में शामिल हों। प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार जिला शिक्षा समिति के प्राथमिक शिक्षा से जुड़े विकास कार्यक्रमों और सर्व शिक्षा अभियान के लिए वार्षिक कार्य योजना एवं बजट की तैयारी के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं की भागीदारी आबादी स्तर से जिला स्तर तक योजना और कार्यान्वयन तंत्र का अभिन्न अंग होना चाहिए। योजना, पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम तैयार करना, शाब्दिक और गैर शाब्दिक सामग्री तैयार करना, शिक्षकों का प्रशिक्षण, भर्ती, चयन और शिक्षकों के तबादले जैसे कार्य उनकी क्षमता के निर्माण के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह तभी संभव है जब यह शक्तियां सही अर्थों में अन्तरित की जायें और क्षमता निर्माण कार्यक्रम पंचायती राज संस्थाओं के लिए आयोजित किए जायें और जवाबदेही विभिन्न स्तरों पर तय की जायें। ढांचागत सुधारों के वर्तमान चरण के लिए अब तक अपनाई गई नीतियों का आकलन करने के

लिए एक गंभीर आवश्यकता है। एक अन्य आवश्यक कार्य शैक्षिक योजना और प्रबंधन में सभी हितधारकों की भागीदारी देना होगा। इस राज्य में प्राथमिक शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों के प्रबंधन में इन प्रशासनिक संरचना के इंटरफेस को समझना आवश्यक है।

5. शीर्षक: ***डाईस डाटा-2008-09 का पोस्ट गणनासूचक सर्वेक्षण: आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश का केस अध्ययन***

प्रधान अन्वेषक: *श्री ए.एन. रेड्डी, प्रोफेसर अरुण सी. मेहता और डा. सविता कौशल*

प्रसंग

अनुसंधान परियोजना डाईस आंकड़ों की सच्चाई की जांच करने के उद्देश्य से किया गया था। निम्नलिखित अध्ययन के विशिष्ट उद्देश्य हैं: (क) मदानुसार डाईस आंकड़ों की सच्चाई की जांच, (ख) विसंगतियों में पद्धति की पहचान, (ग) डाईस और पीईएस के बीच अंतर का कारण (घ) पीईएस की कार्यप्रणाली में उचित संशोधनों के लिये सुझाव।

अध्ययन में डाईस और एस.ई.एस. से प्राप्त माध्यमिक आंकड़ों का विश्लेषण किया और डाईस आंकड़ों की सच्चाई पता लगाने के लिए क्षेत्रवार कार्य किया। अध्ययन में ऊपर उल्लेखित प्रत्येक राज्य में से दो जिलों का चयन किया और हर जिले में दो ब्लॉक / मंडलों का चयन किया गया। फील्ड कार्य आंध्र प्रदेश में नलगोंडा और कुडप्पा में किए गए, महाराष्ट्र में औरंगाबाद तथा बीड में और हिमाचल प्रदेश में शिमला और धर्मशाला में किये गये। चयनित ब्लॉक / मंडलों में सभी स्कूलों को पूरी तरह से शुमार किया गया। नमूने में हिमाचल प्रदेश से 500 स्कूलों और महाराष्ट्र में 550 से अधिक स्कूलों तथा आंध्र प्रदेश में 200 से अधिक स्कूलों पर को लिया गया।

डी.ई.एस. और डाईस से प्राप्त माध्यमिक डेटा का संस्थाओं, नामांकन और शिक्षकों की संख्या के संबंध में तुलना की गई। राष्ट्रीय स्तर पर इसमें बहुत थोड़ा बदलाव है परन्तु राज्य स्तर पर डाईस और एस.ई.एस. के बीच में भिन्नता सभी चर पर काफी अधिक थी। पी.ई.एस. और डाईस आंकड़ों में आंध्र प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में बहुत छोटा सा बदलाव था लेकिन महाराष्ट्र के मामले में यह बहुत भिन्नता प्रकट करते हैं। हालांकि पी.इ.एस. और डाईस आंकड़ों के बीच बच्चों के नामांकन के मामले में बहुत कम बदलाव पाया जाता है। हालांकि, स्कूल से संबंधित चर के संबंध में छोटी से लेकर बड़ी भिन्नता प्रबंधन, कार्य दिवसों की संख्या, कमरों की संख्या, कमरों की दशा, के संबंध में तथा सी.आर.सी., बी.आर.सी. के शैक्षिक दौरों, बुनियादी सुविधाओं, अकादमिक निरीक्षण, आदि के संबंध में पाई जाती है।

6. शीर्षक: ***एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए मुफ्त और अनिवार्य बुनियादी शिक्षा (लक्ष्य 2) पर सभी के लिए शिक्षा पर (ईएफए) शोध पत्र और दशकांत टिप्पणी (ई.डी.एन.)***

प्रधान अन्वेषक : *डा. के बिस्वाल और डा. मधुमिता बंद्योपाध्याय*

प्रसंग

इडीएन 25-28 जुलाई, 2011 से सियोल, दक्षिण कोरिया में आयोजित राष्ट्रीय ईएफए समन्वयकों की 12वीं क्षेत्रीय बैठक के लिए तैयार किया गया था। दशकांत नोट (इडीएन) एशिया और प्रशांत क्षेत्र में ईएफए लक्ष्य

2 को प्राप्त करने में मुद्दों और शेष चुनौतियों की प्रगति का जायजा लेता है। ई.एफ.ए.-2, 2015 तक विशेष रूप से लड़कियों, कठिन परिस्थितियों में बच्चों और जातीय अल्पसंख्यकों के बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है।

इडीएन मुख्य रूप से 2000 के मध्य दशक मूल्यांकन और सांख्यिकी के लिए यूनेस्को संस्थान (यूआईएस) द्वारा उपलब्ध कराए गए नवीनतम देशवार स्तर के डेटा की जानकारी के आधार पर इस लक्ष्य की दिशा में प्रगति को रिपोर्ट करता है। ई.एफ.ए.-2 लक्ष्य की दिशा में प्रगति पर नज़र रखने के अलावा, ई.डी.एन. विशेष रूप से उप-क्षेत्रीय और देशवार स्तर पर नवीन नीतिगत सुधारों और रणनीतियों के लिये शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को कम करने के उद्देश्य से गुणवत्ता पर जोर देता है। इडीएन एशिया के उप क्षेत्रों और प्रशांत क्षेत्र के लिए विशिष्ट चुनौतियों और मुद्दों की पहचान करता है। नोट ''शिक्षा के क्षेत्र में वंचितों की पहुंच पर ध्यान केंद्रित करने और क्षमता के साथ ईएफए'' पर बल देता है।

ड्राफ्ट नोट http://www.unescobkk.org/education/efa/efacoordinators meeting/12th regional-meeting-of-national-efa-coordinators पर देखा जा सकता है।

7. शीर्षक: वैश्विक अर्थव्यवस्था में रोजगार आवश्यकताओं के लिये भारतीय उच्चतर शिक्षा का संरेखण

प्रधान अन्वेषक : प्रोफेसर मोना खरे

प्रसंग

आर्थिक कल्याण और उत्पादक क्षमता मनुष्य के बौद्धिक और पेशेवर क्षमताओं को इंगित करते हैं, इसे दुनिया भर में महसूस किया जा रहा है। शिक्षा, गरीबों का स्वास्थ्य और पोषण, कम प्रशिक्षण और कौशल विकास के निम्न स्तर विकासशील देशों की विकास प्रक्रिया में प्रमुख बाधाओं में से हैं। तथ्य यह है कि एक अच्छी गुणवत्तायुक्त मानव संसाधन आधार आज के अत्यंत प्रतिस्पर्धी माहौल में अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार, विकासशील देशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती नवीन शिक्षण और एक संवेदनशील और साथ ही गतिशील शिक्षा क्षेत्र के माध्यम से एक अत्यधिक कुशल और प्रशिक्षित कार्यबल तैयार करने के लिए है। अगर ठीक से संभाला नहीं तो 15-59 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों के बढ़ते अनुपात के साथ भारत का जनसांख्यिकीय उभार सबसे बड़ा फायदा या नुकसान हो सकता है। इसलिए सबसे बड़ी चुनौती का दोहन तथाकथित ''जनसांख्यिकीय लाभांश'' में निहित है। श्रम की मांग देश में नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आने वाले वर्षों में उच्च और स्थिर होने की संभावना है, लेकिन यह मांग कुशल और योग्य श्रम के लिए की जाएगी। भारतीय युवाओं का रोजगार हाल के वर्षों में एक प्रमुख चिंता के विषय के रूप में उभरा है। विडंबना यह है कि कौशल की कमी न सिर्फ अनपढ़ और अप्रशिक्षित के पास है लेकिन यह शिक्षितों के मामले में भी मानक स्तर से नीचे है। इस पृष्ठभूमि के साथ यह अध्ययन विकास का विश्लेषण करने और भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की संरचना को बदलने पर जोर देता है। विशेष रूप से उदारीकरण के बाद, एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों के साथ इसकी जवाबदेही की डिग्री का आकलन करता है, भारत की उच्च विकास दर के लिए एक रोजगार सूचकांक विकसित क्षेत्रों में कौशल अंतराल की पहचान करता है और शिक्षा के अकादमिक अंतर को पाटने के लिए एक व्यापक मार्ग का सुझाव भी देता है।

अध्ययन की रिपोर्ट निम्नलिखित बेब साइट पर देख सकते है:

http://www-acu-ac-uk/conferences/mauritius_2012 khare_higher_education_needs

8. शीर्षक: दक्षिण एशिया में रोजगार के लिए कौशल

प्रधान अन्वेषक : *डा. आरती श्रीवास्तव और प्रोफेसर मोना खरे*

प्रसंग

दक्षिण एशिया में रोजगार के लिए कौशल को अनिवार्य रूप से स्कूल छोड़ने पर कौशल की आवश्यकता नियोक्ताओं के दृष्टिकोण पर केंद्रित है। दक्षिण एशियाई देशों में व्यवसाय, अवशोषण और आवास के बुनियादी सिद्धांतों पर विभिन्न लोग रहते हैं। अध्ययन स्कूल छोड़ने वाले (18 वर्ष के बच्चों) के बीच कौशल की वर्तमान स्थिति का पता लगाने का प्रयास करता है और कौशल अंतराल आकलन भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे दक्षिण एशियाई देशों में कौशल सेट के लिए उभरती मांग की पहचान पर केन्द्रित है। अध्ययन शिक्षा और श्रम बाजार के बीच की खाई को फोकस समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से एक साथ हितधारकों को लाकर दूर करने का प्रयास करता है ताकि उद्योग कौशल की आवश्यकताओं के लिए सक्षम मदद मिल सके। उत्तरदाता बहुराष्ट्रीय कंपनियों, लघु उद्योगों, स्थानीय उद्यमों, मीडिया और गैर सरकारी संगठनों के साथ महिला उद्यमियों, रेलवे, एलआईसी, रक्षा आदि जैसे सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों का एक मिश्रित समूह था।

9. शीर्षक: दक्षिण एशिया में माध्यमिक शिक्षा के लिए अभिनव मॉडल

प्रधान जांचकर्ता : *डा. एन.के. मोहंती और प्रोफेसर एस.एम.आई.ए. जैदी*

प्रसंग

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, माध्यमिक शिक्षा वैश्विक श्रम बाजार की आवश्यकताओं और उच्च शिक्षा पर जोर देने के कारण महत्वपूर्ण हो गयी है। एक उचित रूपांकित माध्यमिक शिक्षा के साथ एक कार्यबल देश के आर्थिक विकास के अभिन्न अंग के रूप में माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के युग के आगमन के साथ दक्षिण एशिया में माध्यमिक शिक्षा को उजागर करने वाली ताकतें अधिक और अधिक स्पष्ट होती जा रही हैं। नवाचार और प्रौद्योगिकीय परिवर्तन हेतु श्रम शक्ति को उन्नत कौशल से लैस किया जाना चाहिए। श्रम बाजार की आवश्यकताओं से स्वतंत्र, एक अच्छी माध्यमिक शिक्षा एक तेजी से बदलते समाज में रहने के लिये और कौशल के साथ वयस्कों को भविष्य की सुरक्षा प्रदान करता है। विशेष रूप से, यह व्यक्तियों को जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य खतरों और तकनीकी नवाचारों के प्रति सक्रिय नागरिक होने का अधिकार देता है, जो दुनिया में तेजी से बदल रहे हैं। अंत में, माध्यमिक शिक्षा युवाओं को तैयार करता है उच्च शिक्षा में प्रवेश करने वाले, और हमारे भविष्य के नेता, प्रबंधक और पेशेवर बनने जा रहे लोगों के लिए हैं।

'माध्यमिक शिक्षा के लिए अभिनव मॉडल' पर आलेख को दो भागों में बांटा गया है:

भाग 1 का उपयोग, समता, गुणवत्ता और वित्तपोषण के संबंध में दक्षिण एशिया में विशेष रूप से भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में माध्यमिक शिक्षा की स्थिति का अवलोकन प्रदान करता है। पिछले दो दशकों के दौरान दक्षिण एशिया में भागीदारी और परिणामों सहित माध्यमिक स्कूली शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने में हुई प्रगति पर विचार करते हुए इस खंड में माध्यमिक शिक्षा में क्षेत्रीय, लैंगिक और सामाजिक असमानताओं पर प्रकाश डाला गया है। भाग 2 में भारत में औपचारिक और अनौपचारिक माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में लागू अभिनव मॉडल की एक पूर्ण जांच के साथ दक्षिण एशियाई देशों में वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा पर विभिन्न

अभिनव मॉडल की एक महत्वपूर्ण समीक्षा प्रदान करता है। इस अनुभाग में इस तरह के मॉडल को लागू करने की लागत तुलना के संदर्भ में माध्यमिक स्नातकों में कौशल वितरण या प्रभावशीलता पर ध्यान केंद्रित करते हुये माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में नए मॉडल के बारे में गहराई से विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

प्रमुख निष्कर्ष

माध्यमिक शिक्षा के लिए मांग दक्षिण एशिया के सभी देशों में 1990 के बाद से काफी बढ़ रही है। दक्षिण एशिया में, माध्यमिक स्तर पर कुल नामांकन 1970 में 26 लाख से बढ़कर 2009 में 136 मिलियन हो गया है। माध्यमिक स्तर पर नामांकन 1999 और 2009 के बीच क्रमश: मालदीव और नेपाल में 9.2 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। 1999 और 2009 के बीच बांग्लादेश (0.13%), पाकिस्तान (3.86%) और भारत (4.26%) के साथ माध्यमिक नामांकन में सबसे कम वृद्धि दर दर्ज की गई। वर्ष 1999 और 2009 के बीच कुल नामांकन के लिए नामांकित लड़कियों की हिस्सेदारी मालदीव को छोड़कर जहाँ यह 50% पर स्थिर रही, दक्षिण एशिया में शेष सभी देशों में माध्यमिक स्तर पर इसमें सुधार हुआ। माध्यमिक शिक्षा के अवसरों के विस्तार से असमानताएं कम हुई हैं और अनेक देशों में लैंगिक समता प्राप्त हुई हैं। दक्षिण एशिया में सात में से पाँच देशों ने लैंगिक समानता हासिल की है। स्थिति पाकिस्तान में विशेष रूप से गंभीर है। भारत इस सूचक पर अच्छी तरह से कार्य कर रहा है, और 2015 तक लैंगिक समानता हासिल करने की उम्मीद है। एक अपवाद बांग्लादेश है जहां निम्न और माध्यमिक दोनों शिक्षा में लैंगिक समानता प्राप्त कर ली गई है।

माध्यमिक शिक्षा के विभिन्न नए मॉडल और उनमें निहित सिद्धान्तों के विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश नए मॉडल या तो अलग-थलग हैं या फिर वह माध्यमिक शिक्षा के विशिष्ट पहलुओं/कार्यों को संबोधित करते हैं। इसके अलावा, किसी भी प्रभावी मूल्यांकन और इन देशों में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं / नवाचारों के उचित बंटवारे तंत्र के अभाव में, एक उप राष्ट्रीय और / या सांस्थानिक स्तर पर किये जा रहे नवाचारों में से ज्यादातर के अनुमाप पर बहुत यकीन नहीं है। भारत सहित दक्षिण एशिया के देशों में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रथाओं के दस्तावेज के अभाव में, माध्यमिक शिक्षा के सवालों का जवाब पता करना, वास्तव में, मुश्किल है? माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को संस्थागत और विस्तार करने के लिए कई प्रयास किया गया है? यदि हां, तो माध्यमिक शिक्षा के किन कार्यों/स्तरों पर? आने वाले वर्षों में नवाचार की दिशा क्या है? हालांकि, उप-क्षेत्र के देश सामाजिक - आर्थिक विकास में माध्यमिक शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार कर रहे हैं और तद्नुसार शिक्षा के इस स्तर पर निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं, परन्तु अभी भी माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों का समर्थन और सक्षम संस्थागत ढांचा तथा महत्वपूर्ण स्कूलों की पहचान बाकी है।

10 . शीर्षक: कौशल संवर्धन के लिए अभिनव माध्यमिक शिक्षा (आई.एस.ई.एस.ई.) : पाठ्यचर्या से परिभाषित कौशल

प्रधान अन्वेषक: *डा. विनीता सिरोही और प्रोफेसर अविनाश कुमार सिंह*

प्रसंग

माध्यमिक शिक्षा के महत्व को उच्च शिक्षा के लिए एक मार्ग के रूप में न पहचानकर उसे शिक्षा क्षेत्र में एक अंतिम चरण के रूप में मान्यता दी जाती है। सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कारणों से भिन्न होने

के कारण एशिया के देशों, में माध्यमिक शिक्षा के नामांकन, उपयोग और गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान अनुसंधान वर्तमान में माध्यमिक स्कूल के पाठ्यक्रम और एशिया में शिक्षकों और वर्तमान में माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के कौशल का अध्ययन करने के उद्देश्य से किया गया है। अध्ययन में थाईलैंड और भारत पर ध्यान केंद्रित करते हुये दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया, दोनों को कवर करने का प्रयास किया गया है। अनुसंधान के निष्कर्षों से पता चलता है कि माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा का अध्ययन सभी देशों में शिक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में, व्यावसायिक माध्यमिक शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती है, इसी तरह दक्षिण एशिया में श्रम बाजार और नामांकन कमजोर है, फिर भी इसे काफी महत्व दिया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में, सरकार ने व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा प्रणाली में सुधार करने हेतु महत्वपूर्ण प्रयास किया है। इस क्षेत्र के अधिकांश देशों में, शैक्षिक और व्यावसायिक दोनों धाराओं में कौशल को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया के पाठ्यक्रमों में स्पष्ट रूप से कौशल व्यक्त है। दक्षिण एशिया में सिर्फ बांग्लादेश में एक पूरी तरह से व्यक्त शैक्षिक माध्यमिक विद्यालय पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। भारत जैसे देश में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम कौशल और क्षमताओं की एक स्पष्ट अभिव्यक्ति के साथ एक योग्यता आधारित मॉड्यूलर संरचना की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। माध्यमिक स्तर पर जीवन कौशल शिक्षा और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके अलावा, अंग्रेजी भाषा को पाठ्यक्रम में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भाषा पाठ्यक्रम स्पष्ट रूप से एक वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था के लिए संचार कौशल के विकास पर केंद्रित है। इन देशों में एक अन्य प्रमुख विशेषता यह है कि पाठ्यक्रम कौशल विकास के प्रतिमान में स्पष्ट हैं या इनमें सुधार की प्रक्रिया जारी हैं। फिर भी, उच्च माध्यमिक स्कूल के स्नातकों के पास रोजगार के लिए आवश्यक कौशल नहीं है, प्रमुख अंतर जो उभर के आता है, वह पाठ्यक्रम संचालन में शिक्षक प्रभावशीलता की कमी है। अध्ययन के सभी देश शिक्षा के माध्यमिक स्तर पर कमियों को मानते हैं। इसके अलावा, युवा लोगों को काम पर अपनी क्षमता का एहसास करने के लिए और समाज में उत्पादक, जिम्मेदार और लोकतांत्रिक नागरिक के रूप में जगह लेने के लिए माध्यमिक शिक्षा को और अधिक प्रभावी होना चाहिए का एहसास हो रहा है। दूसरे शब्दों में, माध्यमिक स्तर की शिक्षा द्वारा शैक्षिक या पेशेवर तृतीयक शिक्षा के लिए अग्रसर लोगों को आगे बढ़ने के लिए और साथ ही प्रशिक्षुओं, मजदूर कर्मचारियों या स्वरोजगार उद्यमियों के रूप में काम की दुनिया में प्रवेश करने वालों के लिए प्रभावी तैयारी प्रदान करनी चाहिए।

11. शीर्षक: भारत में निजी विश्वविद्यालय का एक अध्ययन

प्रधान अन्वेषक: *डॉ संगीता अंगोम*

प्रसंग

निजी उच्च शिक्षा दुनिया भर में बढ़ रही है, लेकिन उच्च शिक्षा के निजीकरण की डिग्री देश-देश में भिन्न होती है। यह स्पेन, थाईलैंड और पापुआ न्यू गिनी जैसे देशों में बहुत कम है जबकि फिलीपींस, कोरिया, जापान, इंडोनेशिया के निजी क्षेत्रों में काफी अधिक नामांकन हुआ है। विश्व स्तर पर, 20वीं सदी के अंतिम दशकों में, सामाजिक और बौद्धिक परिवेश दुनिया भर में निजी अर्थव्यवस्था के पक्ष में नाटकीय रूप से बदल गया है। भारत में भी उच्च शिक्षा का निजीकरण भारत सरकार (शास्त्री, 2004) द्वारा उदारीकरण और निजीकरण की दिशा में आर्थिक नीति में परिवर्तन के स्वाभाविक नतीजे के रूप में हो गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा या विश्वविद्यालय के रूप में खुद को परिभाषित करने वाले विश्वविद्यालयों के रूप में वर्गीकृत

कई निजी विश्वविद्यालयों या संस्थान हाल ही में उभर कर आए हैं। हालांकि, पिछले तीन या चार वर्षों में उनकी उच्च शिक्षा में विकास दर चिंता का विषय है। पिछले निष्कर्ष ज्यादातर विशुद्ध रूप से सैद्धांतिक विचारों पर आधारित हैं, लेकिन शायद ही किसी भी अध्ययन में समग्र प्रबंधन शैली, शैक्षणिक संगठन, उनकी उपलब्धियों और योगदान के संदर्भ में भारत में निजी विश्वविद्यालयों के कामकाज और दक्षता की जांच की गई हो। परिस्थितियों को देखते हुए, वर्तमान अध्ययन विकास और नामांकन, वित्तपोषण, और शासन पर ध्यान केंद्रित करते हुये भारत में निजी विश्वविद्यालय क्षेत्रों के विस्तार की जांच करने की पहल करता है। यह संकाय की साख, कक्षा सुविधाओं, परिसर में सुविधाओं, अनुसंधान सुविधाओं और शिक्षा की लागत और निजी उच्च शिक्षा संस्थानों के अकादमिक कैलेंडर के संदर्भ में समग्र कार्य और शिक्षा की गुणवत्ता में अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए देश में 12 निजी विश्वविद्यालयों के मामलों का विश्लेषण करता है।

अध्ययन का उद्देश्य

अध्ययन के तर्कसंगत प्रकाश में, अध्ययन के विशिष्ट उद्देश्य हैं: शैक्षणिक और प्रशासनिक संरचना और चयनित निजी विश्वविद्यालयों के शासन का विश्लेषण, चयनित निजी विश्वविद्यालय के व्यय और आय पद्धति के स्रोतों की जांच, चयनित निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया और आधारभूत सुविधाओं का अध्ययन, शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया और कार्यभार के पैटर्न का अध्ययन, पाठ्यक्रमों का प्रकार बाजार उन्मुख हैं या नहीं इसकी पहचान करना, निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित उपलब्धि (ओं) या कमियों, का पता लगाना, भारत में उच्च शिक्षा के विकास में निजी विश्वविद्यालयों के योगदान की भूमिका का एक समग्र मूल्यांकन करना।

अध्ययन के प्रमुख निष्कर्ष

निजी विश्वविद्यालय की अवधारणा 2002 में अपने अधिनियम के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभ किया गया था। यह विश्वविद्यालय स्वयं वित्त पोषित हैं और उनकी स्थापना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित विधायी अनुमति द्वारा पंजीकृत निजी न्यास द्वारा की गई है। इन विश्वविद्यालयों में से कई बहु – अनुशासनात्मक पेशेवर पाठ्यक्रमों की पेशकश करते हैं। वर्तमान में, 150 से अधिक निजी विश्वविद्यालय भारत में हैं और पिछले दो–तीन वर्षों में निजी विश्वविद्यालयों की संख्या में वृद्धि कई मामलों में चिंता का कारण है। राज्य निजी विश्वविद्यालय अधिनियम शैक्षणिक कार्य के मामलों में पूर्ण स्वायत्तता प्रदान करता है और यह भी वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त है। हालांकि निजी विश्वविद्यालयों का प्रशासन सार्वजनिक विश्वविद्यालय की तरह लगता है, परंतु इसकी संरचना, इसके अधिकारियों का आकार और नियुक्ति की प्रकृति और विश्वविद्यालय के अधिकारियों के कार्यों के संदर्भ में इनमें अंतर है। विश्वविद्यालय की ओर से शुरू शैक्षणिक कार्यक्रम बाजार में मांग और रोजगार पर आधारित हैं। अधिकांश निजी विश्वविद्यालय कर्मचारियों की सीमित संख्या के साथ काम करते हैं और इनमें अकादमिक स्टाफ की गुणवत्ता काफी कम प्रतीत होती है। अध्ययन के तहत निजी विश्वविद्यालयों में से अधिकांश में कोई तय भर्ती नीति, वेतन संरचना और कर्मचारियों के विकास की योजना नहीं है। छात्रों का प्रोफाइल दर्शाता है कि उनमें से ज्यादातर व्यावसायिक या तकनीकी पाठ्यक्रम में सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले पाये हैं लेकिन वित्तीय क्षमताओं के कारण निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश पा सकते हैं। अध्ययन के नमूना विश्वविद्यालय में छात्रों के नामांकन में स्नातक की डिग्री में नामांकन की अधिकतम हिस्सेदारी के साथ पिछले कुछ वर्षों में काफी वृद्धि हुई हैं। इन विश्वविद्यालयों की आय का मुख्य स्रोत ट्यूशन फीस रहे हैं और विश्वविद्यालयों ने सरकार से अनुदान प्राप्त किया है। अध्ययन के तहत निजी विश्वविद्यालयों में सेमेस्टर प्रथा का पालन होता है और मूल्यांकन विशुद्ध रूप से आंतरिक है। ड्रॉप आउट दर कम है और स्नातक दर नमूना विश्वविद्यालयों में बहुत अधिक है। अनुसंधान कारक कम हैं और प्रशिक्षण और नियुक्ति एक महत्वपूर्ण गतिविधि बनते जा रहे हैं। उनके सामने

प्रमुख चुनौतियाँ अनुभवी शिक्षकों को प्राप्त करना और अनुसंधान गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता एजेंसियों को पाना, छात्रों के नामांकन में वृद्धि, गुणवत्ता युक्त छात्रों का नामांकन है। भारत में निजी विश्वविद्यालयों के बीच में काफी विविधता है और अधिकतर सुनियोजित और संगठित नहीं हैं।

अनुसंधान परियोजना (वर्तमान में)

1 . शीर्षक: ***माध्यमिक स्तर पर शिक्षक तैनाती का अध्ययन (वित्तीय सहायता के बिना)***

प्रधान अन्वेषक: *डा. के. बिस्वाल*

अध्ययन का विशिष्ट उद्देश्य वर्तमान में राज्य सरकारों तथा भारत सरकार द्वारा आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही देशव्यापी माध्यमिक शिक्षा विकास कार्यक्रम के तहत शिक्षकों की तैनाती के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम मानकों के आधार पर माध्यमिक स्तर (कक्षा नौवीं-दसवीं) में शिक्षकों की तैनाती की पद्धति का विश्लेषण करना है। दूसरे शब्दों में, अध्ययन स्कूल स्तर डेटा का विश्लेषण करते हुये माध्यमिक स्तर पर शिक्षक तैनाती की पद्धति का अध्ययन करने के लिए सबसे उपयुक्त इकाई के विश्लेषण के आधार पर माध्यमिक स्तर पर शिक्षक तैनाती की आधारभूत स्थिति का आकलन करता है। अध्ययन में भारत के सभी प्रमुख राज्यों को शामिल किया गया है। उपलब्ध माध्यमिक स्रोतों से डेटा का उपयोग करने के अलावा, अध्ययन मुख्य रूप से माध्यमिक शिक्षा प्रबंधन सूचना प्रणाली (सेमिस), 2009/10 से प्राथमिक डेटा लेता है. वर्तमान में, सेमिस से संबंधित डेटा के साहित्य और विश्लेषण की समीक्षा का कार्य प्रगति पर है।

निर्गत: एक अनुसंधान आलेख

2. शीर्षक: ***माध्यमिक स्तर पर स्कूल मैपिंग पर प्रशिक्षण सामग्री का विकास (वित्तीय सहायता के बिना)***

अन्वेषक: *डा. के. बिस्वाल*

इस अध्ययन का उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर स्कूल मैपिंग अभयास शुरू करने के लिए एक प्रशिक्षण सामग्री / अनुकरण अभ्यास का विकास शामिल है। अब तक दूरी मैट्रिक्स और मौजूदा उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के आंकड़ों के आधार पर माध्यमिक स्तर पर स्कूल मैपिंग अभ्यास के संचालन के लिए कार्यप्रणाली पर चर्चा की जाती रही है और न्यूपा के कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रयोग करने की कोशिश की गई है। इसके अलावा, क्षेत्र से प्राथमिक डेटा एकत्र करने के लिए प्रासंगिक आंकडा संग्रह प्रपत्र को अंतिम रूप दे दिया गया है। संशोधित पद्धति और संबंधित आंकड़ा संग्रह प्रपत्र तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में माध्यमिक स्तर पर पायलट स्कूल मैपिंग अभ्यास करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। वर्तमान में, माध्यमिक स्तर पर स्कूल मैपिंग पर अनुकरण अभ्यास का मसौदा तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। एक बार अनुकरण अभ्यास को अंतिम रूप दिये जाने पर माध्यमिक स्तर पर स्कूल मैपिंग पर एक पुस्तिका के विकास में मदद मिलेगी।

3. शीर्षक: ***सेमिस डेटा 2009-10 के आधार पर विद्यालय प्रावधान और स्कूल प्रदर्शन (वित्तीय सहायता के बिना)***

प्रधान अन्वेषक: *डा. एन.के. मोहंती*

शिक्षकों, नीति निर्माताओं, और शोधकर्ताओं ने शैक्षणिक उपलब्धि को बढ़ाने के प्रयास में दशकों से स्कूल के आकार के मुद्दे पर बहस की है। प्रवृत्ति बड़े स्कूलों को बनाने की दिशा में है। छोटे स्कूलों के समर्थक छोटे

स्कूलों के कई लाभों का दावा करते हैं। स्कूल के आकार के मुद्दे के बारे में पिछले अनुसंधान स्कूल आकार और छात्र शैक्षिक उपलब्धि के बीच संबंध के विषय में अनिर्णायक रहे हैं।

उद्देश्य: इस आलेख का उद्देश्य बुनियादी सुविधाओं, शिक्षकों और शिक्षण अधिगम सामग्री और भारत में माध्यमिक स्तर पर छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि सहित स्कूली शिक्षा के प्रावधानों के बीच संबंधों की जांच करना है। यह आलेख स्कूल आकार और भारत में माध्यमिक स्तर पर सार्वजनिक परीक्षा में प्रदर्शन द्वारा छात्र की उपलब्धि मापने के संबंधों पर ध्यान केन्द्रित करता है। मोटे तौर पर, इस अध्ययन के उद्देश्य इस प्रकार हैं: (i) स्कूली शिक्षा का प्रावधान और माध्यमिक स्तर पर छात्रों के प्रदर्शन की स्थिति का विश्लेषण करना, (ii) गंभीर रूप से माध्यमिक स्तर पर स्कूली शिक्षा के प्रावधान और छात्र उपलब्धि के बीच संबंध की जांच करना, और (iii) माध्यमिक स्तर पर स्कूल के आकार और छात्र उपलब्धि के बीच संबंध को मापना और गहन जांच करना।

निर्गत : *एक अनुसंधान आलेख*

4 . शीर्षक: ***विशाखापट्टनम जिला, आंध्र प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में बहुभाषी शिक्षा***

प्रधान अन्वेषक: *प्रोफेसर के. सुजाता*

एक पायलट सर्वेक्षण के आधार पर यह पाया गया कि नमूना जिले विशाखापट्टनम में जनजातीय भाषा में पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति नहीं की गयी थी। इसलिए इस पहलू से संबंधित जानकारी बहुभाषी भाषा स्कूलों के शिक्षकों से एकत्र की गयी थी।

5 . शीर्षक: ***जनजातीय क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के लिए सुविधाओं का आकलन***

प्रधान अन्वेषक: *प्रोफेसर के. सुजाता*

अध्ययन आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम और खम्मम जिलों में आयोजित किया जाएगा। क्या शिक्षा जनजातियों के सामाजिक, सांस्कृतिक जरूरतों को पूरा करती है या नहीं की जांच अध्ययन में की जाएगी।

6. शीर्षक: ***दिल्ली के चयनित स्कूलों में व्यावसायिक मार्गदर्शन और कैरियर परिपक्वता का एक अध्ययन***

प्रधान अन्वेषक: *डा. विनीता सिरोही*

अध्ययन किशोरावस्था पर केंद्रित है जो माध्यमिक शिक्षा की अवधि से मेल खाता है। इस चरण में व्यावसायिक परिपक्वता अधिक से अधिक विकास और प्रगति से गुज़रती है और छात्रों के भविष्य के लिए यह अधिक आवश्यक हो जाती है। क्योंकि विभिन्न शैक्षिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में छात्रों को संलग्न होना पड़ता है। अध्ययन के उद्देश्य हैं: (i) सरकारी और निजी माध्यमिक स्कूलों में व्यावसायिक मार्गदर्शन के प्रावधानों का अध्ययन करना, (ii) प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और स्कूलों में व्यावसायिक मार्गदर्शन के बारे में छात्रों की धारणा को पता लगाना, (iii) जांच के लिए ग्रेड, लिंग, स्कूल के प्रकार के अनुसार किशोरों के कैरियर परिपक्वता की तुलना करना, (iv) सरकारी और निजी स्कूलों में व्यावसायिक मार्गदर्शन के मौजूदा प्रावधानों की तुलना करना, (v) सरकारी और निजी स्कूलों में दसवीं और बारहवीं के छात्रों के बीच व्यवसाय परिपक्वता के स्तर की जांच, और (vi) माध्यमिक स्कूलों में किशोरों के लिये व्यायवसायिक परिपक्वता में सुधार हेतु शैक्षिक/व्यावसायिक

कार्यक्रमों के लिए प्रावधान। अध्ययन नीति निर्माताओं और मौजूदा व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम में सुधार करने के लिए माध्यमिक स्तर पर संभव हस्तक्षेपों के लिए योजना हेतु शिक्षाविदों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ रखता है और इस प्रकार किशोरों की व्यावसायिक परिपक्वता में वृद्धि होगी।

7. शीर्षक : भारत में प्राथमिक शिक्षा का वित्त पोषण: प्राथमिक शिक्षा में निधि प्रवाह की प्रवृत्तियां और संसाधनों का उपयोग

प्रधान अन्वेषक: *डा. पी. गीता रानी*

यह अध्ययन निधि प्रवाह पद्धति और प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों के उपयोग की पद्धति पर ध्यान केंद्रित करते हुये प्राथमिक शिक्षा के वित्त पोषण की पद्धति की जांच करने का प्रयास करता है। अध्ययन के विशिष्ट उद्देश्य हैं: (i) भारत में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा प्राथमिक शिक्षा के वित्त पोषण की प्रवृत्तियों और मुद्दों का विश्लेषण करना, (ii) सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत भारत में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में निधि प्रवाह प्रवृत्ति और संसाधनों के उपयोग की जांच, (iii) उपयोग में सुधार की संभावनाओं का पता लगाना। अध्ययन प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा के वित्तपोषण के दो व्यापक पहलुओं को देखने के लिए प्रयास करता है। (उद्देश्य सं. 1)। अध्ययन का दूसरा और तीसरा उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में संसाधनों का उपयोग है। विश्लेषण हाल की अवधि में भारत में राज्यों में प्राथमिक शिक्षा के वित्त पोषण पर एक अनिवार्य डेटाबेस प्रदान करेगा। अध्ययन में जांच किए जाने का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में निधि प्रवाह पैटर्न और संसाधनों का उपयोग है। अध्ययन का यह भाग काफी हद तक जानकारी के लिए प्राथमिक स्रोत पर निर्भर करेगा। अध्ययन के दूसरे और तीसरे उद्देश्यों के लिये क्षेत्र आधार पर आगतों की आवश्यकता होगी।

8 . शीर्षक: अनुसूचित जाति के बच्चों के बीच शिक्षा – राजस्थान के दो गांवों का गहन अध्ययन

प्रधान अन्वेषक: *डा. बी.के. पांडा*

इस संदर्भ में उत्पन्न होने वाला महत्वपूर्ण सवाल है, स्कूली शिक्षा, जागरूकता और ग्रामीणों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों की ज़रूरतों को समझना तथा गांव गतिशीलता को बृहद परिप्रेक्ष्य में देखना जो आपस में संबंधित है और अनुसूचित जाति समुदायों के बच्चों की स्कूली शिक्षा पर इसका संचयी प्रभाव है। इस पृष्ठभूमि में, अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं: (i) राजस्थान राज्य में अनुसूचित जाति के छात्रों के बीच शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारणों को समझना, (ii) अनुसूचित जाति के परिवारों की अन्य समुदायों से तुलना और शिक्षा के लिये उनकी प्राथमिकताओं को समझना, (iii) अपने बच्चों के लिए अनुसूचित जाति के परिवारों के बीच शिक्षा प्राप्त करने में विभिन्न सामाजिक – आर्थिक बाधाओं की पहचान करना, और (iv) अनुसूचित जाति के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए सक्षम करने हेतु राज्य की नीतियों में किए गए प्रावधानों को समझना। अध्ययन के परिणामों से गांवों में और आस-पास शिक्षा के मामले में विकास की सामाजिक गतिशीलता और प्रभाव को समझने के लिए मदद मिलेगी। इसके अलावा, राजस्थान राज्य में अनुसूचित जाति समुदायों के माता पिता की शैक्षिक आकांक्षाओं और आर्थिक गतिशीलता के बीच शिक्षा का प्रभाव ऐसी बहुतायत सक्षम करने वाली स्थितियों को प्रदान करेगा जो अनुसूचित जातियों

की शिक्षा को प्रभावित करेगा और साथ में राजस्थान राज्य में अनुसूचित जातियों के छात्रों के शैक्षिक विकास को बढ़ावा देने की नीतियों में एक सुविधाजनक भूमिका प्रदान करेगा।

9. शीर्षक: ***भारत में माध्यमिक शिक्षक नीति और प्रबंधन पर तुलनात्मक अध्ययन (यूनेस्को प्रायोजित)***

प्रधान अन्वेषक: *प्रोफेसर प्रणती पांडा और डा. वी.पी.एस. राजू*

अध्ययन भारत में माध्यमिक शिक्षा नीति और प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को उठाता है: (i) समता और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए शिक्षा प्रणाली माध्यमिक शिक्षा की बढ़ती हुई मांग पूरा करने में कैसे सफल हो सकती है? (ii) माध्यमिक शिक्षकों के प्रावधान और तैनाती में प्रमुख असंतुलन (कमी और/या अधिप्रदाय) क्या हैं? (iii) माध्यमिक शिक्षण बल पर्याप्त गुणवत्ता मानकों को पूरा करता है? (iv) गुणवत्ता युक्त माध्यमिक शिक्षकों को प्राप्त और बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय, स्थानीय और स्कूल रणनीतियों के समर्थन में अनुकूल संस्थागत सेटिंग (शिक्षक तैयार करना, भर्ती, तैनाती, मुआवजा) है? (v) इन मुद्दों का समाधान करने के लिए क्या नीति विकल्प बनाया है, और इसका प्रभाव क्या है?

10. शीर्षक : पंजाब राज्य में परिवार शिक्षा और स्कूल भागीदारी के बीच संबंध पर एक अनुभवजन्य अध्ययन

प्रधान अन्वेषक: *डा. रश्मि दीवान*

अनुभवजन्य अध्ययन का उद्देश्य परिवार शिक्षा और उन्हें स्कूल शिक्षा में बेहतर नामांकन, अवधारण, उपस्थिति, में भागीदारी दिखाने के लिए सक्षम करने हेतु लिंग और जाति के विभिन्न सामाजिक समूहों में बच्चों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने में भागीदारी और समर्थन को समझने का प्रयास करना है। अध्ययन के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल हैं: (i) स्कूलों में जाने वाले बच्चों की शैक्षिक प्रथाओं के संबंध में विभिन्न पृष्ठभूमि (शिक्षा, आय, व्यवसाय) के साथ परिवार के प्रोफाइल की जांच करना, (ii) अव्यक्त (परिवार भागीदारी, माता पिता की आकांक्षाओं और गहरे अध्ययन के लिए दृष्टिकोण) और प्रकट चर (ज्ञान का प्रसारण, कहानी सुनाना, किताबें पढ़ना, ज्ञान की साझेदारी, माता-पिता, दादा-दादी और परिवार के अन्य सदस्यों की संलिप्तता के साथ विचार-विमर्श, माता पिता की शिक्षा का स्तर, समुदाय का समर्थन, सह-कर्मियों के साथ सीखना), बचपन से घर में सीखने का परिवेश जो स्कूल शिक्षा जारी रखने के लिए सुविधाजनक है, (iii) परिवार के परिवेश द्वारा सीखने से लाभान्वित बच्चों और कोई अधिगम परिवेश न प्राप्त कर पाने वाले बच्चों के बीच भागीदारी में अंतर पर एक तुलनात्मक अध्ययन? अध्ययन वर्णनात्मक सर्वेक्षण अनुसंधान है। वर्तमान साहित्य की समीक्षा का कार्य प्रगति पर है, माता पिता और स्कूल प्रिंसिपलों की प्रश्नावली तैयार है और डेटा संग्रह को पूर्ण कर लिया गया है। प्रश्नावली शहरी और ग्रामीण लुधियाना में 144 परिवारों को साक्षात्कार प्रश्नावली दिलाई गई और 6 स्कूलों (V-VIIIवीं) तक की कक्षाओं में से 360 छात्रों को प्रश्नावली दी गई। प्रत्येक क्षेत्र से, 180 छात्र और 72 परिवारों को कवर करते हुये 3 स्कूलों का चयन किया गया। साक्षात्कार कार्यक्रम प्रत्येक स्कूल के प्रिंसिपलों को दिया गया। अध्ययन में ग्रामीण क्षेत्र से 54 गांवों को शामिल किया गया।

11. शीर्षक: राजस्थान और हरियाणा में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए मांग के सामाजिक आयाम पर एक अध्ययन

प्रधान अन्वेषक: *डा. मधुमिता बंद्योपाध्याय*

दो दशकों में सभी के लिये शिक्षा एक वैश्विक चिंता का विषय हो गया है। यूनिवर्सल प्राथमिक गुणवत्ता शिक्षा सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों में से एक रहा है। डकार फ्रेमवर्क में लक्ष्य-1 के रूप में प्रारंभिक शिक्षा है: ''विशेष रूप से सबसे कमजोर और वंचित बच्चों के लिए व्यापक शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई), विस्तार और सुधार''। (विश्व शिक्षा फोरम, डकार, अप्रैल 2000)। कई अध्ययनों से पहले ही पता चल चुका है कि बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं के विकास के लिए प्रारंभिक वर्ष महत्वपूर्ण है। मनोवैज्ञानिक सामाजिक उत्तेजना के अलावा, बच्चों के पोषण और बचपन की देखभाल और शिक्षा स्वास्थ्य की स्थिति भी उनकी सीखने की क्षमता को प्रभावित करती है। भारी मांग के बावजूद, बचपन की देखभाल और शिक्षा भारत सहित अधिकांश विकासशील देशों में छोटे बच्चों के लिए एक विशेषाधिकार बनी हुई है। हालांकि भारत में 6-14 वर्ष आयु-समूह के बच्चों के शैक्षिक अधिकारों और प्रारंभिक शिक्षा में व्यापक सुधार हुआ है, परन्तु पूर्व माध्यमिक शिक्षा नीति-निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं द्वारा पर्याप्त और उचित ध्यान नहीं दिया गया है जबकि इसकी मांग बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए, इस शोध अध्ययन में हरियाणा और राजस्थान के राज्यों में स्थित कुछ चुनिंदा गांवों में स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए मांग के सामाजिक आयाम को समझने के लिए प्रारम्भ किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं: (i) स्कूल पूर्व शिक्षा के सुचारू कामकाज हेतु और मांग के साथ सुचारु आपूर्ति का अध्ययन करना। इसमें विभिन्न प्रबंधन प्रणालियों द्वारा पूर्व स्कूलों में प्रदत्त शारीरिक और शैक्षिक सुविधाओं का आकलन शामिल होगा, (ii) सरकार और निजी स्कूलों के साथ संलग्न स्कूलों में और आंगनवाड़ी में स्कूल पूर्व शिक्षा का लाभ उठाने वाले बच्चों का सामाजिक - आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना (iii) प्राथमिक स्कूल के लिए पूर्व स्कूल से बच्चों के संक्रमण की स्थिति का आकलन करना (iv) पूर्वस्कूली शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के नामांकन से संबंधित कारकों, प्रवृत्ति और मुद्दों का अध्ययन करना (v) पूर्वस्कूली शिक्षा के संदर्भ में माता-पिता की राय का अध्ययन करना और स्कूलों और आसपास के इलाकों में प्री स्कूल शिक्षा के लिए उपलब्ध केन्द्रों के कामकाज के बारे में अध्ययन करना।

12 . शीर्षक: स्कूल गुणवत्ता की समीक्षा पर अध्ययन

प्रधान अन्वेषक: *डा. मधुमिता बंद्योपाध्याय*

अध्ययन क्रिएट के तहत मुख्य परियोजना का परिणाम है। अध्ययन का उद्देश्य इस प्रकार हैं: (i) स्कूल के कामकाज की स्थिति के संबंध में डेटा का विश्लेषण करने के लिए एक अनुदैर्ध्य अध्ययन का संचालन करना, (ii) 1990 और 2008 के दौरान बच्चों की पहुंच और भागीदारी के बदलते पद्धति की जांच करना (iii) स्कूली शिक्षा के प्रावधान की गुणवत्ता का तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य, उसके कामकाज और पहले के अध्ययन और हाल ही के अध्ययन के बीच बच्चों की भागीदारी का अध्ययन करना, (iv) स्कूल के कामकाज की गुणवत्ता में और सुधार के लिए रणनीति तैयार करना।

परियोजना समुदाय और स्कूल के सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर तालिकाओं की तैयारी के चरण में है। अध्ययन के तहत कवर प्रत्येक स्कूल के प्रोफाइल के साथ अध्याय योजना 1990 में आयोजित पहले के अध्ययन में स्कूल प्रोफाइल के साथ तुलना करने के लिए विकसित किया गया है।

13 . शीर्षक : स्कूल कौन जाता है पर एक अध्ययन? अनुभवजन्य तथ्यों का विश्लेषण

प्रधान अन्वेषक : *डा. मधुमिता बंद्योपाध्याय*

क्रिएट परियोजना के तहत यह अध्ययन निम्नांकित मुख्य उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया है : (i) अध्ययन के क्षेत्र में प्रावधानों को समझना और शिक्षा के लिए बच्चों पर इसका प्रभाव, (ii) यह पता लगाना कि किन बच्चों को लाभ मिल रहा है, उनकी सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि और उपस्थिति, दोहराव और अधिगम स्तर के संदर्भ में वह किस हद तक स्कूल में भाग लेने में सक्षम हो पा रहे हैं; (iii) स्कूल में भौतिक तथा अकादमिक संसाधनों के संदर्भ में स्थिति को समझना; विशेषत: शिक्षकों की आपूर्ति और उनका प्रोफाईल और मुख्य अध्यापकों द्वारा प्रदत्त नेतृत्व क्षमता का अध्ययन; (iv) नीति और अभ्यास के बीच मौजूदा अंतराल और भविष्य के हस्तक्षेपकारी क्षेत्रों की पहचान करना।

नौ में से तीन अध्याय पूर्ण हो चुके हैं। अध्याय का विवरण इस प्रकार हैं : (i) भारत में साक्षरता और प्राथमिक शिक्षा : उभरते मुद्दे और नीति मानदंड (पूर्ण), (ii) गुणवत्ता शिक्षा के माध्यम से बहिष्करण पर काबू पाना, (पूर्ण) (iii) अधिकारों का अंत: अनुभागीकरण (जारी) (iv) कमजोर वर्गों के बच्चों की भागीदारी: अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (जारी) पर विशेष ध्यान, (v) लिंग और स्कूल भागीदारी (पूर्ण), (vi) अनुपस्थिति और बच्चों की पुनरावृत्ति (जारी), (vii) शिक्षक और शिक्षण के बारे में सीखने की प्रक्रिया (चालू), (viii) प्रधान शिक्षक की भूमिका और विचार (जारी), (ix) बच्चों का प्रदर्शन और अधिगम की उपलब्धि : कमजोर बच्चों पर फोकस (जारी)

14. शीर्षक: दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की मलिन बस्तियों में स्कूल शिक्षा में प्रवेश, भागीदारी और सीखने की उपलब्धि: हैदराबाद और लुधियाना का केस अध्ययन

प्रधान अन्वेषक: *डा. सुनीता चुग*

विशिष्ट उद्देश्यों के साथ चयनित दस लाख से अधिक शहरों के स्लम क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए राज्य द्वारा पहुंच, भागीदारी और उपलब्धि स्तर, योजना और प्रबंधन संरचना, हस्तक्षेप के मुद्दों को अध्ययन में शामिल करने की परिकल्पना की गई है: (i) चयनित शहरी मलिन बस्तियों में स्कूल शिक्षा के पहुंच की जांच, (ii) प्रबंधन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आयु वर्ग 6–17 वर्ष के बच्चों की भागीदारी की जांच, (iii) लिंग, जाति, गंदी बस्ती की प्रकृति, प्रवासी की पृष्ठभूमि के रूप में भागीदारी में असमानताओं की जांच, (iv) बच्चों की भागीदारी को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान। (भागीदारी नामांकन, उपस्थिति, ड्रॉप आउट और दोहराव से मापा जाएगा), (v) प्राथमिक स्तर तक के बच्चों के सीखने की उपलब्धि स्तर का आकलन करना। अध्ययन के आंकड़ों के संग्रह की इकाइयों के रूप में घरों और स्कूलों के साथ हैदराबाद और लुधियाना के चयनित स्लम क्षेत्रों में क्षेत्र सर्वेक्षण पर आधारित है। अध्ययन शहरी, विशेष शैक्षिक समस्याओं की समझ को विकसित करने की उम्मीद करता है, और शहरी भारत में हाशिए पर रहने वालों के लिये समान

शिक्षा के अवसर के प्रावधान में नीति-निर्देशों को रूपांतरित करने हेतु शहरी योजना और प्रबंधन के अंतराल की पहचान करने में किया जा रहा है।

15. शीर्षक : ***उच्च शिक्षा में वित्त पोषण और सामर्थ्य (यूजीसी वित्त पोषित)***

प्रधान अन्वेषक : *प्रोफेसर सुधांशु भूषण*

उच्च शिक्षा के विस्तार और गुणवत्ता में सुधार के मद्देनजर नीति-निर्धारण एक कठिन कार्य है। एक तरफ सार्वजनिक खर्च महत्वपूर्ण है और गरीबों के लिए संसाधनों और लक्षित सब्सिडी बढ़ाने के लिए उपायों को पाया जा सकता है, तथा उच्च शिक्षा की निजी (घरेलू) वित्तपोषण का सवाल भी उठता है। उच्च शिक्षा के घरेलू वित्तपोषण निजीकरण की दिशा में बढ़ रही प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुये महत्व रखता है। उच्च शिक्षा के निजीकरण ने फीस की बढ़ती प्रवृत्ति को प्रेरित किया है और उच्च शिक्षा के वित्तपोषण के लिए घर के बोझ को और बढ़ा दिया है। यह सार्मथ्य के मुद्दे को उठाती है। सार्मथ्य, दूसरी ओर, विषयों की पहुंच और चुनाव पर प्रभाव डालती है। विभिन्न सामाजिक और आर्थिक समूहों में सामर्थ्य की भिन्न प्रवृत्ति दिखाई दे सकती है। यह ग्रामीण और शहरी के बीच और विभिन्न व्यवसाय वाली श्रेणियों में भिन्न हो सकता है।

अध्ययन का उद्देश्य इस प्रकार हैं: (i) उच्च शिक्षा के सार्वजनिक वित्तपोषण में प्रवृत्तियों की जांच करना। (ii) विभिन्न सामाजिक - आर्थिक आयामों के साथ उच्च शिक्षा के घरेलू वित्त पोषण की जांच करना। (iii) विषयों और प्रबंधन में फीस ढांचे का अध्ययन करना। (iv) निजीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति के संदर्भ में क्षमता का अध्ययन तथा विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिये उच्च शिक्षा की पहुंच पर इसके प्रभाव का आकलन। (v) अनुसंधान के निष्कर्षों के प्रकाश में यू.जी.सी. को क्षमता बढ़ाने के लिये सिफारिशें संस्तुत करना।

साहचर्या और सहभागिता 4

– व्यावसायिक समर्थन

– नेटवर्किंग तथा अंतरराष्ट्रीय सहभागिता

व्यावसायिक अनुसमर्थन

केंद्र और राज्य सरकारों को व्यावसायिक/तकनीकी अनुसमर्थन और परामर्शकारी सेवाएं

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने वर्ष 2012–13 के दौरान मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राज्यों तथा संघ क्षेत्रों की सरकारों को तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालयों/शिक्षा विभागों और केंद्र तथा राज्य स्तर के संस्थानों को व्यावसायिक/तकनीकी अनुसमर्थन प्रदान किया ताकि वे अपने विशिष्ट क्षमता विकास की जरूरतों को पूरा कर सकें और शैक्षिक नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों के डिजाइन, कार्यान्वयन, अनुश्रवण में सुधार हेतु उन्हें मदद मिल सके। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने केंद्र सरकार के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और मूल्यांकन एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने में व्यावसायिक/तकनीकी अनुसमर्थन प्रदान किया। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य 12वीं पंचवर्षीय योजना के प्रस्तावों को तैयार करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा योजना आयोग की अनेक समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किए। सर्व शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और सबके लिए शिक्षा के लक्ष्य की दिशा में प्रगति आकलन हेतु राज्य/संघीय सरकारों को व्यावसायिक सहयोग प्रदान किए गए। राज्यों/संघीय सरकारों तथा केंद्र और राज्य स्तर की एजेंसियों/संस्थानों को तकनीकी/ व्यावसायिक अनुसमर्थन प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे - यूनेस्को, यूनिसेफ, विश्व बैंक और अन्य एजेंसियों को भी परामर्शकारी और व्यावसायिक अनुसमर्थन प्रदान किया। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय की

विशेषज्ञता को देखते हुए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/बैठकों/संगोष्ठियों में प्रतिभागिता के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया।

दिनांक 1-3 फरवरी, 2013 के दौरान स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, मा.सं.वि. मंत्रालय द्वारा दक्षिण क्षेत्र के लिए बंगलौर में वार्षिक कार्य योजना तथा बजट, आर.एम.एस.ए. 2013-2014 के एकीकृत विकास पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में न्यूपा के संकाय सदस्यों ने अकादमिक समर्थन प्रदान किया। दिनांक 18-20 फरवरी, 2013 के दौरान पूर्वी तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिये गुवाहाटी में आयोजित कार्यशाला में में भी अकादमिक समर्थन प्रदान किया। न्यूपा संकाय ने उत्तरी क्षेत्र के लिए नई दिल्ली में दिनांक 25-27 फरवरी 2013 के दौरान आयोजित कार्यशाला में भी भाग लिया।

डाईस तथा सेमिस एवं यू-डाईस के संबंध में कार्यशाला के आयोजन के लिए न्यूपा संकाय सदस्यों ने तकनीकी सहायता प्रदान करी। इसके अंतर्गत इंदौर, मध्य प्रदेश में 15-16 दिसंबर, 2012; गांधी नगर, गुजरात में 29 दिसंबर 2012; श्रीनगर, जम्मू तथा कश्मीर में 5-6 अक्तूबर, 2012; रांची, झारखंड में 27-28 अक्तूबर, 2012; भोपाल, मध्य प्रदेश मं 30-31 अक्तूबर, 2012; चेन्नई, तमिलनाडू में 6-7 नवंबर, 2012; पंचकुला, हरियाणा में 9-10 नवंबर, 2012 तथा पटना, बिहार में 19-20 जनवरी, 2012 के दौरान आयोजित एकीकृत डाईस पर आयोजित कार्यशालाएं सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा कई राष्ट्रीय कार्यशालाएं आयोजित की गईं तथा न्यूपा, नई दिल्ली में ई.एम.आई.एस. सुदृढ़ीकरण डाईस के माध्यम से किया गया। विश्वविद्यालय सर्वशिक्षा अभियान कार्यक्रम की संयुक्त समी क्षा समिति के समकक्ष डाईस-आंकड़ा का वृहद विश्लेषण वर्ष में दो बार नियमित रूप से करता है।

नेटवर्किंग तथा अंतरराष्ट्रीय सहभागिता

- शैक्षिक पहुंच, संक्रमण तथा समता में अनुसंधान पर विचार मंच में सहभागिता (क्रिएट) – यू.के., बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका तथा घाना के विश्वविद्यालय
- शैक्षिक योजना में प्रशिक्षण तथा अनुसंधान संस्थानों के एशिया नेटवर्क हेतु केंद्र बिंदु (एंट्रीप) – अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना संस्थान के साथ सहभागिता, यूनेस्को, पेरिस
- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बी.आर.आई.सी. देशों (ब्रिक) देशों में उच्च शिक्षा का अध्ययन
- सदस्य, हिरोशिमा विश्वविद्यालय, जापान के नेतृत्व में सभी के लिए शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु अफ्रीका–एशिया संस्थान नेटवर्क
- स्कूल प्राचार्यों के राष्ट्रीय कॉलेज, नाटिंघम, यू.के. के साथ स्कूल नेतृत्व का विकास
- परिणाम विकास संस्थान, वाशिंगटन के साथ माध्यमिक शिक्षा तथा व्यावसायिक कौशल विकास पर अध्ययन
- बुजुम्बुरा, बुरूंडी में भारत–अफ्रीका अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान की स्थापना, (विदेश मंत्रालय द्वारा प्रायोजित)

न्यूपा में नई पहल 5

केंद्र — राष्ट्रीय स्कूल नेतृत्व केंद्र

राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र

राष्ट्रीय स्कूल नेतृत्व केन्द्र

न्यूपा में स्कूल नेतृत्व के लिए राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना

हाल के वर्षों में शिक्षा प्रणाली में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। मात्रात्मक विस्तार की यह तेज गति सर्व शिक्षा अभियान के (आर.एम.एस.ए.) के प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल प्रणाली में मात्रात्मक सुधार में पहल की एक विस्तृत विविधता के साथ हुआ। यह प्रणाली लगभग 15 लाख स्कूलों को शामिल कर आकार में बहुत बड़ी है, हालांकि राज्य सरकारों की प्रणाली के प्रबंधन में एक केन्द्रीय भूमिका होने के नाते देश भर में कार्य कर रहे बहुत ही विविध संदर्भों वाले स्कूलों का प्रतिनिधित्व एक अपवाद नहीं है। जाहिर है देश में हर स्कूल में सुधार के लिए कोई एक मॉडल नहीं है। आरटीई हर बच्चे के लिए गुणवत्ता स्कूल शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार को अवलंबी बनाता है। प्रणाली में जानकारियां तथा रणनीतियां स्कूल को सुदृढ़ बनाने, प्रभावी कार्यात्मक इकाईयों में बदलने तथा प्रत्येक बच्चे की अधिगम आवश्यकता के लिए व्यक्तिगत रूप से स्कूल केंद्र बिंदु और कार्रवाई की एक इकाई बने। यह परिवर्तन और नवाचार की प्रक्रिया में संलग्न सकारात्मक बदलाव की राह पर स्कूल नेतृत्व प्रदान करने में सक्षम है और स्कूल स्तर पर एक मजबूत नेतृत्व की मांग करता है।

यह विस्तार और विविधीकरण पिछले दो दशकों के दौरान बहुत हुआ है और उच्च शिक्षा के लिए मांग में लगातार वृद्धि का संकेत है, क्या आपूर्ति देश के स्कूलों में दाखिला ले रहे छात्रों की बढ़ती संख्या की आकांक्षाओं और उम्मीदों से मेल खाती है? सिस्टम या गुणवत्ता के प्रावधान के लिए चिंता का विस्तार समता के मुद्दों को नज़रअंदाज नहीं कर सकता। प्रणाली आर्थिक और ऐतिहासिक दृष्टि से सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के छात्रों के लिए एक पर्याप्त ढंग से गुणवता की शिक्षा तक पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए बढ़ानी चाहिए। आय, लिंग, क्षेत्र और निवास के अलावा शैक्षिक योग्यता में असमानताएं, जाति और सामाजिक समूहों से संबंधित हैं। हर स्कूल में इक्विटी के इन मुद्दों का समाधान करने के लिए एक सार्थक और व्यापक ढ़ांचे को विकसित करने की आवश्यकता है। विस्तार उत्कृष्टता और समेकन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सिस्टम का पुनगर्ठन एक कठिन काम है। यह हर स्कूल नेता का कार्यात्मक आदर्श वाक्य हाना चाहिए।

अंतिम विश्लेषण में यह बात सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि प्रणाली और संस्थाओं का नेतृत्व लोग करते हैं, यह अनिवार्य रूप से प्रतिबद्ध और रचनात्मक व्यक्तियों के बिना प्रगति नहीं कर सकता है, जो एक मानवीय प्रयास है। नेताओं को नेतृत्व प्रणाली और संस्थाओं परिवर्तन की परिकल्पना के लिए नया एजेंडा, तरीकों और दृष्टिकोण को त्वरित अपनाना होगा, मानव परिवर्तन के इस एजेंडे को प्राप्त करने के लिए क्या पर्याप्त अवसर और संस्थागत व्यवस्था उपलब्ध हैं?

प्रणाली का विस्तार तेज गति से हो रहा है और कार्यरत शिक्षकों के व्यावसायिक विकास हेतु संस्थागत तंत्र को स्वरूप में लाया गया है, पर व्यावहारिक रूप से संस्थानों और प्रणाली के बेहतर प्रशासन में

कार्यरत संभावित और स्कूल नेताओं की व्यावसायिक अधिगम आवश्यकताओं पर व्यावहारिक रूप से कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रणाली के विस्तार के साथ, प्रबंध संस्थानों में लगे व्यक्तियों की संख्या भी बढ़ गयी है। स्कूल प्रशासन बनने वाले संभावित लोगों के साथ संस्थानों के प्रमुखों के लिए इस तरह के अवसर पैदा करने के लिए एक स्पष्टता की जरूरत है। समय समय पर न्यूपा अभिविन्यास और अनुभवों के आदान प्रदान के लिए स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष स्तर के प्रबंधकों और स्कूलों के प्रमुखों के साथ ही प्रशासकों को एक साथ लाने का प्रयास कर रहा है। इस प्रयास में काफी संवर्धित और एक अधिक स्थिर संस्थागत व्यवस्था के सृजन की आवश्यकता है। इसको ध्यान में रखते हुए, न्यूपा सर्व शिक्षा अभियान और आर.एम.एस.ए. के माध्यम से तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वित्तीय सहायता से एक राष्ट्रीय स्तर की सुविधा के रूप में, *स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व के लिए एक केन्द्र* स्थापित किया है।

इस उद्देश्य के लिए, एनसीएसएल ने अपनी यात्रा शुरु की दी है। एक वर्ष की अवधि में, निम्नलिखित गतिविधियां इस केन्द्र द्वारा आयोजित की गईं:

1. 24 अगस्त, 2012 को स्कूल नेतृत्व पर परामर्शकारी बैठक;
2. 18 सितंबर, 2012 को निजी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ बुद्धिशीलता सत्र;
3. 19 सितंबर, 2012 को केन्द्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बुद्धिशीलता सत्र;
4. 20 सितंबर, 2012 को ग्रामीण और शहरी सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ बुद्धिशीलता सत्र;
5. स्कूल शिक्षा (28-30 जनवरी, 2013) में नेतृत्व और प्रबंधन के लिए मॉड्यूल विकास पर कार्यशाला;
6. आश्रम स्कूल हेड मास्टर (भुवनेश्वर में क्षेत्र आधार पर) के लिए स्कूल आधारित विकास योजनाओं की तैयारी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 22-27 फरवरी, 2013;
7. 20-21 फरवरी, 2013 को इंडिया हैबीटेट सेंटर में स्कूल नेतृत्व पर राष्ट्रीय परामर्श।

राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केन्द्र

न्यूपा में उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केन्द्र की स्थापना

500 विश्वविद्यालयों और 32,000 कॉलेजों के साथ और लगभग 20 लाख नामांकन के साथ (चीन के बाद) भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली संस्थानों की संख्या के मामले में दुनिया में सबसे बड़ी है। वर्तमान में इसमें 7,00,000 शिक्षक हैं। यह प्रणाली अत्यधिक जटिल भी है। इसके अंतर्गत उच्च शिक्षा के विविध संस्थान – केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, मानित विश्वविद्यालय, मुक्त विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, निजी तथा सार्वजनिक महाविद्यालय, उच्च शिक्षा के सामान्य संस्थान तथा अल्पसंख्यक संस्थान सम्मिलित हैं। महिलओं इत्यादि समूहों के लिए निश्चित विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के अलावा कुछ अतिविशिष्ट संस्थान हैं जो अपने अध्ययन के क्षेत्रों को व्यापक रूप से कवर करते हैं। संस्थानों के संदर्भ में, प्रणाली बेहद विविधता रखती है और यह विविधता नामांकन के संयोजन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित है। प्रणाली की जटिलता व्यापक है, क्योंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है। यहाँ केन्द्र सरकार और राज्य सरकार विशिष्ट नीति गठन, योजना, विनिमयन, अनुश्रवण, वित्तपोषण और उसके वितरण सहित सबका उत्तरदायित्व साथ-साथ करती हैं। इसके अतिरिक्त यह विशाल प्रणाली संघ और राज्य सरकारों के सार्वजनिक निकायों तथा स्वायत्त संस्थानों द्वारा नियंत्रित होती है। उच्च शिक्षा में नीति बनाने की एक विस्तृत विविधता, नियामक, कार्यकारी और सलाहकारी निकाय हैं। कुछ राज्यों में संघ तथा राज्य सरकारों एवं उच्च शिक्षा राज्य परिषद के अलावा उच्च शिक्षा में नीति निर्माण के लिए अन्य निकाय भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिनमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय मूल्यांकन तथा प्रत्यापन परिषद, भारतीय चिकित्सा परिषद, भारतीय डेंटल परिषद तथा भारतीय बॉर परिषद इत्यादि निम्नलिखित हैं।

उच्च शिक्षा की व्यवस्था आज़ादी के बाद वास्तव में व्यापक रूप से बढ़ी है, परन्तु इसके साथ ही उच्च शिक्षा से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ गई हैं और इनकी प्रकृति में भी तेजी आई है। पहुंच, समता और गुणवत्ता उच्च शिक्षा की गंभीर समस्याएं हैं जिन पर ध्यान देना बेहद आवश्यक है। उच्च शिक्षा संस्थानों से संबंधित अपर्याप्त सार्वजनिक धन, उच्च शिक्षा की बढ़ती घरेलू लागत तथा निजी संस्थानों में वृद्धि – परोपकारी और लाभ की मांग कुछ अन्य समस्याएं हैं। त्वरित गति से बदलती राष्ट्रीय तथा वैश्विक सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा तकनीकी दशाएं घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार ताकतों का उद्भव, निजीकरण, सूचना तथा संप्रेषण तकनीक में क्रांति तथा वैश्वीकरण की शक्तिशाली तरंगें, अंतर्राष्ट्रीयकरण तथा निगमीकरण समस्या की गंभीरता को और बढ़ाती हैं। संक्षेप में, विकास प्रतिमान बदलते जा रहे हैं और यह बदलाव उच्च शिक्षा के विकास को भी प्रभावित कर रहा है। परिणामस्वरूप, नई सोच तथा नीतियों के पुनगर्ठन और नवाचारी विचारों की आवश्यकता है।

संक्षेप में, भारत में उच्च शिक्षा जबरदस्त चुनौतियों का सामना कर रही है। कई लोगों का मानना है कि, लंबे समय से सुधारों की आवश्यकता है। सबसे अधिक उच्च शिक्षा में दीर्घकालिक सोच तथा विकास पर संप्रेक्ष्य का अभाव व्यापक रूप से महसूस किया जा रहा है।

तद्नुसार, शिक्षा के क्षेत्र में सुसंगत और लगातार लंबे समय, मध्यम और लघु अवधि की योजना का प्रयास शायद ही कभी किया गया हो। राष्ट्रीय आर्थिक योजना के साथ उच्च शिक्षा का नियोजन के लिए भी कभी प्रयास नहीं किया गया। केवल 1966 में शिक्षा आयोग की रिपोर्ट के संदर्भ में तैयार मानवशक्ति योजना के अतिरिक्त स्वतंत्र भारत में कोई भी मानवशक्ति योजना तैयार नहीं की गई।

फिर भी, उच्च शिक्षा समाज के लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय विकास के विभिन्न आयामों पर इसका प्रभाव – सामाजिक आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक कम से कम तकनीकी – बहुत ही महत्वपूर्ण है और यह विकास परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा के विकास – गति और स्वरूप को प्रभावित करता है। एक राष्ट्र जो अपने समाज को आर्थिक रूप से उन्नत करना चाहता है और एक राष्ट्र जो एक मजबूत ज्ञान समाज का निर्माण करना चाहता है वह उच्च शिक्षा की निर्णयकारी भूमिका को मान्यता देता है। आखिरकार, राष्ट्र अपने राष्ट्रीय विकास और अपने स्वयं के अस्तित्व के लिए मजबूत उच्च शिक्षा के आधार पर विश्वास रखते हैं।

मजबूत, जीवंत और टिकाऊ उच्च शिक्षा राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करती है। व्यवस्था की गहन ज्ञान की आवश्यकता को दर्शाती है, किस प्रकार यह पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुई– यहाँ तक कि दशकों और सदियों में, किस प्रकार यह विकास के कई पक्षों में योगदान प्रदान करती हे और इसके विपरीत विकास की मज़बूतियों और कमज़ोरियों तथा उनके निहितार्थों से किस प्रकार प्रमाणित होती है। इस पहलुओं में से कई विषयों पर सुदृढ़ अनुसंधान ज्ञान की आवश्यकता है।

इसके साथ ही, यह भी व्यापक रूप से महसूस किया जा रहा है कि भारत में उच्च शिक्षा के विभिन्न पक्षों पर अनुसंधान बहुत ही सीमित है। वास्तव में, भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों में शैक्षिक नीति, योजना तथा विकास अनुसंधान का महत्वपूर्ण क्षेत्र कभी नहीं रहा है। कई विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभाग इन समस्याओं पर अधिक ध्यान नहीं देते हैं। वह अधिक से अधिक, शिक्षाशास्त्र तथा पाठ्यचर्या पक्षों तक ही सीमित रहते हैं, जो कि स्कूल शिक्षा तक ही सीमित होता है तथा योग्य स्कूल शिक्षकों का उत्पादन एक अन्य महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे वह पूर्ण करते हैं, इसके लिए बहुत ही कम अपवाद हैं। समाज विज्ञान संस्थानों के लिए उच्च शिक्षण में नीति अनुसंधान एक उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र नहीं है, हालांकि कुछ संस्थानों में शैक्षिक नीति मुद्दों पर अनुसंधान हेतु गंभीर प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, जिसे पहले राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के नाम से जाना जाता था, उच्च शिक्षा समेत शैक्षिक नीति पर गंभीर अनुसंधान में संलग्न है। परंतु विविध कार्यों में संलग्न विश्वविद्यालय संकाय की संख्या कम है और इसका फोकस कई अन्य क्षेत्रों पर केन्द्रित है और इसलिये यह शैक्षिक नीति के महत्वपूर्ण क्षेत्र पर विशेष फोकस नहीं कर पाते।

कुल मिलाकर, इस क्षेत्र में अनुसंधान की कमी को देखते हुए भारत में उच्च शिक्षा में ज्ञान का आधार बहुत कमज़ोर है और देश में तथा विदेश में उच्च शिक्षा से संबंधित पक्षों पर समझ बहुत कम है। यह भी ठोस और प्रभावी शैक्षिक नीति बनाने में एक बाधा है।

इस प्रकार, उच्च शिक्षा में उच्च गुणवत्ता अनुसंधान के महत्व को अतिरंजित नहीं किया जा सकता। इस संदर्भ में, यह तथ्य को ध्यान में रखते हुये कि व्याप्त संस्थानों में उच्च गुणवत्ता अनुसंधान सीमित है, न्यूपा में उच्च शिक्षा में नीति अनुसंधान के लिए विशिष्ट अकादमिक संस्थान के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वित्तीय सहायता से एक केन्द्र स्थापित किया है।

पुस्तकालय और सूचना सेवाएं 6



पुस्तकालय और सूचना सेवाएं

ज्ञान और सूचना की साझेदारी

राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों ने शैक्षिक नीतियों, योजना और प्रबंधन से संबंधित मौजूदा और नवीनतम ज्ञान को सुलभ बनाने के लिए श्रृंखलाबद्ध कार्य आरंभ किए हैं। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन के क्षेत्र में ज्ञान, सूचना प्रलेखन और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र द्वारा वर्ष 2012-13 में की गई प्रमुख गतिविधियां निम्नलिखित हैं :

पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र

विश्वविद्यालय का पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र विश्वविद्यालय के संकाय और स्टाफ सदस्यों, देश-विदेश के शोधकर्ताओं, विश्वविद्यालय के एम.फिल. तथा पी.एच.डी. के विद्यार्थियों, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों और अतिथि संकाय सदस्यों तथा पाठकों की सूचना संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन एवं अधिगम केंद्र के रूप में कार्य करता रहा है। पुस्तकालय, विश्वविद्यालय के अध्यापन, अधिगम और शोध में सहयोग के लिए आधुनिक अध्यापन-अधिगम सामग्री, कंप्यूटर तथा इलेक्ट्रानिक सुविधाएं जैसे - आनलाइन संसाधनों तथा आंकड़ा आधार से सुसज्जित है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र कुछ सीडी रोम और आनलाइन डाटाबेस मंगवाता है।

समीक्षित काल में पुस्तकालय में 862 नए पुस्तकों/दस्तावेजों का संग्रह किया गया। वर्तमान वर्ष में पुस्तकालय/प्रलेखन केंद्र के पास संयुक्त राष्ट्र, युनेस्को, ओ.ई.सी.डी, आई.एल.ओ., यूनिसेफ, विश्व बैंक आदि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों और सम्मेलनों की रिपोर्टें इत्यादि के अलावा

55513 पुस्तकों और दस्तावेजों का संग्रह है। समीक्षाधीन वर्ष में पुस्तकालय ने शैक्षिक योजना, प्रशासन, प्रबंधन तथा इससे संबंधित विषयों पर 240 राष्ट्रीय तथा अतंर्राष्ट्रीय जर्नल एवम् पत्रिकाएं मंगाईं। इन पत्र-पत्रिकाओं से 1500 प्रमुख आलेखों का सूचीकरण किया गया। पाठकों की सुविधा हेतु संग्रह को चार खण्डों में विभाजित किया गया है – सामान्य, संदर्भ, श्रृंखला और क्षेत्र अध्ययन संग्रह।

हर पखवाड़े में आने वाली शैक्षिक पत्रिकाओं के लेखों के बारे में पाठकों को जानकारी देते रहने के लिये पुस्तकालय ने अपना पाक्षिक अनुलेखित प्रकाशन – पीरियाडिकल्स आन एजुकेशन : टाइटिल्स रिसीव्ड एंड दियर कंटेंट का प्रकाशन जारी रखा। पुस्तकालय/प्रलेखन केंद्र में आनेवाले प्रकाशनों की कंप्यूटर से मासिक सूचियां भी तैयार की जाती हैं ताकि इससे पाठकों को उनकी रुचि के दस्तावेजों, लेखों और नई सामग्रियों की जानकारी मिलती रहे। पुस्तकालय ने संस्थान के अकादमिक विभागों और शोध-परियोजनाओं के अध्ययन दलों को नई सूचनाएं उपलब्ध कराई ताकि वे उसका उपयोग कर सकें। इस अवधि में पुस्तकालय ने संस्थान के विभिन्न कार्यकलापों के लिए संदर्भ सूचियां तैयार कीं। आलेख और रिपोर्ट जैसे संदर्भ सामग्री हेतु उपयोगकर्त्ताओं को भुगतान के आधार पर फोटोकापी सुविधा प्रदान की गई। संदर्भ सामग्री के लिये यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। समीक्षाधीन वर्ष में पुस्तकालय ने 6,435 जर्नलों को उपयोगकर्त्ताओं को सूचना प्रदान करने के लिए जिल्द में तैयार किए। न्यूपा ने तीन आनलाईन डाटाबेस एलसेवियर डाटाबेस, सेज एजुकेशननल डाटाबेस तथा जे.स्टोर खरीदे। न्यूपा पुस्तकालय पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत है। पुस्तकालय मल्टी-मीडिया संसाधन केंद्र है। पुस्तकालय में अमुद्रित सामग्री के रूप में वीडियो कैसेट, आडियो कैसेट, फिल्म, माइक्रो-फिल्म, माइक्रोफिच तथा सी.डी. सम्मिलित हैं। यह लिबसिस साफ्टवेयर का प्रयोग कर रहा है जो एकीकृत बहुप्रयोक्ता पुस्तकालय प्रंबधन प्रणाली है। सभी डाटाबेस लिबसिस साफ्टवेयर में रखे जाते हैं। इसमें माड्यूल कैटलागिंग, एक्यूसेशन, सरकुलेशन, सीरियलस, आर्टिकल इंडेकसिंग तथा ओपेक सम्मिलित हैं। नवीनतम प्राप्त पुस्तकों के साथ दैनिक आधार पर पुस्तकों का डाटाबेस का अघतन किया जाता है। पुस्तकालय का ओपेक (आन लाइन पब्लिक एक्सेस कैटलाग), लैन (लोकल एरिया नेटवर्क) के जरिए संकाय को उनके डेस्क पर संदर्भ ग्रंथ खोजने की सुविधा प्रदान करता है।

वेब ओपेक (आन लाईन जन पहुंच पुस्तक सूची) पुस्तकालय की नवीनतम प्राप्तियों की सूची भी प्रयोक्ता को सुलभ करता है और साथ ही उन्हें प्रयुक्त सामग्री और उपयोगी सामग्री को आरक्षित करने की सुविधा आदि भी उपलब्ध करता है। न्यूपा पुस्तकालय 'डेलनेट' से जुड़ा है जिससे कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संसाधनों की साझेदारी को प्रोत्साहन मिले।

न्यूपा पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र में उपलब्ध शैक्षिक योजना एवं प्रशासन से संबंधित अधिकारिक दस्तावेजों के व्यापक संग्रह के महत्व को देखते हुए विश्वविद्यालय पुस्तकालय ने आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए ऐसे दस्तावेजों और प्रलेखों को डिजीटल रूप में तैयार करने की परियोजना आरंभ किया है। यह उम्मीद है कि इससे देश में शिक्षा पर एक व्यापक आन लाइन अभिलेखीय सूचना स्रोत स्थापित होगा।

शैक्षिक अभिलेखों का डिज़ीटल अभिलेखागार

न्यूपा में एक डिज़ीटल अभिलेखागार को विकसित किया जा रहा है जिससे कि भारत में शिक्षा के सभी पक्षों, क्षेत्र तथा प्रत्येक स्तर पर संदर्भ के स्त्रोत और अनुसंधान के लिये दस्तावेज़ सॉफ्टकापी के रूप में प्राप्त हो सके।

नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी के रूप में उच्च स्तरीय स्वचालित डिज़ीटल स्कैन का उपयोग डिज़ाईन, संग्रह और डिज़ीटल दस्तावेज़ों की पुन: प्राप्ति के लिये इस्तेमाल किया जा रहा है। इस डिज़ीटल अभिलेखागार में प्रयोक्ता सुलभ बहुखोजी विकल्पों के साथ अंतर्निहित उपयोगों सहित सॉफ्टवेयर उपलब्ध है।



प्रलेखन केंद्र

न्यूपा पुस्तकालय में शैक्षिक योजना और प्रबंधन प्रशासन पर 20,000 से अधिक का वृहद और महत्वपूर्ण संग्रह है। पुस्तकालय में विदेशी और भारतीय सहित 250 मुद्रित जर्नलों के साथ सेज़ शिक्षा संग्रह ऑनलाईन, एलसेवियर तथा जे.स्टोर ऑनलाईन डाटाबेस उपलब्ध है। पुस्तकालय के संग्रह में केन्द्र और राज्य सरकारों के प्रकाशनों के अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रकाशन भी सम्मिलित हैं। केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के प्रकाशनों में राज्य तथा जिला जनगणना रिपोर्ट, राज्य तथा जिला गज़ट, केन्द्रीय तथा राज्य विश्वविद्यालयों के अधिनियम तथा विधान, जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम तथा सर्व शिक्षा अभियान, राज्यों के लिये सांख्यिकी पुस्तिकाऐं, अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण, आर्थिक सर्वेक्षण आयोग तथा समिति की रिपोर्ट, राज्य आर्थिक सर्वेक्षण, राज्य शैक्षिक योजनाएं, राज्य मानव संसाधन विकास रिपोर्टें, तथा पंचवर्षीय योजनाएं सम्मिलित हैं।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के अन्य अध्ययन जैसे अनुसंधान अध्ययन, समसामयिक आलेख श्रृंखला, विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्टें (1962-2011), प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्टें, विभिन्न मंत्रालयों की रिपोर्टें, अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना संस्थान, पेरिस की रिपोर्टें भी उपलब्ध हैं। प्रलेखन केन्द्र में शैक्षिक योजना और प्रशासन पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा पर शोध अध्ययनों का एक समृद्ध संग्रह है। अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, पेरिस के प्रकाशनों का संग्रह-केन्द्र है। इसके पास अ-पुस्तक पाठ्य सामग्री जैसे इंडैक्सिंग डाटाबेस, भारत की जनगणना, राज्य मानव संसाधन विकास केन्द्र और शिक्षा तथा इसे जुड़े संबंधित क्षेत्रों पर अन्य प्रकाशनों पर संग्रह है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रलेखन केन्द्र ने अपने उपलब्ध दस्तावेज़ों में 159 दस्तावेज़ो का संग्रह किया।

प्रलेखन केन्द्र लिबसेस सॉफ्टवेयर 4.0 (आर.ई.एल. 6.9) के प्रयोग द्वारा पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत है। इसके अतिरिक्त ऑनलाईन पब्लिक एक्सेस कैटालॉग और इलैक्ट्रानिक डाटाबेस की पहुंच, विभिन्न सूचना संसाधनों तथा सेवाओं के साथ, उपयोगकर्त्ता को उसके डेस्कटॉप तक पहुंचाई जाती है। इसके अतिरिक्त, इसका समृद्ध संग्रह, विस्तृत सरणी और विविध सेवाएं तथा सुविधाएं देश के विभिन्न भागों से तथा विदेशों से भी उपयोगकर्ताओं को इसके संसाधन और सेवाओं का प्रयोग करने के लिये आकर्षित करता है। प्रलेखन केन्द्र में अध्ययन के लिये आरामदायक, शांतियुक्त तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण है और यह सुसज्जित प्रकाश, वातानुकूलन और जनरेटर बैक-अप सुविधायुक्त है। प्रलेखन केन्द्र की पठन सुविधाओं का प्रयोग संकाय, विश्वविद्यालय के शोधकर्त्ताओं, डेपा एवं आईडेपा के भागीदार तथा आगन्तुक संकाय द्वारा बहुतायत में प्रयोग किया जाता है। प्रलेखन केन्द्र पूरे वर्ष सोमवार से शनिवार तक खुला रहता है।

डिज़ीटल संसाधनों की पहुंच

इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय संकाय तथा अनुसंधानविद्ों के बीच विभिन्न प्रकार की सूचना की साझेदारी, संपर्कता, सहभाजन के लिए इंटरनेट गतिविधियों को सुदृढ़ तथा विकसित किया गया है। यह सूचना तथा ज्ञान का संग्रह, सृजन, हस्तांतरण तथा एकीकरण करता है। इसके डिज़ीटल संसाधन जैसे पुस्तकें, आलेख, अनुसंधान अध्ययन, समसामयिक आलेख श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट, सम्मेलन संगोष्ठी के कार्यकलाप, विख्यात शिक्षाविद् व्याख्यान श्रृंखला, दृश्य-श्रव्य व्याख्यान, समिति तथा समिति रिपोर्टें, इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। यह सभी संसाधन पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र के वेब पृष्ठ [http://www.nuepa.org/libdoc/index.html] पर भी उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त नई प्राप्तियों की सूची, नए जर्नलों तथा बंद किऐ जाने वाले जर्नलों की सूची, पाक्षिकों के वर्तमान घटक; जे. स्टोर तथा ऑनलाईन जर्नल डाटाबेस का सम्पूर्ण टेक्स्ट एक्सेस; संदर्भग्रंथ सूची - मांग पर प्रेस कतरनें, साहित्य की खोज तथा इलैक्ट्रानिक दस्तावेज़ वितरण प्रणाली (ई.डी.डी.एस.) के लिये इंटरनेट के माध्यम से चौबीस घंटे की पहुंच पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र को विस्तारित की गई हैं। इससे अंत: पुस्तकालय ऋण तथा डेलनेट के माध्यम से पुस्तकों, दस्तावेज़ों, आलेखों, इत्यादि के लिये प्रयोगकर्त्ता की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सुदृढ़ीकरण हुआ है।

कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं 7

कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

कंप्यूटर केंद्र विश्वविद्यालय की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है। कैम्पस नेटवर्क आधार तथा इसके सक्रिय संघटकों को कंप्यूटर केंद्र द्वारा संचालित, रखरखाव तथा नियंत्रित किया जाता है। कंप्यूटर केंद्र एन.एम. ई.आई.सी.टी परियोजना के अंतर्गत एन.आई.सी/एम.टी.एन.एल. द्वारा प्रदान की गई 1 जी.बी.पी.एस ऑप्टिकल फाइबर इंटरनेट संपर्कतता से सुसज्जित है। कंप्यूटर केंद्र सभी स्टाफ सदस्यों, प्रशिक्षुओं, परियोजना स्टाफ, कार्यक्रम भागीदारों, अनुसंधानविदों को कंप्यूटर सुविधा तथा इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराता है। नेटवर्क संसाधानों का प्रयोग करने हेतु सभी स्टाफ सदस्यों तथा संकाय सदास्यों को उच्च गति वाली इंटरनेट संपर्कतता तथा नेटवर्क प्वाइंट प्रदान किये गये हैं। न्यूपा डोमेन पर सभी स्टाफ तथा संकाय सदस्यों को व्यक्तिगत ई-मेल खाता की सुविधा दी गई है। कुलपति तथा अन्य सभी संकाय सदस्यों के निवास पर ब्राड-बैन्ड इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराई गई है। सभी स्टाफ सदस्यों तथा संकाय को डैस्कटाप कंप्यूटर सुविधा दी गई है। कंप्यूटर केंद्र की सुविधाएं बिना किसी व्यावधान के लगातार 12 घंटे उपलब्ध रहती हैं। कंप्यूटर केन्द्र पर विश्वविद्यालय के अपने कंप्यूटरों तथा संबंधित उपकरणों के रखरखाव की जिम्मेदारी है जिसे वारंटी या वार्षिक रखरखाव संविदा के तहत किया जाता है।

कंप्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय की दैनिक अकादमिक तथा गैर अकादमिक गतिविधियों में सूचना प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने हेतु सुविधाएं प्रदान करता है। कंप्यूटर केंद्र विभिन्न प्रकार के नवीनतम कंप्यूटर और प्रिंटरों तथा मल्टी-फंक्शन डिवाईज़ेज से सुसज्जित है। विश्वविद्यालय के सभी तलों पर सभी कमरे लोकल एरिया नेटवर्क (विंडोज़ 2008 आपरेटिंग सिस्टम सहित) से जुड़े हुए हैं।

न्यूपा भवन से न्यूपा हास्टल को उच्च गति इंटरनेट संपर्कतता उपलब्ध कराई गई है। न्यूपा छात्रावास के सभी तलों पर अतिथियों के लिये प्रमाणित तथा सुरक्षित वाई-फाई संपकर्तता उपलब्ध-कराई गई है।

यह केंद्र अकादमिक एककों को प्रशिक्षण, अनुसंधान, मात्रात्मक आंकड़ा विश्लेषण और प्रणाली स्तर के प्रबंधन संबंधी मुद्दे तथा दूसरे कार्यकलापों में सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त गैर-अकादमिक एककों जैसे – पुस्तकालय, प्रशासन तथा वित्त विभागों को भी सहायता प्रदान की जाती है। संस्थान की डाटा प्रोसेसिंग तथा वर्ड प्रोसेसिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा कंप्यूटर केंद्र विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों/कार्यक्रमों के लिए अन्य विशिष्ट कंप्यूटर आधारित सेवाएं प्रदान करता है।

लेखा अनुभाग को भी कंप्यूटर अनुप्रयोग के लिए समर्थन दिया जाता है। इसमें शामिल है, वेतन पर्ची, आयकर गणना, पेंशन, भविष्य निधि गणना आदि। इसके लिए एस पी एस एस सांख्यिकी पैकेज नेटवर्क वर्जन सर्वर के साथ स्थापित किया गया है ताकि प्रयोगकर्त्ता नेटवर्क पर गणना कर सकें। कंप्यूटर केंद्र दैनिक गतिविधियों के लिये ओपन स्रोत साफ्टवेयरों को प्रोत्साहन देता है।

प्रकाशन कार्यक्रम 8

प्रकाशन कार्यक्रम

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का प्रकाशन एकक विश्वविद्यालय द्वारा की गई शोध और विकास गतिविधियों के निष्कर्षों के प्रकाशन और प्रसारण द्वारा ज्ञान की साझेदारी संबंधी कार्यकलापों का अनुसमर्थन व्यापक स्तर पर लिए करता रहा। विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को पूरा करने के अनुक्रम में प्रकाशन एकक समसामयिक आलेख/जर्नल/पाक्षिक न्यूजलेटर, पुस्तकें, एम.फिल. और पी-एच.डी. की विवरणिका और प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेण्डर प्रकाशित करता है। यह विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों के शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षणों की रिपोर्टों की श्रृंखला भी प्रकाशित करता है। प्रकाशन एकक कंप्यूटरों तथा प्रिंटरों से सुसज्जित है और विश्वविद्यालय के डीटीपी कार्य भी करता है।

वर्ष 2012-13 के अंतर्गत विश्वविद्यालय की कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन निकाले गए — जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (अंग्रेजी), परिप्रेक्ष्य (हिंदी) और एंट्रीप न्यूज लेटर, एम. फिल तथा पी-एच.डी. कार्यक्रमों की विवरणिका तथा पाठ्यचर्या गाईड। विश्वविद्यालय ने अनेक शोध और संगोष्ठियों/सम्मेलनों की रिपोर्टें पुस्तक और मोनोग्राफ के रूप में प्रकाशित की। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय ने निम्नांकित प्रमुख प्रकाशन निकाले :

जर्नल

- जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, जिल्द XXVI अंक 1, जनवरी 2012
- जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, जिल्द XXVI अंक 2, अप्रैल 2012
- जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, जिल्द XXVI अंक 3, जुलाई 2012
- जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, जिल्द XXVI अंक 4, अक्तूबर 2012
- परिप्रेक्ष्य (शैक्षिक योजना और प्रशासन का सामाजिक-आर्थिक संदर्भ पर हिंदी जर्नल), वर्ष XVII अंक 1,अप्रैल 2011
- परिप्रेक्ष्य (शैक्षिक योजना और प्रशासन का सामाजिक-आर्थिक संदर्भ पर हिंदी जर्नल), वर्ष XVII अंक 2, अगस्त 2011
- परिप्रेक्ष्य (शैक्षिक योजना और प्रशासन का सामाजिक-आर्थिक संदर्भ पर हिंदी जर्नल), वर्ष XVII अंक 3, दिसम्बर, 2011

एनट्रीप न्यूजलेटर: समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एनट्रीप (एशियन नेटवर्क ऑफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशंस इन एजुकेशनल प्लानिंग) न्यूजलेटर के - जिल्द XVI, अंक 2, जुलाई-दिसम्बर, 2011 तथा जिल्द XVII, अंक-1, जनवरी-जून, 2012 प्रकाशित किए गए।

समसामयिक आलेख: वर्ष 2012-13 के दौरान निम्नलिखित समसामयिक आलेख प्रकाशित किए गए:

- न्यूपा समसामयिक आलेख सं. 41: जेंडर एंड स्कूल पार्टिसिपेशन : एविडेन्सेस फ्रॉम एम्पिरिकल रिसर्च इन मध्यप्रदेश एंड छत्तीसगढ़ : मधुमिता बंद्योपाध्याय, नई दिल्ली, न्यूपा, पृष्ठ 48
- न्यूपा समसामयिक आलेख सं. 42 : इमरजिंग इश्यूज एट सेकेण्ड्री लेवल : फोकस आन प्राईवेट स्कूल इन मध्य प्रदेश, इंडिया : मंजू नरूला, न्यूपा, नई दिल्ली, पृष्ठ 49

नि:शुल्क प्रकाशन: समीक्षाधीन वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा निम्नांकित नि:शुल्क प्रकाशन निकाले गये :

- एलिमेंट्री एजुकेशन इन इंडिया : व्हेयर डू वी स्टेंड? डिस्ट्रिक्ट रिपोर्ट कार्ड्स 2009-10 (जिल्द I तथा II)
- एलिमेंट्री एजुकेशन इन इंडिया : व्हेयर डू वी स्टैंड? स्टेट रिपोर्ट कार्ड 2009-10
- फ्लैश स्टैस्टिक्स 2010-11
- सेकेण्ड्री एजुकेशन मैनुअल (प्लानिंग एंड एप्रेसल मन्यूअल): एस.एम.आई.ए. ज़ैदी
- न्यूपा कैलेंडर आफ ट्रेनिंग प्रोग्राम्स 2012-13 (अंग्रेजी)
- न्यूपा प्रशिक्षण कार्यक्रम 2012-13 (हिंदी)
- एजुकेशन फार ऑल - स्टेट्स एंड ट्रेंड्स
- एनुवल रिपोर्ट 2011-12 (अंग्रेजी)
- वार्षिक रिपोर्ट 2011-12 (हिंदी)
- डी-सेन्ट्रिंग यूरोपियन लिबरेलिज़म इन इंडियास डेमोक्रेटिक स्ट्रगल्स : प्रो. आमिंया के. बागची (तृतीय मौलाना आज़ाद व्याख्यान)
- प्रास्पेक्ट्स (एम.फिल. और पी-एच.डी. कार्यक्रम) 2013-14
- विवरणिका (एम.फिल तथा पी.एच.डी. कार्यक्रम), 2012-13
- पाठ्यचर्या गाईड
- वार्षिक योजना बुकलेट 2013
- सिंगल शीट प्लानर 2013
- डेस्क कैलेण्डर 2013

- प्रकाशन सूची
- ग्रीटिंग कार्ड
- राईटिंग पैड
- डॉकेट फोल्डर
- डेपा, आईडेपा तथा अन्य विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए घोषणा पत्र
- न्यूपा फोल्डर



मिमियोग्राफ प्रकाशन : समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय ने विभिन्न अनुसंधान अध्ययनों, समसामयिक आलेखों, न्यूपा द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों /संगोष्ठियों की रिपोर्टें/प्रशिक्षण सामग्री/मिमियोग्राफ प्रकाशित किए।

न्यूपा वेबसाइट को योगदान : न्यूपा ने ज्ञान और सूचना के वृहद प्रचार-प्रसार के लिए वेबसाइट का निर्माण किया है। प्रकाशन विभाग ने अपने प्रकाशनों से संबंधित निम्नांकित सूचनाएं अपलोड करने हेतु उपलब्ध कराई है : न्यूपा के समूल्य तथा नि:शुल्क प्रकाशनों की वृहद सूची तथा न्यूपा के लिए निजी प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की सूची; जेपा के वर्तमान तथा भविष्य के अंकों के बारे में सूचना; न्यूपा प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेंडर; प्रेस विज्ञापन तथा एम.फिल और पी-एच.डी. प्रोग्राम; एमिनेन्ट स्कॉलर लेक्चर सीरीज के बारे में सूचनायें; न्यूपा में दिए गए महत्वपूर्ण संभाषण एवं व्याख्यान; निगम ज्ञापन और नियम (न्यूपा); हिंदी जर्नल परिप्रेक्ष्य; न्यूपा समसामयिक आलेख को अपलोड करना; एंट्रीप न्यूजलेटर को अपलोड करना; न्यूपा वार्षिक रिपोर्ट (अंग्रेजी तथा हिंदी संस्करणों) 2011-12।

9 न्यूपा में सहायता अनुदान योजना

न्यूपा में सहायता अनुदान योजना

कार्य योजना के विस्तार के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न मानकों का क्रियान्वयन हेतु उद्देश्यों का वृहद प्रचार आवश्यक है तथा गैर सरकारी संगठनों तथा स्वैच्छिक एजेंसियों तथा सामाजिक संगठनों के साथ निकटतम सहयोग आवश्यक है। नीति के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वयन हेतु, राष्ट्रीय तथा स्थानीय स्तर पर समर्थन व्यवस्था समेत अंत:शास्त्रीय उपागम आवश्यक है।

इस संदर्भ में ये आवश्यक हैं: (अ) देश में शैक्षिक नीतियों तथा कार्यक्रमों के प्रति वृहद जागरूकता पैदा करना, (ब) नीति उन्मुख अध्ययनों तथा संगोष्ठियों को आरंभ करना तथा मध्य-पाठ्यक्रम सुधार, संशोधन तथा नीति हस्तक्षेपों के साथ समायोजन संबंधित विषयों और संदर्भों पर (स) अध्यापकों, छात्रों, युवाओं तथा महिलाओं और संचार माध्यमों को प्रायोजित संगोष्ठी के आयोजन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके साझा मंच प्रदान करना। (द) शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी तथा अच्छे व्यवहार एवं सफल प्रयोग को बढ़ावा देना (य) राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्य योजना।

उपरोक्त प्रयोजन के लिये, मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार ने सहायता अनुदान कार्यक्रम कार्यान्वित किया है जिसके अंतर्गत योग्य संस्थानों तथा संगठनों को वित्तीय सहायता शिक्षा नीति के प्रबंधन तथा क्रियान्वयन पक्ष पर सीधे प्रभाव डालने वाली गतिविधियों के आधार पर प्रदान की जायेगी। इसके अंतर्गत सम्मेलनों का आयोजन, प्रभावी तथा मूल्यांकन अध्ययन, सर्वोत्तम विकल्पों पर परामर्शकारी अध्ययन, भारत सरकार को सलाह देने हेतु तथा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु मॉडल, विडियो फिल्म इत्यादि का निर्माण सम्मिलित हैं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय के माध्यम से यह योजना संचालित की है जो सहायता अनुदान समिति के द्वारा इसे संचालित करता है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की सहायता अनुदान योजना के तहत विभिन्न संस्थानों से प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन तथा अनुमोदन के लिए एक समिति का गठन किया गया है। 31 मार्च, 2013 के अनुसार इस समिति के निम्नांकित सदस्य हैं:

1.	प्रोफेसर प्रमिला मेनन	–	अध्यक्ष
2.	प्रोफेसर ए. के. शर्मा	–	सदस्य
3.	प्रोफेसर सुदेश मुखोपाध्याय	–	सदस्य
4.	डा. के. बिस्वाल	–	सदस्य
5.	डा. विनीता सिरोही	–	सदस्य
6.	डा. रेनू बत्रा	–	सदस्य
7.	श्री जी.एस. बोथ्याल	–	सदस्य
8.	डा. विनोद कुमार सिंह	–	सदस्य सचिव

समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत समिति ने निम्नांकित सहायता अनुदान की संस्तुति प्रदान की। जिससका विवरण नीचे तालिका में प्रस्तुत है :

क्र . सं.	संगठन का नाम	परियोजना का शीर्षक	स्वीकृत सहायता अनुदान राशि
1.	नागरिकता विकास समिति, (नई दिल्ली)	'नागरिकता की स्थिति तथा भारतीय स्कूल व्यवस्था में मूल्य शिक्षा' पर संगोष्ठी	रु. 2,50,000/-
2.	केन्द्रीय शैक्षिक संस्थान, आई. आई.टी. खड़गपुर (पश्चिम बंगाल)	'व्यावसायिक विकास तथा शैक्षिक नेतृत्व' पर अल्प-कालीन पाठ्यक्रम	रु. 3,00,000/-
3.	चौपाल ग्रामोत्थान समिति, छतर पुर, (मध्य प्रदेश)	शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के संदर्भ में राज्य शैक्षिक नीतियों तथा उनकी भूमिकाओं के बारे में नवीनतम गठित विद्यालय प्रबंधन समिति के क्षमता निर्माण' पर संगोष्ठी	रु. 2,50,000/-
4.	कैवल्याधामा, एस.एम.वाय.एम. समिति लोनावला, (पुणे)	'योग तथा युवा : परंपरागत तथा समकालीन संप्रेक्ष्य' पर संगोष्ठी	रु. 5,00,000/-
5.	शिवा शिव सेवाश्रम समिति, (मध्य प्रदेश)	एन.सी.ई.आर.टी. के संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता और स्कूली बच्चों में मूल्यों से शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर सम्मेलन	रु. 3,00,000/-
6.	भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद (उ. प्र.)	'35वाँ भारतीय सामाजिक विज्ञान कांग्रेस पर' सम्मेलन	रु. 3,00,000/-
7.	राजौरिया शिक्षण प्रसार समिति, मोरेना (मध्य प्रदेश)	'प्राथमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पोषण समर्थन कार्यक्रम: पक्ष-विपक्ष तथा प्रभाव' पर संगोष्ठी	रु. 3,00,000/-
8.	नवोदय महिला मंडली, अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)	'शैक्षिक नीति और ग्रामीण क्षेत्रों पर इसका प्रभाव'' पर संगोष्ठी	रु. 3,00,000/-
9.	बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)	गृह वैज्ञानिकों के लिए नवाचारी ज्ञान-सीमा तथा उभरते हुए मुद्दों पर भारतीय गृह-विज्ञान संघ का 29वां द्वि-वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन, 4-6 नवंबर, 2011	रु. 3,00,000/-
10.	मानव सेवा संस्थान, फतेहपुर, (उत्तर प्रदेश)	आर.टी.ई. एक्ट 2009 के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रासंगिकता-प्रयास तथा प्रभाव पर संगोष्ठी	रु. 3,00,000/-
11.	शांति एवं सामाजिक कल्याण संगठन, कुरनूल	'हिंसा की रोकथाम और शारीरिक दंड तथा बच्चों के अनुकूल स्कूलों की रचना' पर संगोष्ठी	रु. 2,50,000/-

